e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 92
बुधवार
05.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
बरसात में भीगने से लिबास बदल जाते है, और पसीने में भीगने से इतिहास रचे जाते है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**
इफ्तार (05/04/23) 06:07
सेहरी (06/04/23) 04:13

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

# सिक्किम में हिमस्खलन, 7 पर्यटकों की मौत, 11 घायल

## 150 से अधिक पर्यटक फंसे, 30 को बचाया गया

एजेंसी

**नई दिल्ली:** सिक्किम के नाथुला इलाके में मंगलवार को हुए हिमस्खलन में सात पर्यटकों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। वहीं, करीब 80 पर्यटकों के अंदर फंसे होने की आशंका है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बता दें कि घायलों को राज्य की राजधानी गंगटोक के अस्पताल में ले जाया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव और निकासी अभियान जारी है। मालूम हो कि नाथुला पास चीन की सीमा पर स्थित है और अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण एक प्रमुख पर्यटन स्थल है।जानकारी के अनुसार, नाथुला इलाके में मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर हिमस्खलन हुआ। घटना के बाद, छह लोगों ने नजदीकी सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। मरने वालों में चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गंगटोक को नाथुला से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू रोड पर हिमस्खलन हुआ है। पुलिस के अनुसार,150 से अधिक पर्यटक अभी भी घटनास्थल से आगे फंसे हुए हैं। इस बीच, बर्फ में फंसे 30 पर्यटकों को बचा लिया गया है और उन्हें गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल और सेंट्रल रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, फिलहाल सिक्किम पुलिस, सिक्किम के ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन, पर्यटन विभाग के अधिकारियों और वाहन चालकों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है।चेकपोस्ट के महानिरीक्षक सोनम तेनजिंग भूटिया के अनुसार पास केवल 13वें मील के लिए जारी किए जाते हैं, लेकिन पर्यटक बिना अनुमति के 15वें मील की ओर जा रहे हैं। यह घटना 15वें मील में हुई।

### सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सिक्किम के नाथूला में हिमस्खलन की चपेट में आने से कुछ लोगों की मृत्यु तथा कई लोगों के फंसे होने का दुखद समाचार मिला है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार जनों को दुख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। हिमस्खलन में फंसे लोगों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। सीएम ने इस मामले को लेकर ट्वीट किया।



**एनडीआरएफ की और टीमों की आवश्यकता नहीं:** एनडीआरएफ के मुताबिक,डीएम गंगटोक से प्राप्त टेलीफोनिक जानकारी के अनुसार, सभी पर्यटकों और पर्यटक वाहनों का आंकलन कर लिया गया है। अभियान फिलहाल रोक दिया गया है। एनडीआरएफ की और टीमों की आवश्यकता नहीं है। हताहत पर्यटकों का विवरण बाद में साझा किया जाएगा। हालांकि, सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार, 12 पर्यटकों का सोचागंग में इलाज चल रहा है और सात की कथित तौर पर मौत हो गई है।



**गंगटोक-नाथुला रोड पर एक और भूस्खलन:** भारतीय सेना ने बताया कि गंगटोक-नाथुला रोड पर शाम 5.35 बजे उसी स्थान पर एक और भूस्खलन हुआ। हिमपात भी शुरू हो गया है जिससे बचाव अभियान में दिक्कत आ रही है। अधिक भूस्खलन के डर से जिला प्रशासन द्वारा बचाव और तलाशी अभियान बंद कर दिया गया है।



### प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने कहा घटना से व्यथित हूं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि सिक्किम में हिमस्खलन से व्यथित हूं। उन लोगों के प्रति संवेदना, जिन्होंने अपनों को खोया है। मुझे उम्मीद है कि घायल जल्द ही ठीक हो जाएंगे। बचाव अभियान जारी है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सिक्किम में हिमस्खलन में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं और एनडीआरएफ की टीमें जल्द ही प्रभावित इलाके में पहुंचेंगी। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

# पीएम मोदी ने भूटान नरेश के साथ की वार्ता



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ वार्ता की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान में सामाजिक-आर्थिक सुधारों के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय संबंधों और राष्ट्रीय हित के सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक तीन दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। उनकी यात्रा से संबंधित एक विशेष पत्रकार वार्ता में विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि भारत और भूटान के रिश्तों का मूलभूत आधार प्रगाढ़ मित्रता, सकारात्मक दृष्टिकोण, सहयोग और सहकार्य है। उन्होंने बताया कि भूटान नरेश और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वार्ता के दौरान आज द्विपक्षीय और राष्ट्रीय हितों के सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री और भूटान नरेश के बीच हुई बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि भारत भूटान की आगामी 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए अपनी मदद बढ़ायेगा। भारत एक अतिरिक्त स्टैंडबाय क्रेडिट सुविधा का विस्तार करने के लिए काम करेगा। भूटान से कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए दीर्घकालिक टिकाऊ व्यवस्था को आकार देने के लिए काम करेंगे। साथ ही पेट्रोलियम और कोयला जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक द्विपक्षीय व्यवस्था विकसित करने के लिए भी काम करेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने भारत- भूटान और चीन सीमा के मुद्दे पर कहा कि भारत राष्ट्रीय हित को प्रभावित करने वाले घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखे हुए है और सभी आवश्यक उपाय किए जायेंगे।

भारत उन सभी घटनाक्रमों पर बहुत बारीकी से नज़र रखता है, जिनका हमारे राष्ट्रीय हित पर प्रभाव पड़ता है और हम उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक सभी आवश्यक उपाय करेंगे।

## क्विक न्यूज

### डायन बिसाही मामले में वृद्ध दंपति को सिर मुड़वा कर पूरे गांव में घुमाया

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत औरसा पंचायत के भेड़ीगंझार में एक वृद्ध दंपत्ति को डायन बिसाही के आरोप में सिर मुड़वा कर पूरे गांव में घुमाया गया। जानकारी होते ही महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव,अंचल निरीक्षक गौतम कुमार लकड़ा व कनीय अभियंता आशीष कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। गांव वालों ने इन अधिकारियों को बताया कि कुछ दिन पहले गांव में एक महिला की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद रामनवमी के दिन नशे में धुत होकर लाली देवी मृतिका के घर पहुंची। नशे की हालत मे खुद को डायन बताकर मृतिका के मौत का कारण खुद को बताने लगी। जिसके बाद दूसरे ही दिन गांव के लोगों ने मिलकर एक मीटिंग की। जहां लाली देवी और उसके पति धनेश्वर नगेसिया को भी बुलाया गया। जहां फिर से लाली देवी अपने आप को डायन बताने लगी। जिसके बाद गुस्साए भीड़ के लोगों ने धनेश्वर नगेसिया और उसकी पत्नी लाली देवी की पिटाई कर दी। इसके बाद मीटिंग में उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों ने दंपति सिर मुड़वा दिए और पूरे गांव में घुमाया गया। जांच के बाद थाना प्रभारी आशुतोष यादव पीड़ित दंपत्ति को अपने साथ ले आए। जहां पीड़ित दंपत्ति के फर्द बयान दर्ज करा लिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया की घटना की जांच की जा रही है। जांच के दौरान कुछ लोगों को चिन्हित किया गया है। साथ ही घटना में शामिल लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बंगाल: राज्यपाल ने हुगली के हिंसा प्रभावित इलाकों का किया दौरा

**हुगली :** दार्जिलिंग से कोलकाता पहुंचने के बाद पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने मंगलवार को हुगली जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया।उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियों की ओर से ठोस कार्रवाई होगी। हम उपद्रवियों को कभी भी कानून हाथ में नहीं लेने देंगे। पुलिस उन पर भारी पड़ेगी। बंगाल लंबे समय से पीड़ित है, हम इसे अंतिम रूप देंगे। स्थिति का आकलन करने के लिए राज्यपाल ने वरिष्ठ जिला पुलिस अधिकारियों और हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के साथ बातचीत की। राज्यपाल श्रीरामपुर में लेवल क्रॉसिंग नंबर-4 पर सीधे गए, जहां सोमवार रात हिंसा की घटना हुई थी। मंगलवार सुबह रिसड़ा और श्रीरामपुर के पूरे इलाके में धारा-144 लागू कर दी गई। उल्लेखनीय है कि रिसड़ा में रविवार को रामनवमी के जुलूस के दौरान भड़की हिंसा सोमवार को भी जारी रही थी।

### भारत को विश्व शक्ति के रूप में मिली नई पहचान : कोविंद

**चंडीगढ़:** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि आज भारत विश्व शक्ति बन चुका है। भारत की बढ़ी हुई शक्ति का ही प्रमाण है कि हम रूस-युक्रेन युद्ध के बीच वहां से अपने 23 हजार ये अधिक विद्यार्थियों को सकुशल वापिस लेकर आए। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद पानीपत टीडीआई सिटी में मंगलवार को भगवान महावीर जयंती के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारत की बढ़ी ताकत अहिंसा एवं सर्वकल्याण की भावना है।

# राजस्थान बना राइट टू हेल्थ लागू करने वाला देश का पहला राज्य



एजेंसी

**जयपुर :** सीएम अशोक गहलोत ने घोषणा करते हुए बताया कि राइट टू हेल्थ लागू करने वाला देश का पहला राज्य राजस्थान बन गया है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि राइट टू हेल्थ पर सरकार व डॉक्टर्स के बीच अंततः सहमति बनी एवं राजस्थान राइट टू हेल्थ लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। सीएम अशोक गहलोत ने ट्वीट कर इस बारे में जानकारी दी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर बताया कि मुझे प्रसन्नता है कि राइट टू हेल्थ पर सरकार व डॉक्टर्स के बीच अंततः सहमति बन गई है और राजस्थान राइट टू हेल्थ लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। मुझे आशा है कि आगे भी डॉक्टर-पेशेंट रिलेशनशिप पूर्ववत यथावत रहेगी। बता दें कि स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक को हाल ही में राजस्थान विधानसभा में पास कराया गया था। स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक राजस्थान के निवासियों को निजी प्रतिष्ठानों सहित अस्पतालों, क्लीनिकों और प्रयोगशालाओं में मुफ्त इलाज का अधिकार देने का प्रयास करता है। स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक में कहा गया है कि राजस्थान के प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी पूर्व भुगतान के आपातकालीन चिकित्सा सेवा मिलेगी, जिसमें निजी प्रतिष्ठान भी शामिल हैं। विधेयक में यह भी कहा गया है कि सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक व्यक्ति को निश्शुल्क उपलब्ध होंगी, जिसमें ओपीडी और आईपीडी सेवाएं, डॉक्टरों की सलाह, दवाइयां, जांच, आपात स्थिति में एंबुलेंस शामिल होंगी। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायलों को निर्धारित नियमानुसार निश्शुल्क एंबुलेंस, उपचार एवं बीमा का अधिकार मिलेगा। इसके अलावा निजी और सरकारी अस्पतालों में आवश्यक शुल्क या शुल्क के पूर्व भुगतान के बिना किसी भी आकस्मिक मामले में आपातकालीन उपचार उपलब्ध होगा। इन आकस्मिक मामलों में राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा तय किए गए आपातकाल के अलावा सांप का काटना, जानवर का काटना शामिल है।

# विश्व बैंक ने 2023-24 में भारत की वृद्धि का अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत किया



**इस दौरान कुछ रिस्क दिखाई जान पड़ रहे हैं. माना जा रहा है कि अमेरिका और यूरोप के वित्तीय क्षेत्र में आए भूचाल का असर भारत पर भी पड़ेगा.**

एजेंसी

**नई दिल्ली:** वर्ल्ड बैंक ने मंगलवार को भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपनी एक रिपोर्ट सार्वजनिक की. वर्ल्ड बैंक का कहना है कि भारत में महंगाई बढ़ी है लेकिन खाने पीने के सामान और ईंधन के दामों को काबू में रखने की वजह से ज्यादा असर नहीं है. महामारी के बाद एक बार फिर लेबर बाजार में सुधार हो गया है. लेकिन विनिर्माण और निर्माण कार्य वाले क्षेत्रों में गई नौकरियों में महामारी पूर्व का स्तर अभी तक नहीं आ पाया है.वर्ल्ड बैंक का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी विकास दर 6.3 प्रतिशत होगी. महंगाई दर के के गिरने की उम्मीद है. बता दें कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है. इस दौरान कुछ रिस्क दिखाई जान पड़ रहे हैं. माना जा रहा है कि अमेरिका और यूरोप के वित्तीय क्षेत्र में आए भूचाल का असर भारत पर भी पड़ेगा.वर्ल्ड बैंक ने भारत से संबंधित इंडिया डेवेलेपमेंट अपडेट रिपोर्ट साझा की. रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि भारत का विकास कुछ लचीला बना रहेगा, हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था में महामारी के बाद सुधार के कई कारक दिखाई पड़ते हैं.

वहीं, वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं लेकिन भारत तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्थाओं में स्थान बनाए हुए हैं.भारत की जीडीपी वृद्धि 2023-24 में खपत में कमी आने की वजह से धीमी पड़कर 6.3 प्रतिशत पर आ सकती है जो पहले के 6.6 प्रतिशत के अनुमान से कम है.विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि के अपने ताजा अनुमान में कहा कि खपत में धीमी बढ़ोतरी होने और चुनौतीपूर्ण बाहरी परिस्थितियों की वजह से वृद्धि बाधित हो सकती है. इसमें कहा गया, ''आय में धीमी वृद्धि और कर्ज के महंगा होने का असर निजी उपभोग की वृद्धि पर पड़ेगा. महामारी से संबंधित वित्तीय समर्थन के कदमों को वापस लेने की वजह से सरकारी खपत की रफ्तार भी कम रहने का अनुमान है.

## देश में फिर से जानलेवा होता जा रहा है कोरोना वायरस

# कोरोना से देशभर में 7 लोगों की मौत

**देश में अभी 21 हजार से ज्यादा लोगों का चल रहा है कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश में कोरोना वायरस फिर से जानलेवा होता जा रहा है। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 3,038 नए मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4 करोड़ 47 लाख 29 हजार 284 हो गई है। वहीं, इलाजरत मरीजों की संख्या बढ़कर 21,179 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक,संक्रमण से दिल्ली और पंजाब में दो-दो लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में एक-एक मरीज की मौत हो गई। ऐसे में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 7 संक्रमितों ने जान गंवा दी। इसके साथ ही देश में मृतकों की संख्या बढ़कर 5 लाख 30 हजार 901 हो गई है। वहीं,संक्रमण से मौत के आंकड़ों का दोबारा मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की लिस्ट में दो नाम और जोड़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी 21,179 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.05 फीसदी है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.76 फीसदी है। अभी तक कुल 4,41,77,204 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 फीसदी है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक एंटी कोविड वैक्सीन की 220.66 करोड़ खुराकें लगाई जा चुकी हैं।



**इन दस राज्यों में सबसे ज्यादा सक्रिय मरीज**

| राज्य | कुल केस | सक्रिय मामले |
|---|---|---|
| केरल | 68,39,529 | 6,229 |
| महाराष्ट्र | 81,45,590 | 3,532 |
| गुजरात | 12,83,106 | 2,214 |
| दिल्ली | 20,11,034 | 1,406 |
| हिमाचल प्रदेश | 3,15,025 | 1,379 |
| कर्नाटक | 40,78,095 | 1,372 |
| तमिलनाडु | 35,97,304 | 993 |
| हरियाणा | 10,58,159 | 785 |
| गोवा | 2,60,234 | 713 |
| उत्तर प्रदेश | 21,29,217 | 543 |

# तालाब में डूबने से तीन नाबालिग छात्राओं की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के असनी नवाटोली गांव में नहाने के दौरान तीन नाबालिग छात्राओं की तालाब में डूबने से मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिमा कुमारी(09), सरोज कुमारी (09) और मोनिका कुमारी (12) एक साथ बरिसा नकटी कुंबाटोली ताड़बांध तालाब नहाने के लिये गयी थी। इस दौरान सरोज पानी में डूबने लगी। यह देख अनिमा और मोनिका सरोज को बचाने का प्रयास करने लगी। इस क्रम में तीनों एक के बाद पानी में डूबती चली गई। एक महिला ने जब यह सब देखा तो दौड़ते हुए गांव पहुंची और घटना की जानकारी ग्रामीणों व परिजनों को दी। इसके बाद ग्रामीण व परिजन वहां पहुंचे और तीनों लड़कियों को तालाब से बाहर निकला। सूचना मिलते ही गुमला पुलिस वहां पहुंची और आनन-फानन में पीसीआर वाहन से तीनों बच्चियों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।



# अवैध लकड़ी तस्करी के विरुद्ध वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

## पांकी में 78 पीस अवैध काष्ठों को किया गया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के पाटन व पांकी में देर रात को वन विभाग द्वारा लकड़ी तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गयी है। इस संबंध में पलामू के वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ल ने बताया कि उन्हें पाटन व पांकी में अवैध खैर की लकड़ी के परिवहन के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी जिसके पश्चात कुन्द्री वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्रीय पदाधिकारी संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में दो अलग-अलग दल का गठन कर तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। बकौल, डीएफओ पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम भुड़वा-नावाडीह में 3 अप्रैल की रात्रि 11 बजे लकड़ी तस्करों द्वारा 35 टन अवैध खैर की लकड़ी



छुपाकर परिवहन की तैयारी की जा रही थी इस दौरान वन विभाग की टीम को अपनी ओर आता देख अपराधी काष्ठों को छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर अपने वाहन से फरार हो गए.वहीं मौके से छिले हुए अवैध खैर के कई लॉट को बरामद किया गया। जांच के क्रम में अभियुक्त संजय पासवान के घर से छिला हुआ खैर का छिलका भी बरामद किया गया। सभीकाष्ठों को जप्त कर पाटन वन क्षेत्र कार्यालय में लाया गया। इस दौरान पूरी कार्रवाई में पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव एवं वन विभाग के वनपाल तथा वनरक्षी मौजूद रहे.वहीं दूसरी कार्रवाई पांकी के हरलौंग में की गया यहां 4 अप्रैल की सुबह 3 बजे कुन्द्री वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्रीय पदाधिकारी संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में 78 पीस अवैध काष्ठों के जब्ती की कार्रवाई की गयी। मौके पर पांकी थाना प्रभारी रंजीत समेत वन विभाग के अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## रघुवर दास का चैनपुर में भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर, पलामू :** नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर विवेकानंद चौक पर मंगलवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं महावीर नवयुवक संघ जनरल शाहपुर के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल संरक्षक सह सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय संरक्षक धर्मेंद्र जायसवाल लड्डू जायसवाल, धीरज जायसवाल के द्वारा पगड़ी बांध कर अंग वस्त्र एवं तलवार देकर कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने किया कार्यक्रम में उपस्थित पलामू जिला प्रभारी विनय जायसवाल महापौर अरुणा शंकर चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे युवा मोर्चा अध्यक्ष सुदेश्वर चौधरी पथरा मंडल अध्यक्ष सकेद्र चौधरी, ननक चौधरी, मनोज दास जिला परिषद रामलव चौरसिया, मीडिया प्रभारी लवलेश प्रजापति, गुड्डू पासवान, अमित जायसवाल, अमलेश चौरसिया, सुनील गुप्ता, पिंकू सिंह, अखिलेश पासवान सहित अन्य लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास गढ़वा से बेतला की ओर निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे इसी क्रम में लोगों ने रघुवर दास को शाहपुर विवेकानंद चौक के पास सम्मानित कर जय श्रीराम के नारे लगाए।

## पीएम आवास योजना के 59 लाभुकों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज




**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों से डिले पीएम आवास योजना के 59 लाभुकों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज करा दी गई है। दरअसल इन लोगों ने पीएम आवास योजना की राशि प्राप्त करने के बावजूद भी आवास निर्माण का कार्य पूरा नहीं किया। जिला प्रशासन के आदेश पर प्रखंड प्रशासन की ओर से कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भी कार्य पुरा नहीं कराया था तब जाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी पांडू राहुल उरांव ने ऐसे 59 लोगों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज कराया है। जानकारी देते हुए श्री उरांव ने कहा शेष बचे हुए लोगों का भी समीक्षा की जा रही है। लापरवाही बरतने वाले पीएम आवास योजना के किसी भी लाभुकों को नहीं बख्शा जाएगा. कहा हर हाल में सभी लोग ससमय आवास को पूर्ण कर लें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## हुसैनाबाद में प्रखंड स्तरीय विकलांग संघ का किया गया गठन, विंध्याचल सिंह बने अध्यक्ष



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में पलामू जिला विकलांग संघ के निर्देश पर आज हुसैनाबाद प्रखंड में पलामू विकलांग संघ का प्रखंड स्तरीय कमिटी का विस्तार किया है जिसकी अध्यक्षता गणेश प्रजापति ने किया और पलामू विकलांग संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, के निगरानी में विकलांग भाई बहनों के सर्व सम्मति से हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष के रूप में विंध्याचल सिंह को चुना गया है, उपाध्यक्ष राजू चौहान, सचिव पद पर संतोष कुमार पासवान, सह सचिव संतोष कुमार गुप्ता और नसीम अंसारी को बनाया गया, कोषाध्यक्ष उमेश राम और उपकोषाध्यक्ष संतोष सिंह को बनाया गया मीडिया प्रभारी रामजीत पाल और उपमिडिया प्रभारी नजारे आलम को बनाया गया। पलामू विकलांग संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि प्रखंड कमिटी बनाने से प्रखंड के विकलांग भाई बहन संगठित होंगे और हमारा विकलांग समाज मजबूत होगा। पलामू विकलांग संघ के सचिव रामपुकार सिंह ने कहा कि प्रखंड कमिटी बनने से हमारे विकलांग भाई बहन कोई अपने अधिकारों से वंचित नहीं रहेंगे। कोषाध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि प्रखंड में हो रहे विकलांग जनों के साथ भेद भाव कम होगा। इससे जागरूकता फैलेगी। वही पर बीरबल यादव ने कहा कि विकलांग जनों के सहयोग के सामर्थ लोग आगे आयेगे तो कोई भी व्यक्ति अपने आप को कमजोर नहीं महसूस करेंगे बैठक में उपस्थित सैकड़ों विकलांग भाई बहनों को संगठित किया गया।

## रंगदारी मांगने को लेकर रबदा निवासी लालमुनी चौधरी ने नामजद 3 आरोपी पर किया प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर, पलामू :** रबदा निवासी लालमुनि चौधरी युवक ने रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए चैनपुर थाना में 3 लोगो के खिलाफ कराया था मामला दर्ज। चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव निवासी लालमुनि चौधरी ने चैनपुर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए सेमरा निवासी फिरोज अंसारी गोल्डन अंसारी और नेउरा निवासी अमित कुमार शाह के ऊपर मामला दर्ज कराया था। आवेदन में लालमुनि चौधरी ने बताया है कि तीनों ने डरा धमका कर उससे 50 हजार रूपये की रंगदारी मांगा था। जिसको लेकर वह चैनपुर थाना में आवेदन दे रहे है। मामले में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर चैनपुर थाना में क्रमांक संख्या 70 वाईपीसी की धारा 384,386 और 34 के तहत मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान का प्रारंभ किया गया था।



टीपीसी नक्सली के नाम पर लेवी मांगने वाले तीन अपराधियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार।50 हजार रूपये की अपराधियो ने चैनपुर के रबदा निवासी लालमुनि चौधरी से की थी मांग।10 हजार लेने के बाद भी बार-बार अपराधी कर रहे थे पैसों की मांग। गिरफ्तार तीनों अपराधी और भी लोगों से रंगदारी मांगने का कर रहे थे प्लान पुलिस ने तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल। थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने मामले की दी जानकारी।

## महुदंड पंचायत में लंबित पीएम आवास योजना के लाभुकों का डोर टू डोर हुआ स्थलीय निरीक्षण

**➲आवास निर्माण में रूचि नहीं लेने वाले लोगो से राशि वसूल नहीं होने पर लाभुको की होगी कुर्की जब्त**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद ( पलामू) :** हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत में लंबित पीएम आवास योजना के लाभुकों का डोर टू डोर स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त पंचायत के सलैयाटीकर, नइया, केमो, प्रतापपुर, फटिया, लपसेरा, कुरदाग, चोरपहरा गांवों में क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान प्रखंड समन्वयक अजय कुमार के द्वारा लंबित पीएम आवास योजना के लाभुकों को निर्धारित तिथि तक आवास को पूर्ण करने का अल्टिमेटम दिया गया। अन्यथा आवास योजना पूर्ण नही करने वाले लाभुकों को चिन्हित करते हुए बाध्य होकर विभाग राशि वसूली करेगी। राशि वसूली नही करने वाले लाभुकों को सर्टिफिकेट केस दर्ज करते हुए वैसे लाभुकों की



कुर्की जब्ती होगी। विदित हो कि लंबित पीएम आवास योजना के लाभुकों को इससे पूर्व में कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेशानुसार सम्बंधित पंचायत के पंचायत स्वयं सेवक के द्वारा आवास योजना पूर्ण करने को लेकर नोटिस दी गई है। विदित हो कि दो दिन पूर्व पलामू उपायुक्त ए. दोड्डे ने आवास योजना के समीक्षा बैठक के दौरान सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि लंबित आवास योजना के वैसे लाभुक जो पैसा लेकर आवास निर्माण में रुची नही रखते हैं उन लाभुकों को चिन्हित कर सर्टिफिकेट केस दर्ज कर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। लेकिन इंदिरा आवास हो या शहरी आवास योजना या फिर कोई अन्य बालू से संबंधित योजनाएं हो वह बालू का भाव में बंद पड़ा हुआ है लेकिन इस पर सरकारी पदाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि किसी की भी निगाह इस पर नहीं गई, सरकार के ढुलमुल रवाये से बंद है इस से आम नागरिकोंको ही असुविधा है क्षेत्र भ्रमण के दौरान मौके पर पंचायत स्तरीय निरीक्षण टीम में प्रखंड समन्वयक अजय कुमार पंचायत सचिव उपेंद्र कुमार सिंह व पंचायत स्वयं सेवक मसउद आलम, उपेंद्र यादव, जितेन्द्र यादव मौजूद थे।

## एम. एकेडमी में कैरियर कॉउंसलिंग सह विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर जपला रोड स्थित एम. एकेडेमी में सोमवार को कैरियर कॉउंसलिंग सह बच्चों को विदाई समारोह का आयोजन किया गया विदाई समारोह का शुभारंभ संस्थान के संचालक मुबारक हुसैन सहयोगी शिक्षक लव कुमार, गुलाम अंसारी, उज्ज्वल कुमार यादव ने संक्युत रूप से माँ सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया. समारोह में 12वीं साइंस वर्ग के छात्र- छात्राओं को विदाई दी गई इस अवसर पर छात्रों को उपहार भी प्रदान किया गया.संस्थान के संचालक मुबारक हुसैन ने कहा कि जिस व्यक्ति की रुचि जिस क्षेत्र में रहती है, उसी में कैरियर कॉउंसलिंग की मदद से एक स्पष्ट विकसित की जाती है द्य अगर आप अपने कैरियर में लगातार गलती कर रहे हैं तो कैरियर कॉउंसलिंग की मदद से आप अपने अंदर की कमी ढुंढ पाते हैं और काउंसलर उनमें सुधार की तरीके बताता है आगे बताते हुए उन्होंने ने यह भी कहा कि हमारा संस्थान बच्चों को सिर्फ बेहतर शिक्षा ही नहीं बेहतर संस्कार भी प्रदान करता है द्य ताकि वह सिर्फ अपने परीक्षा में नहीं बल्कि अपने जीवन व अपने समाज में भी एक बदलाव ला सके सहयोगी शिक्षक लव कुमार ने अपने संबोधन में विधार्थियों को परीक्षाओं की तैयारियां तथा आगामी कैरियर के चुनाव के बारे में टिप्स दिए ।वहीं सहयोगी शिक्षक गुलाम अंसारी ने कहा कि विद्यार्थी उच्चतर शिक्षा ग्रहण करके स्कूल और माता- पिता का नाम रौशन करेंगे।मौके पर सभी शिक्षक एवं सैकड़ों छात्र- छात्राएँ मौजूद रहे।

## अंचलाधिकारी ने सड़क जाम करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध किया प्राथमिकी दर्ज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्ञात हो कि दिनाँक 02-04-2023 को समय करीब 14:00 बजे आसपास ग्राम जीमा नवाटोली लोहरदगा कुड़ मुख्य सड़क पर वाहन दुर्घटना में हुये मृत्यु को लेकर ग्रामीणों के द्वारा सड़क जाम कर सड़क मार्ग को अवरुद्ध किया गया था। जिसको अंचल अधिकारी,थाना प्रभारी कुडू तथा कुडू प्रखण्ड के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा मृतक गिरिधर भगत का शव को अन्तः परीक्षण के लिए उठाने हेतु एवं मुख्य सड़क में हुये जाम को हटाने के लिए ग्रामीणों से अनुरोध किया गया। मृतक गिरिधर भगत के दोनों भाई शव को अन्तः परीक्षण के लिए भेजने के लिए तैयार हो गये। किन्तु उपस्थित ग्रामीणों महिला एवं पुरुष 40 से 50 की संख्या में उपस्थित के द्वारा कागजी कार्रवाई करने से रोका गया तथा धक्का-मुक्की की गई। थाना प्रभारी कुडू, सुरक्षाबलों,जन प्रतिनिधियों एवं उपस्थित पदाधिकारी के साथ अभद्रतापूर्वक दुर्व्यवहार करने लगे तथा मृतक के शव को परिजनों एवं प्रशासन को अन्तयः परीक्षण हेतु उठाने का विरोध करने लगे। भीड़ में शामिल उपरोक्त व्यक्ति मृतक गिरिधर भगत के परीजनों के साथ भी दुर्व्यवहार करने लगे और लोहरदगा कुडू सड़क मार्ग को पुनः जाम कर अवरुद्ध किया गया, जिससे लोहरदगा-कुडू,गुमला-राँची का परिचालन करीब 05 घंटे बंद रहा। प्रशासन के द्वारा काफी अनुरोध करने के बाद भी लोग सड़क मार्ग पर उग्र रूप से डटे रहे। इसी समझाने बुझाने के क्रम में अचानक भीड़ के द्वारा पत्थरबाजी करते हुये एवम अपने पारंपारिक हथियार से उपस्थित पुलिस बल पर जानलेवा हमला बोल दिया। साथ ही ग्रामीणों को भी मारो मारो कहकर भड़काने लगे। जिससे सुरक्षा में तैनात (1) पु0अ0नि0 सह थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह कुडू थाना (2) आ0-151 विजय राणा (3) आ0-197 राजेश कुमार तिवारी (4) आ0 369 आशुतोष कुमार सिंह को चोटें आयी। बचाव में उपस्थित पुलिसकर्मियों के द्वारा हल्का बल का प्रयोग किया गया जिससे भीड़ तितर बितर हो गया। जिसके बाद दुर्घटना में मृत गिरिधर भगत के शव को विधिवत उठाकर अन्तः परीक्षण के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया।

## ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया महावीर जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने हिंदी, संस्कृत एवं अंग्रेजी में भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए आदर्शों पर करने की प्रतिज्ञा की। विद्यालय के प्राचार्य एसके झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी महापुरुष की जयंती मनाने के पीछे उदेश्य यही होता है कि हम उनके द्वारा बताए गए उन आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें जिससे हमारा जीवन सफल हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भंडार गांव के माता शबरी भवन में स्थापित होगी माता शबरी सहित भगवान श्रीराम व लक्ष्मण की प्रतिमा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार गांव शबरी समाज सहित स्थानीय लोगों की बैठक आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व विशिष्ट अतिथि जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव को आमंत्रित किया गया। जहां फूल माला पहनाकर ईश्वर सागर चंद्रवंशी को जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में शबरी समाज के लोगों ने गांव में पूर्व से निर्मित सबरी भवन में माता शबरी की प्रतिमा लगाने की मांग की। मौके पर अतिथि ईश्वर सागर ने कहा कि शबरी भवन में माता शबरी सहित भगवान श्रीराम व लक्ष्मण की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। माता शबरी का जीवन प्रभु श्री राम की भक्ति में समर्पित था। जिसका प्रतिफल भगवान को माता शबरी के पास जाना पड़ा। जहां भगवान मां के हाथों



मिले जूठे बैर खाए। साधक के लिए भगवान सदैव तैयार रहते हैं बड़ा छोटा कुछ नहीं होता है। इसके पूर्व निर्मित भवन की व्यवस्थित किया जाएगा। इसके लिए विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय को जिम्मेवारी सौंपी गई है। जो भवन की जरूरतों के अनुरूप कार्य कराते हुए प्रतिमा स्थापित कराने का कार्य करेंगे। बताया कि प्रतिमा स्थापित करने के दिन भव्य पूजा अर्चना व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही लोगों की मनोरंजन को लेकर वृंदावन व बनारस से आकर्षक झांकी को ले कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी की ओर से दिशा निर्देश दिया गया है कि जहां भी 50 की संख्या में भुइयां परिवार निवास करते हैं। वहां मंदिर का निर्माण कराते हुए माता शबरी सहित भगवान श्रीराम व लक्ष्मण जी की प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। आयोजित बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, भाजपा महामंत्री आशीष पांडेय, दिलीप चंद्रवंशी, रामजी राम, प्रदीप चंद्रवंशी, राजेंद्र पांडेय, संजय चंद्रवंशी, परीखा चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधिवत पूजा हवन के बाद सरस्वती विद्या मंदिर में नया सत्र का किया गया शुभारंम्भ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में 3 अप्रैल दिन सोमवार से नवीन सत्र 2023-24 का शुभारंभ हो गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय में नव नामांकित एलकेजी की लिटिल चैंपियन हर्षिका ने मां शारदे, भारत माता, ओम, वीर हनुमान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पा अर्पित कर किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने प्रातः 6:00 बजे से संपूर्ण दुर्गा सप्तशती पाठ संगीतमय सुंदरकांड एवं 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। जहाँ आचार्य कौशलेंद्र झा के वैदिक मंत्रोचार के बीच प्रधानाचार्य ने आवाहित देवी-देवताओं का पंचोपचार पूजन विधिवत पूर्वक किया। इस दौरान सभी भैया बहनों आचार्य एवं दीदी जी और अभिभावकों ने भक्ति पूर्वक हवन यज्ञ में अपनी सहभागिता दर्ज की।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भैया बानो को संबोधित करते हुए कहा कि



नवीन सत्र आप सभी भैया बहनों के लिए नवीन ऊर्जा और उमंग से परिपूर्ण हो आप लोग मनोयोग से स्वविषय का अध्ययन करें और विद्यालय के सभी गतिविधियों में भाग लें जिससे आप पर सर्वांगी विकास हो और आप विद्यालय के साथ-साथ परिवार समाज और देश का नाम रोशन करें नए सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था मैदान में रंगोली द्वारा गधा स्वास्तिक संघ सत्र आरंभ आदि मनमोहक ढंग से बनाए गए थे। सस्वर सामूहिक आरती आकर्षण का केंद्र रहा। पूजन के बाद भैया- बहनों और अभिभावकों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडे, कृष्ण कुमार पांडे, अविनाश कुमार, नीरज कुमार सिंह, पिंटू कुमार सिंह, सत्येंद्र प्रजापति, सुजीत कुमार दुबे, दीपक कुमार, विवेक कुमार, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, कौशलेंद्र झा, आरती श्रीवास्तव, सुप्रिया कुमारी, रेनू पाठक, रेणु कुमारी, संध्या कुमारी, तन्वी जोशी, पूजा सिंह, विद्यालय के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी सुधीर कुमार बबलू, सुरेश सिंह, ललिता देवी, रेखा देवी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व भैया बहन मौजूद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास चौपाल कार्यक्रम के तहत पहुंचे केतार मंदिर पहुंच माथा टेका

**➲पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वर्तमान सरकार को निष्क्रिय और निकम्मी कहकर संबोधन किया**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** सोमवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के केतार आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता एवं नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री का पहला कार्यक्रम कोल्ह मोड़ स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं इंद्रदेव पाल के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात भाजपा के कार्यकर्ताओं ने विधायक भानु प्रताप शाही के अगुवाई में भाजपा मंडल कार्यालय पहुंचे जहां उनका स्वागत फुल माला पहनाकर किया गया। तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ पहुंचकर माथा टेका। उन्होंने अपने कार्यकाल में बहाल शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित भी किया। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित



करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज्य की सवा तीन करोड़ जनता को सिर्फ वोट बैंक नहीं मानती बल्कि अपना विशाल परिवार मानती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जन्म ही समाज सेवा के लिए हुआ है। उन्होंने वर्तमान समय की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार भ्रष्टाचारी और निष्क्रिय हैं यह सरकार रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगने का काम किया है। इसको जानने के लिए जनता के बीच में चौपाल के माध्यम से कार्यक्रम किया जा रहा है। वर्तमान सरकार किसानों को 5000 प्रति एकड़ मिलने वाला जन आशीर्वाद योजना बंद कर चुकी है। यह सरकार की नीति और नियत सही नहीं होने के कारण झारखंड का नौजवान सड़कों पर उतरने को मजबूर है। श्री दास ने अंत में यह आह्वान किया कि 11 अप्रैल को रांची चले और इस भ्रष्ट निष्क्रिय और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। इस अवसर पर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, हेमंत पाठक, विनोद भगत, अमर नाथ जायसवाल, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व हिंदू परिसद सह बजरंग दल की बैठक संपन्न

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिसद सह बजरंग दल का बैठक खलारी प्रखंड क्षेत्र के अम्बा टोंगरी ग्राम के नवयुवकों के साथ एक बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता उमेश मुंडा ने किया. बैठक में मुख्य रूप से विहिप हिन्दू नेता प्रताप यादव मौजूद थे. बैठक में ग्रामीण व आदिवासियों बहुल क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करना,सहित अन्य मुख्य बिन्दुओ पर चर्चा किया गया. मौके पर राजू कुमार,राजेश कुमार,विजय मुंडा,प्रदीप गंझू,राहुल मुंडा,संतोष मुंडा, मुकेश मुंडा,संजय मुंडा,राकेश यादव, घनश्याम कुमार,संदीप मुंडा,राजेन्द्र मुंडा,बीरेंद्र मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे.

### मंडा पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष बने दीपक सिंह

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड के गढ़गांव में शिव मंडा पूजा संचालन समिति की एक बैठक आयोजित कर शिव उपासना मंडा पूजा का 174 वां वार्षिक महोत्सव धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया । दो दिवसीय मंडा पूजा 6 अप्रैल को फुलखुन्दी, रात्रि बंगाल के छउ नृत्य कार्यक्रम और सात अप्रैल को झूलन, व रात्रि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसके लिये शिव मंडा पूजा संचालन समिति का गठन भी किया गया है। जिसमे अध्यक्ष दीपक सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश साहू, उपाध्यक्ष घोमा सिंह, जितेंद्र सिंह, सुबोध साहू, कोषाध्यक्ष राधे ठाकुर, महेंद्र गोप, सचिव रंजीत सिंह, यशवंत सिंह, प्रवक्ता संजय गुप्ता, बबलू गुप्ता, के अलावा कार्यकारिणी के 30 सदस्य बनाये गए हैं। संरक्षक के रूप में प्रताप सिंह, संजय सिंह, भवानी शरण सिंह, किशोर साहू नारायण सिंह, बनाये गए।

### बेड़ो बारीडीह के हनुमान मंदिर का 33 वां वार्षिक स्थापना दिवस 10 अप्रैल को

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो बारीडीह गांव स्थित बजरंग बली हनुमान मंदिर का आगामी दस अप्रैल को 33 वां वार्षिक स्थापना दिवस मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी लाल बाबा ने बताया कि गणेश पूजा,नवग्रह पूजा पंचदेव पूजा,षोडशो मातृका पूजा व बजरंगबली की पूजा की जाएगी।इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं वार्षिकोत्सव के मौके पर 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन और भोग भंडारा का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार राय,राज राय,प्रेम राय,सौमित्र शर्मा,साधन राय,सोनू कुमार,सुजीत राय,वाणी कुमार राय,धनंजय कुमार राय,दीपक राय,रमेश प्रसाद गुप्ता,अनुज कुमार गुप्ता लगे हुए है।

### बोलेरो पिकअप मालवाहक गाड़ी की हुई चोरी

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत कुर्गी पंचायत के कुर्गी गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक पिकअप मालवाहक गाड़ी जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या को चुरा ले गया. भुक्तभोगी मुस्ताक आलम के द्वारा बताया गया कि बीती रात रोज की तरह गाड़ी मेरे दुकान के सामने खड़ा किया गया था. परंतु सुबह उठकर देखा तो गाड़ी अपनी जगह पर नहीं था काफी खोजबीन के बाद भी गाड़ी का कोई पता नहीं चला . भुक्तभोगी के द्वारा थाने में लिखित सूचना दे दी गई है पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर छानबीन शुरू कर दी है

### परीक्षा परिणाम की घोषणा सह शिक्षक - अभिभावक गोष्टी का आयोजन

**चंदवारा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बांझेडीह फोरलेन नंदनगर रोड स्थित संजीवनी अकादमी चंदवारा में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा सह शिक्षक -अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय संरक्षक मनोज मोदी व संचालन प्रबंध निदेशक सह प्राचार्य संजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभीभावकों को विद्यालय की छात्रा खुशी ,निशा ,सोनम व लक्की ने स्वागतगान गाकर स्वागत किया। शिक्षकों व अभिभावकों ने नए सत्र 2023-24 में विद्यालय की पठन पाठन को लेकर विचार विमर्श किया और अपने सुझाव दिए।विद्यालय प्रबंधक संजीव कुमार ने कहा की संजीवनी अकादमी हमेशा बेहतर शिक्षा देकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढसंकल्पित है।तदोपरांत विद्यालय निदेशक सह प्राचार्य संजीव कुमार ने परीक्षा फल परिणाम की घोषणा की जिसमे जूनियर सेक्शन से नर्सरी में रंजन ,विद्या ,चाहत एल के जी में राजवीर , रिद्धि राज, आराध्या व मानस , यू के जी में छाया , आरुषि ,कनिष्का ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।वही वर्ग प्रथम में आदित्य राज,नितिन ,सुशांत, वर्ग द्वितीय में बलराम,रितेश व कुशाग्र,वर्ग तृतीय में प्रिंस,अनन्या व अमित वर्ग चतुर्थ में सृष्टि ,आयुषी व शुभम वर्ग पंचम में शैल्य, परी व सोनम वर्ग षष्ठ में स्वयं प्रभा,बिट्टू राणा व सन्नी वर्ग सप्तम में खुशी व पीयूष ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं स्कूल टॉप थ्री में जूनियर में रंजन , रिद्धि व विद्या व सीनियर में शैल्य कश्यप ,बलराम ,सृष्टि प्रभा ने स्कूल प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान पर अपना कब्जा जमाया। ओवरऑल अनुशासन में आराध्या पांडे,एवं उपस्तिथि में आशीष कुमार ,रितेश व प्रिंस ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाकर अपना परचम लहराया।प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को निदेशक ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों के हाथों पुरस्कृत करवाया और भविष्य के लिए और बेहतर करने की सलाह देते हुए कहा की सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है कड़ा परिश्रम हीं सफलता का एक मात्र उपाय है जो परिश्रम करते हैं वो हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहराते हैं।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):**ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बी?एड? सत्र 2021- 23 प्रशिक्षुओं के अभिभावक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0 बी सी स्वेन के स्वागत भाषण से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0 बी सी स्वेन ने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महाविद्यालय निरन्तर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विकास में अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका हैं। तत्पश्चात बैठक में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सह कार्यक्रम समन्वयक सौरभ शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से महाविद्यालय के उपलब्धियों तथा गतिविधियों से सभी को अवगत कराया । इसके बाद अभिभावकों ने अपने बच्चों के विकास गतिविधि के बारे में जाना एवं अपने सुझावों को भी प्रस्तुत किए। इस अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन बैठक में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चाएं की गई । साथ ही अभिभावकों को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में भ्रमण कराया गया। इस बैठक में अभिभावक अशोक राणा, बहादुर साव, ब्रजकिशोर ,राहुल कुमार आदि एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ? बेचन सिंह, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार आदि उपस्थित थे। इस इस बैठक का धन्यवाद ज्ञापन सहायक अध्यापक मनीष कुमार पासवान द्वारा ने किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम समन्वयक सौरभ शर्मा के देख रेख में संपन्न किया गया।

# विधायक ने मांडर प्रखंड का किया भ्रमण व योजनाओं का किया उद्घाटन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मंगलवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मांडर प्रखंड का किया भ्रमण। भ्रमण के दौरान विधायक सरवा पंचायत के ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक मे उपस्थित तमाम लोगो का संबोधित करते हुए सबका हाल चाल लिया, साथ ही सरकार द्वारा लाएं गये सभी योजनाओं के बारे जानकारी देते हुए बतलाया। इस दौरान विधायक ने चुनाव जितने के बाद कम समय मे ही अपने क्षेत्र मे विभिन्न योजनाओं का काम कराया। और अभी सरवा पंचायत मे विभाग द्वारा विभिन्न योजना का नीव रखने वाली है उसकी जानकारी दिया। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओ को भी सुनी, जो समस्या का निपटारा जल्द हो सकता था उसका निदान कराया, साथ ही जिन समस्याओ के निदान मे विलम है उसको निदान कराने का आश्वासन ग्रामीण को दिया। विधायक भ्रमण करते हुए सरवा पंचायत के ग्राम सरवा स्थित एक पीड़िता के घर गयी जो 6 महीने से टी वी बीमारी से ग्रासित थी, उनसे मिलकर उनका इलाज कराने के लिए आवास आने को कहा ताकि आवास से इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया जा सके। विधायक सरवा पंचायत से निकलने के उपरांत मांडर प्रखंड अंतर्गत मलती एवं टिगोई अम्बाटोली मे तालाब जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण का शिलान्यास किया। मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंगा उराव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, टांगरबसली पंचायत अध्यक्ष तस्लीम अंसारी, मलती एवं तिगोई अम्बा टोली पंचायत अध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय दुसाध कल्याण समिति ने महाबली बाबा चौहरमल जयंती धूम धाम से मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** बेती पंचायत में मंगलवार को अखिल भारतीय दुसाध कल्याण समिति के द्वारा महाबली बाबा चौहरमल ई की जयंती धूम धाम से मनाया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सुबोध पासवान तथा विशिष्ट अतिथि बिनोद बिहारी,सुनीता देवी ,रेवाली पासवान मौजूद रहे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व पुष्पवर्षा कर कर किया गया. कार्यक्रम का आगाज मुख्य अथिति के द्वारा चूहड़मल जी की फोटो पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस समारोह में बाबा चौहरमल के किए कार्य को याद किया गया. अतिथियों ने द्वारा समारोह को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि बाबा चौहरमल पासवान समाज के मार्ग दर्शक है, हमें उनके जैसे बनने की कोशिश करनी चाहिए और अपने समाज को आगे ले जाना चाहिए. जयंती समारोह की अध्यक्षता द्वारिक पासवान व मंच संचालन अनिल पासवान,सचिन पासवान ने संयुक्त रूप से किया. अथवा धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र पासवान ने किया. मौके पर अवध पासवान,विजय पासवान ,बिहारी पासवान सुभाष पासवान,रविंद्र पासवान,आरती कौशल, संजय पासवान,नंदू पासवान,राजू राम, सरिता देवी,अमादिप कौशल,नगीना देवी, कुमारी अनुप्रिया,आदित्य पासवान, सचिन पासवान, सुनील पासवान, संतोष पासवान, बिनोद पासवान, सुरेंद्र पासवान, मनोज पासवान, अनु पासवान, अरविंद पासवान, शिव शंकर पासवान, कैल्या पासवान, रामकेश पासवान, बालेश्वर पासवान, रामकेश पासवान, कृष्णा पासवान, शिव कुमार पासवान, राजेश पासवान, अनिल कुमार पासवान कईला पासवान आदि लोग उपस्थित थे.

## सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा खलारी में महावीर जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा खलारी में महावीर जयंती मनाया गया. महावीर जयंती के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने भगवान महावीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत किये. विद्यालय के आचार्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने भगवान महावीर के बारे में भैया बहनों (छात्र छात्राओं) को भगवान महावीर के बारे बताया गया. कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने भी भगवान महावीर के बारे में ज्ञानवर्धक बातों से अवगत कराया. कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य सियाराम सिंह, उमेश कुमार, गोविंद चौहान, श्रीकांत शर्मा एवम आचर्या संध्या सिन्हा, नूतन सिंह, प्रीती तिर्की तथा विद्यालय के भैया बहन उपस्थित थे.

## जिला उपाध्यक्ष एवं जिला सचिव नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** पुराना विधानसभा सभागार, धुर्वा, रांची में रांची जिला कांग्रेस कमिटी की विस्तारित बैठक रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें सिल्ली निवासी नगेंद्र नाथ गोस्वामी को जिला उपाध्यक्ष , एवं कार्तिक चंद्र महतो को रांची जिला कांग्रेस सचिव के पद की नियुक्ति - पत्र दिया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, प्रदेश महासचिव श्री शिव कुमार भगत, श्री अजय नाथ शाहदेव, श्री सुरेश बैठा, श्रीमति रमा खलखो , अशोक मिश्रा सहित कई वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से की औपचारिक मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बोकारो (पूर्व में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,खूंटी) कुलदीप कुमार से उनके कार्यस्थल पर एक शिष्टाचार मुलाकात की और महोदय को पुष्प गुच्छ देकर उनका आभार प्रकट किया। सकलदीप भगत ने मुलाकात कर कहा कि पुलिस अनुमंडल में प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त होने से आपराधिक गतिबिधियों पर अंकुश लगा है, उन्होंनें उनसे आग्रह किया पुनः संस्थान में आकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें।

## अरुण सांगा के नेतृत्व में खूंटी में निकाली गई सत्याग्रह पदयात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** युवा कांग्रेस के खूंटी जिला के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में सत्याग्रह पदयात्रा सुभाष चौक से भगत सिंह चौक तक किया गया। मौके में झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी जिला प्रभारी निशा भगत ने कहा की आखिर कब तक संविधान की अनदेखी मोदी सरकार करेगी। और जिस तरह लोकतंत्र की हत्या मोदी सरकार ने की है उसका जवाब युवा कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी मुंह तोड़ जवाब देगी। साथ ही खूंटी जिला सह प्रभारी शादाब खान ने कहा की हम सब राहुल गाँधी के साथ है हम दो हमारे दो की सरकार नही चलेगी लोकतंत्र को तार तार होने नही देंगे हम सब। साथ ही अरुण संगा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाना है तो मोदी सरकार को गिराना है मौके में खूंटी जिला बीस सूत्री सदस्य मोहम्मद सोहेल अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान, जिला उपाध्यक्ष शिबलू खान नगर महासचिव मो शकील, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, मुरुहु प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान ,बहा मुंडा, निकोदीन, आनंद , साबुद्दीन आदि दर्जनों युवा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## माध्यमिक विद्यालय की अनुदान राशि उपलब्ध कराने के लिए विधायक ने किया चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक अनिल कुमार से धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में मुलाकात कर विद्यालयों को अविलंब अनुदान राशि उपलब्ध कराने पर चर्चा की। राज्य के 180 स्थापना अनुमति प्राप्त/ प्रस्वीकृति प्राप्त माध्यमिक विद्यालय जिनका अनुदान राशि पर विभाग द्वारा रोक लगा दी गई है। उन विद्यालयों को अविलंब अनुदान राशि उपलब्ध कराने पर सकारात्मक चर्चा की गई। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण 2022-23 में जितने भी स्थापना अनुमति प्राप्त/ प्रस्वीकृति प्राप्त माध्यमिक विद्यालय है उन्हें प्रत्येक वर्ष अपना यूसी बिल,डीड, बॉन्ड डीड जैसी कई अहर्ता को पूर्ण करने के बाद इन्हें अनुदान प्राप्त होता है। सारे विद्यालयों ने अपना यूसी बिल भी जमा किया किंतु विभाग के टेक्निकल पोर्टल में गड़बड़ी के कारण बहुत सारे विद्यालयों ने ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर पाए। जिस कारण उन्होंने संबंधित जिला के डीईओ के पास ऑफलाइन आवेदन समर्पित किया। डीईओ द्वारा विभाग से पत्राचार कर उनके यहां समर्पित आवेदन का पूरा ब्यौरा दिया गया और एक बार नहीं अपितु तीन-तीन बार विभाग से संपर्क साधा गया। ऑफलाइन आवेदन को विभाग द्वारा अस्वीकृत यह कहते कर दी गई।

## शहीद दिलीप कुमार वेदिया के शहादत दिवस पर माल्यार्पण

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड अन्तर्गत मुरी गोला मुख्य मार्ग के समीप गेड़ेवीर चौक पर मुख्य अतिथि जेएमएम के सिल्ली विधानसभा प्रभारी सह अनंगड़ा के मुखिया रामानंद बेदिया ने शहीद दिलीप कुमार वेदिया के आदमकद प्रतीमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। एवं उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए रामानंद बेदिया ने कहा की शहीद दिलीप कुमार वेदीया काफी कम उम्र में झारखंड पुलिस में रहकर ड्यूटी के दौरान नक्सली के बम धमाकों में शहीद हुए थे! उनकी यह कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी, वह हमेशा अमर रहेंगे, और हमेशा याद किए जाएंगे। इसी क्रम में सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर,केरकेट्टा एवं सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने भी माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन अर्पित की। शहीद दिलीप कुमार के पिता विजय कुमार, माता कुसमी देवी ,बहन मालती कुमारी एवं समस्त ग्रामीण बारी बारी से उनके प्रतीमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। शहीद दिलीप कुमार बेदिया अमर रहे जिंदाबाद के नारे लगाए गए। उनके शहादत दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया था ।मंच पर रामानंद बेदिया ,हाकेदाग पंचायत के मुखिया हरि पद मांझी, पंचायत समिति नीति देवी, उप मुखिया दिनेश बेदिया मौजूद रहे । मेराथन दौड़ में प्रथम पुरस्कार गोला संग्रामपुर के विनोद करमाली ,द्वितीय पुरस्कार बीआईटी मेसरा के संजय महतो, तृतीय पुरस्कार खेल गांव के जानकी कुमार को दिया गया। इस दौड़ में बाबूराम बेदिया, कुलदीप महतो ,नारायण महतो, परमानंद महतो ,प्रेम कुमार ,अमित कुमार लोहरा, मुकेश महतो ,बंशीधर बेदिया को ट्रैक सूट दिया गया। 800 मीटर की दौड़ में लड़की में लक्ष्मी कुमारी को प्रथम, संकरी कुमारी को द्वितीय ,फूलमणि को तृतीय पुरस्कार दिया गया। 800 के दौड़ में पुरुष वर्ग को प्रथम सीदाम बेदिया ,द्वितीय प्रेम कुमार, तृतीय मुकेश कुमार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और इस समारोह में देशभक्ति पर आधारित बच्चों ने गीत गाते हुए नित्य को प्रस्तुत किया। पूरा कार्यक्रम देशभक्ति पर आधारित था क्विज प्रतियोगिता भी किया गया। पुरस्कार वितरण रामानंद बेदिया, थाना प्रभारी आकाशदीप ,मुखिया हरिपद माझी ,पंचायत समिति सदस्य नीति देवी ,दिनेश बेदिया और ग्राम प्रधान के हाथों से दिया गया।वही शहीद दिलीप बेदिया एकेडमी के सदस्य लक्खी चरण मुंडा, संजय बेदिया, गुनेश्वर बेदिया ,किन्नू राम बेदिया, लखीराम बेदिया ,जलांधर बेदिया, राजेंद्र बेदिया ,वीरेंद्र बेदिया ,तरुण मंडल ,रंजीत बेदिया, जयद्रथ बेदिया, चुन्नीलाल बेदिया ,अर्जुन बेदिया, रितवरन वेदिया, जनार्दन बेदिया, सुमन, बबलू ,फागूराम, राजाराम, से सेवकी बेदिया, गोपीचंद्र करमाली, वार्ड सदस्य सुनीता देवी और हरीडीह,गेड़ेवीर ,बनवाडीह के ग्राम प्रधान ने भी हिस्सा लिया।

## जंगली हाथियों के झुंड ने किसानों के फसल को किया बर्बाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के जमनी गांव में सोमवार की रात पांच जंगली हाथियों उत्पात मचाया। जंगली हाथियों का झुंड ने किसानों के खेतों में लगे गेहूं व सब्जी की फसल को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिये। रात लगभग साढ़े चार बजे पांच बजे जंगली हाथियों ने जमनी गांव के सामने आ गये और सोमरा मुंडा के गेंहू की फसल, दिनेश उराँव के कद्दू व खिरा की फसल, विरेन्द्र साहू के शिमला मिर्च, कुंवर सिंह और शालिक सिंह की गेंहू की फसल को खा कर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। पिछले कुछ महीनों से प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में हाथियों की आतंक से गाँव के लोग परेशान है। गांव में जंगली हाथियों के झुंड लगातार भ्रमण कर रहे हैं। हाथियों का झुंड अपने रास्ते में आने वाले घर को तोड़ रहें हैं, वहीं फसलों को भी बर्बाद कर रहे हैं। इधर वन विभाग के द्वारा जंगली हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच पटाखा, टॉर्च व मोबिल का वितरण किया जा रहा है।

## मानगों के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट को कराया गया ठीक : अंसार खान



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में मानगों के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया गया। आज कल्याण विहार (एनएच 33) जवाहर नगर रोड नंबर (12) और जवाहर नगर रोड नंबर (14) क्रॉस रोड नंबर 14 जवाहर नगर नीचे में डॉ जाकिर हुसैन स्कूल, जवाहर नगर रोड नंबर 13 बारी कॉलोनी इन क्षेत्रों में काम किया गया। मौलाना अंसार खान ने नगर निगम के सिटी मैनेजर निषात से मांग की है जो इलेक्ट्रिशियन स्ट्रीट लाइट बनाने के लिए भेजा जाता है उनको स्ट्रीट लाइट उपलब्ध कराए जाएं क्योंकि जो लाइट खराब होती है उसे चेंज करके दूसरा स्ट्रीट लाइट वहां लगाया जाए।

## बिरसानगर हो समाज के अध्यक्ष का निधन



**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर बिरसानगर हो समाज समिति के अध्यक्ष सोमनाथ बानरा (65 वर्ष) का आज सुबह तकरीबन 4:00 बजे टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है। वर्तमान काफी समय से बिरसानगर हो समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष रहे हैं। इसके अलावा अन्य सामाजिक संगठनों मे भी ये सक्रिय थे। इनके कार्यकाल में ही बिरसानगर जोन नंबर-1 में आदिवासी देशाउली पूजा स्थल का निर्माण कार्य संपन्न हुआ है। आज करीब 3:00 बजे अपराह्न जमशेदपुर स्वर्णरेखा भुईयाडीह श्मशान घाट में अंतिम संस्कार बड़ा बेटा सिद्धार्थ बानरा ने किया। इनके निधन पर समाजसेवी जयपाल सिरका, पूर्व डीडीसी सीताराम बारी,मजिस्ट्रेट विजय सिंह बीरूवा,रायमूल बानरा, बीनानंद सिरका,संतोष कुमार पुर्ति,भगवान चातर, सोमनाथ पाडेया एवं काफी संख्या में हो समाज के महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## मायुमं की महिलाओं ने गोलमुरी मे बांटे तरबूज



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाडी युवा मंच स्टील सिटी सुरभी शाखा द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए मंगलवार को आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत गोलमुरी चोक हनुमान मंदिर के पास 500 से अधिक लोगों के बीच तरबूज़ का वितरण किया गया। आज के इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, शाखा सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबुका, रुपा अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, प्रीति देबूका, प्रीति अग्रवाल, निभा आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

## रोलाहातु में लगा मेडिकल कैंप



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई के अंतर्गत सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र स्थित रोलाहातु मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचाई के द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श के साथ दवाई दी गई। इस अवसर पर कुचाई के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार मुर्मू ने कहा कि जागरूकता और सतर्कता के बिना स्वस्थ समाज की स्थापना की कल्पना नहीं की जा सकती है। बेहतर स्वास्थ के लिए सतर्कता जरूरी है। यही कारण छोटी छोटी बीमारी बड़ा रूप ले लेता है। अधिकतर लोग झाड़-फूंक और अंधविश्वास के चक्कर में ससमय इलाज नहीं कराने का कारण मृत्यु लोक पहुंच जाते हैं। इस रोलाहातु मेडिकल कैंप,टीकाकरण,टीबी मरिज,गर्भवती महिलाओं को दवाई दिया गया ।

## एक्सॉनमोबिल ने की रायगढ़ में ल्यूब्रीकेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना की घोषणा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्सॉनमोबिल ने आज कहा कि वह महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के रायगढ़ स्थित इसाम्बे औद्योगिक क्षेत्र में एक ल्यूब्रीकेंट निर्माण संयंत्र बनाने के लिए लगभग 900 करोड़ रुपये (110 मिलियन अमरीकी डालर) का निवेश कर रहा है। कंपनी ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उद्योग मंत्री उदय सामंत एवं महाराष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में यह घोषणा की। एक बार परिचालन शुरू होने पर, इस प्लांट में वर्ष में 159,000 किलोलीटर ल्यूब्रीकेंट्स तैयार करने की क्षमता है, जिससे औद्योगिक क्षेत्रों जैसे निर्माण, इस्पात, बिजली, खनन, यात्रा एवं वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा किया जाएगा। यह प्लांट वर्ष 2025 के अंत में शुरू होने की उम्मीद है।

## राष्ट्रीय इनोवेशन प्रतियोगिता सॉल्व फॉर टुमारो का दूसरा संस्करण लॉन्च



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैमसंग इंडिया ने आज से शुरू हुई अपनी राष्ट्रीय शैक्षणिक और इनोवेटिव प्रतियोगिता सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो के दूसरे संस्करण के लिए मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (मिटी) के स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (फिट), आईआईटी दिल्ली के साथ भागीदारी की है। सॉल्व फॉर टुमारो के साथ, सैमसंग का लक्ष्य देश के युवाओं के बीच इनोवेटिव सोच और समस्या का समाधान करने वाली संस्कृति का विकास करना है। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो के दूसरे संस्करण का उद्घाटन अल्केश कुमार शर्मा, सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी और जोंगबम पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया।

# मां मंगला की पूजा कर भक्तों ने की सुख-समृद्धि की कामना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** कांड्रा व आसपास के गांवों में मां मंगला पूजा का धूमधाम से पारम्परिक विधि विधान से आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्त श्रद्धालुओं ने मां मंगला की पूजा कर परिवार के सुख, समृद्धि की कामना की। कांड्रा में आयोजित इस पूजनोत्सव के अवसर पर प्रातःकाल में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें शामिल काफी संख्या में महिलाओं ने छोटा तालाब से गाजे-बाजे के साथ घट यात्रा निकाली। इस मौके पर कई स्थानों पर मां मंगला की पूजा-अर्चना कर मन्नत पूरी होने पर माता को मुर्गा की बली चढ़ाई गई। कांड्रा के आजाद बस्ती, कंचन पाड़ा, एसकेजी मुखी कॉलोनी, बानाडुंगरी समेत कई स्थानों पर इस पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। कांड्रा के आजाद बस्ती में विगत 76 वर्षो से इस पूजनोत्सव का आयोजन किया जाता है। मनाते आरहे है।वही कांड्रा आजाद बस्ती में सूरज मुखी और राजू मुखी के घर में मंगला पूजा कई वर्षो से की जा रही है। इसके आयोजन में सूरज मुखी, राजू मुखी, अमित मुखी, विनोद तांती, शशि दास, शंकर नायक, विकास दास, डॉली देवी, नीतू मुखी आदि का योगदान रहा।

## आरवीएस कॉलेज में दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में आज से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत हुई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स विषय पर यह प्रथम अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी है जिसका आयोजन कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग ने किया है । उद्घाटन समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि कुलपति, झारखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, डॉ . विजय पाण्डेय का स्वागत कॉलेज के अध्यक्ष बिन्दा सिंह ने और विशिष्ट अतिथि निदेशक यूसेट, हजारीवाग, डॉ. आशिष कुमार साहा का स्वागत कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने शॉल एवं प्रतिक चिन्ह देकर किया।

## एकमुश्त समझौता योजना फिर से शुरु करने पर मनसाराम ने जताया सीएम का आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** बिजली विभाग की ओर से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए फिर से एकमुश्त समझौता योजना (ओटीएस) लागू करने पर आम आदमी पार्टी के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष सह लायाडीह निवासी मनसाराम पावरी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया है। उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि खासकर पटमदा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह योजना काफी राहत पहुंचाने वाली है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष 18 जनवरी को उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर इसे फिर से शुरू कराने की मांग की थी। साथ ही विद्युत विभाग के महाप्रबंधक से भी मिलकर ज्ञापन सौंपा था।

# भाजपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ खासमहल में कांग्रेस का नुक्कड सभा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खासमहल :** जमशेदपुर ग्रामीण प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में खासमहल चौक पर भाजपा सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ नुक्कड सभा का आयोजन संध्या 5 बजे से प्रखण्ड अध्यक्ष आशीष ठाकुर के अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर सुबोध सिंह सरदार ने बीजेपी पर हमला करते हुए हुए कहा कि जब से देश में भाजपा सरकार आई है, तब से मोदीजी का सबसे बड़ा मित्र अडानीजी हो गया है, गरीबों का पैसा लूट कर अमीरों को दे



रहे है, एलआईसी एवं एसबीआई के निवेश को भी अडानी को दिलवा दिये। कांग्रेस चौक चौराहे, हाट बाजार तथा घर घर जा कर मोदीजी का कारनामा बताऐगें। अजय मंडल प्रभारी जमशेदपुर ग्रामीण प्रखण्ड ने कहा कि मोदी ने महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी उपक्रम बेचने वाले के नाम से जाने जाएगें। वक्तागण में भरत सिंह, अशोक झा, समरेन्द्र नाथ तिवारी, नलनी सिन्हा, सुल्तान अहमद ने संबोधित कर महंगाई बढाने, बेरोजगारी बढाने, पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर का दाम ऐसी तैसी करने करने पर मोदी सरकार का भ्रत्सना किया। अधिवक्ता बलराम दास ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेता राहुल गाँधी से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया तथा वरिष्ठ नेतागण ने अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया।

# छऊ नृत्य कला केंद्र को मारवाड़ी युवा मंच ने गिफ्ट किया म्यूजिक सिस्टम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला शाखा द्वारा छऊ डांस कला केंद्र सरायकेला को एक म्यूजिक सिस्टम उपहार के रूप में समर्पित किया गया एवं आगे भी हर सम्भव किसी तरह के मदद हेतु तत्पर रहने की बात कही गयी। अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला सह कला केंद्र के पदेन सचिव रामकृष्ण कुमार ने मारवाड़ी युवा मंच के इस पहल की प्रशंसा करते हुए मंच के सदस्यों का सम्मान किया। मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कहा छऊ नृत्य कला हमारे सरायकेला की सांस्कृतिक पहचान है एवं हमारे राष्ट्रीय धरोहर है, विश्व पटल के कला जगत में हमारे सरायकेला का नाम छऊ के कलाकार एवं गुरुओं द्वारा रोशन होता आया है। इसके संरक्षण एवं विकास के लिए हम सबों का हरसम्भव सहभागिता होना चाहिए। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला शाखा के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, अनमोल चौधरी, अनमोल सकेसरिया, यतिराज बुधिया, केशव चौधरी, अभिषेक सकेसरिया एवं साकेत सेकसरिया सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# प्रभात कुमार महतो बने झारखंड लोक कलाकार संघ के सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के चोगा निवासी सह अन्तर्राष्ट्रीय छऊ कलाकार प्रभात कुमार महतो पुनः झारखंड लोक कलाकार संघ का सचिव बने। संघ कार्यालय चापू टोली रांची में संघ की उपाध्यक्ष अनीता उरांव की अध्यक्षता में आम सभा के माध्यम से संघ का पुनर्गठन किया गया, जिसमें गीत एवं नाटक प्रभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखंड सरकार से पंजीकृत गुमला, रांची लोहरदगा, सिमडेगा, लातेहार, धनबाद, सरायकेला खरसवा, चाईबासा,



खूंटी, इत्यादि जिला के कुल 58 सांस्कृतिक कला दलों के दल नेता शामिल हुए। सर्वसम्मति से चंद्रदेव सिंह को अध्यक्ष ,अनीता उरांव को उपाध्यक्ष, प्रभात कुमार महतो को संघ का सचिव ,लक्ष्मीनाथ महतो को कोषाध्यक्ष कार्यकारिणी समिति में लोहरदगा से लोकनाथ लोहरा खूंटी से लखन गुड़िया रांची से जगरनाथ महतो, शहाबुद्दीन अंसारी, मेघनाथ महतो , मनोज महतो, फुलमनी कुजूर का चयन किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का प्रेस क्लब रांची में किया जाएगा । इसकी जानकारी प्रभात कुमार महतो ने दिया।

## जनप्रतिनिधि के प्रयास से सड़क का पक्कीकरण हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड तीन में पार्षद पिंकी चौधरी और प्रतिनिधि बंकिम चौधरी के प्रयास से पथ निर्माण विभाग की ओर से विगत दिनों मरम्मत की गई सड़क का पक्कीकरण किया गया। चौधरी ने बताया कि एमटीसी मॉल के सामने मुख्य मार्ग से अंदर की ओर जाने वाले रास्ता का पक्कीकरण किया गया। इससे उस ओर बस्ती में रहने वाले सैकड़ों परिवार को अब आबाजाही में सहूलियत होगी। इस मार्ग के निर्माण होने से स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। इस दौरान देवाशीष दास, शंभु कर्मकार, सरोज मुखर्जी, टीकाराम महतो समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# जैन समाज ने हर्षोल्लास से मनाया भगवान महावीर जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के देवलटांड़, आगसीया व नवाडीह में जैन मंदिरों में मंगलवार को भगवान महावीर का जयंती धूमधाम से मनाया गया। हजारों साल पुरानी प्रसिद्ध जैन मंदिर देवलटांड़ में पुजारी मदन मांझी, प्रफुल्ल, जीतेन्द्र व सुरेन्द्र मांझी द्वारा विधि विधान से अक्षत,फल व चंदन से पूजा अर्चना किया गया। वहीं रात को महाआरती के बाद नमोकार महामंत्र का जाप के बाद ही स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि प्रसिद्ध जैन मंदिर देवलटांड़ में प्रतिवर्ष जैन मुनियों का आगमन होता है और देश के कोने कोने से जैन धर्मावलंबी मंदिर पहुंचकर पुजा अर्चना करते हैं। वहीं आयोजन समिति के अजीत मांझी ने बताया कि आज हमारे यहां प्रसिद्ध जैन मंदिर देवलटांड़ में पारम्परिक रिती रिवाज से भगवान महावीर जयंती मनाया जा रहा है। मौके पर अध्यक्ष भूवनेश्वर मांझी , कोषाध्यक्ष बिपीन मांझी ,संजीत, अजीत मांझी आदि उपस्थित थे।

## मोहरदा में 24 प्रहर राधा गोविंद सकीर्तन 7 अप्रैल से, तैयारी पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर के मोहरदा में 7 अप्रैल से 24 प्रहर राधा गोविंद अखंड युगल नाम यज्ञ हरि सकीर्तन का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए श्री श्री सार्वजनिक हरि सकीर्तन समिति के अध्यक्ष सह ग्राम प्रधान त्रिलोक नाथ प्रधान ने बताया कि 6 अप्रैल को गंध दिवस का आयोजन कर पूजा अर्चना करके आहान की जाएगी। 7 अप्रैल को विधिवत पूजा अर्चना के साथ राधा गोविंद सकीर्तन का नाम जाप शुरू होगा जो की अनवरत 72 घंटा तक जारी रहेगा।=सकीर्तन मंडली में श्री पोरमोयो प्रधान अष्ट सकीर्तन मंडली नाडूपोदा चक्रधरपुर, अरुण दास तिगड़ा झालदा, बासुदेव महतो बुंडू तमाड़, सहदेव मंडल उरुगुटु महिला संप्रदाय, राशू गोस्वामी निधाटांड़, वीरग्राम महिला संप्रदाय, जानकीदास चोकान बारी, पुरुलिया, सुदर्शन बेहरा, मोहरदा गौड बस्ती मंडलियों द्वारा राधा गोविंद के नाम का जाप किया जाएगा। 10 मई को भव्य धुलोट, गांव परिभ्रमण व महंत विदाई के साथ सकीर्तन का समापन होगा। सकीर्तन के सफल आयोजन को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है।

# चांडिल बांध विस्थापित मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नीमडीह :** चांडिल बांध विस्थापित मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति का वार्षिक आमसभा नौका विहार में नारायण गोप के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आमसभा में सचिव श्यामल मार्डी ने वित्तीय वर्ष 2022 - 2023 का समिति के लेखा जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष नारायण गोप ने कहा कि चांडिल डैम में मत्स्य पालन के लिए बहुत संभावनाएं हैं और आसपास क्षेत्र में पर्यटन स्थल विकसित करने के लिए भी अनेक स्थान है। विस्थापित परिवार इन क्षेत्रों से भी रोजगार उपलब्ध कर सकते हैं। सचिव श्यामल मार्डी ने कहा कि चांडिल डैम में विस्थापित सदस्य रोजगार के लिए जो भी योजना शुरु करना चाहते हैं वे समिति को आवेदन दें। समिति सभी प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार है। आम सभा में समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नारायण गोप, सचिव श्यामल मार्डी, कोषाध्यक्ष किरण हेंब्रम तथा पुष्पा गोप, सीमा हांसदा, पनसरी माझी, गोम्हा हांसदा, सुनीता हेंब्रम, कार्तिक महतो, पंचानन महतो व देवेन महतो को कार्यकारिणी सदस्य चयन किया गया। समिति के कार्य की देख रेख के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया। जिसमें रसूनिया पंचायत के मुखिया मंगल माझी, चांडिल पंचायत के मुखिया मनोहर सरदार, वासुदेव आदित्यदेब, आकलू धीवर, उपेन महतो, बासु घुनिया, सनातन मार्डी व ईश्वर गोप को शामिल किया गया।

# खरसावां व कुचाई में मां मंगला की पूजा पर दी गई बकरा व मुर्गा की बलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के देहरूडीह गांव में जय मॉ मंगला पूजा-समिति के द्वारा मां मंगला की पूजा-अर्चना की कर सुख शांति और समृद्धि की कामना हुई। महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर खरसावां के माड़वाडी तलाब में पूजा-अर्चना कर कलश में जल भरकर पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ मां मंगला की घट यात्रा (कलश यात्रा) निकली गई। इस दौरान विभिन्न मांगों पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह रोककर पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना के लिए खरसावां के तलसाई, पदमपुर मोलाडीह, बेहरासाई, कदमडीहा, देहरूडीह, कुम्हारसाही, दलाईकेला, कुदासिंगी, बुढितोपा, पोटोबेड़ा, आमदा कुचाई के जिलिंगदा, कुजांडीह, मरांगहातु, जोजोहातु, अरूवां सहित विभिन्न गांवों से पहुचकर महिलाओं ने मां मंगला से अपने घर की सुख शांति की कामना के लिए बकरे,मुर्गा व बतख की बली दी। गांव के पुजारी के अनुसार खरसावां के देहरूडीह गांव में 1988 से मां मंगला की पूजा-अर्चना होती आ रही है। इस दौरान मुख्य रूप से प्रकाश मुखी,दिनेश मुखी,रंजीत मुखी,पिनु मुखी,सुमीत शुभम,विनित मुखी, छोटु मुखी आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# बिजली को मुफ्त का झटका

**मुफ्त** की तहरीर भी कीमत वसूलती है, यहां तो कीमत को मुफ्त की जागीर मिली है। राजनीति को अर्थशास्त्र भले कुछ न समझा सके, मगर वित्तीय प्रबंधन की जिम्मेदारी हिसाब मांगती है। यही हिसाब-किताब हिमाचल के अर्थतंत्र को यथार्थ दिखाते हुए बिजली का झटका दे रहा है। ऐसे में सियासी नजाकत में भरा हर नूर काफी है बजट को डुबोने के लिए। अब हकीकत के मोड़ पर, सिर पर चांदनी का कफन पहने हिमाचल ने बिजली आपूर्ति के सारे भ्रम तोड़े हैं। यानी जो वर्ग मुफ्त की बिजली नहीं चाहता उसी को महंगी आपूर्ति से अपना सिर खुजलाना पड़ेगा। हमने अपने साप्ताहिक प्रश्न में आम नागरिकों से जब पूछा कि क्या उन्हें मुफ्त की बिजली चाहिए, तो बहुपक्ष में ऐसे किसी प्रस्ताव का समर्थन नहीं हुआ, लेकिन सरकारी फैसलों की कंदराओं में नाखून भरे हैं। बिजली, पानी या इसी तरह की तमाम सुविधाओं को हमेशा तर्कसंगत अंदाज से जनता को संबोधित करना इतना भी आसान नहीं कि एक ओर मुफ्त की बिजली हो और दूसरी ओर बिजली का नया बिल हो। घरेलू उपभोक्ताओं को अब 125 यूनिट से अधिक खपत पर 22 पैसे और व्यावसायिक तथा औद्योगिक उद्देश्य के लिए 46 पैसे प्रति यूनिट अधिक चुकाने पड़ेंगे। वाहन चार्जिंग स्टेशन के लिए भी 12 पैसे प्रति यूनिट बिजली की दरें बढ़ रही हैं। अब 300 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 5.22 रुपए की दर से भुगतान करना होगा, इस तरह मुफ्त के बाजार में जो लोग नहीं रहना चाहेंगे, उन्हें अब अपनी जेब को खाली करना पड़ेगा। यानी सरकार को अपनी गारंटी के माप तोल में तीन सौ यूनिट तक के उपभोक्ताओं की भले ही आगे चलकर मुफ्त की मीटर रीडिंग करनी पड़े, लेकिन इस सीमा से ऊपर नई विद्युत दरों का भौकाल खड़ा है। फिलहाल 125 यूनिट तक के कुल 14 लाख उपभोक्ता मुफ्त की बिजली सेंक रहे हैं। यानी कुल 24 लाख हिमाचली उपभोक्ताओं में से आधे से अधिक अब सरकार के जवाई हैं, तो बाकी बचे दस लाख भी अगर तीन सौ यूनिट की मुफ्त की परिधि में आ गए, तो बिजली दरों का जमूरा नाचेगा कैसे। जनता की सुविधा के लिए बता दें कि अब 125 से एक यूनिट भी ज्यादा खपत की तो कुल 126 यूनिट का बिल आएगा 525 रुपए। जो उपभोक्ता इस सीमा से ऊपर आज सरकार की तिजोरी भर रहे हैं, वे अगर कल तीन सौ यूनिट मुफ्त की बिजली रसीद करने लगे, तो शेष बचे उपभोक्ता ही विद्युत निगम की लुटिया बचाएंगे। यानी अब बिजली का खर्च उठाने के लिए या तो बाजार, व्यापार, उद्योग मदद करेगा या तीन सौ यूनिट से ऊपर जाने वाले उपभोक्ता को जेब ढीली करनी पड़ेगी। कल जब तीन सौ तक मुफ्त बिजली होगी तो 301 यूनिट खपत होते ही घर आएगा डेढ़ हजार का बिल। बिजली की ताकत अब बड़े उपभोक्ताओं या संयुक्त परिवारों के आंगन में ही बसेगी। ऐसे में अब उपभोक्ताओं की नीयत का बंटवारा विद्युत निगम कर रहा है। पहले ही कुछ अति चतुर नागरिकों ने अपने घर को बिजली के मीटरों में इस तरह विभक्त कर लिया है कि मुफ्त की बिजली अब नीतियों की बैसाखी बनकर कैद होकर रह गई है। कल इसी तरह मुफ्त बिजली पाने की प्रेरणा तीन सौ यूनिट तक के विभाजन में निगम की आर्थिक बिजली गुल करेगी। जाहिर है एक ओर विद्युत आपूर्ति की मद में राज्य को अपने राजस्व घाटे की आपूर्ति करनी है, तो दूसरी ओर चुनावी गारंटी के उद्घोष में आर्थिक वजह को खारिज करना है। बजट की ऐसी व्यवस्था में राज्य के संसाधनों को लूटने की चोर प्रवृत्ति को एक तरह से आसरा ही मिलेगा, क्योंकि वर्तमान दरें उपभोक्ताओं को मुफ्त की दरियादिली में धकेल जरूर देंगी। राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए जनता का योगदान सर्वोपरि है, लेकिन यहां मुफ्तखोरी का बोझ बढ़ते-बढ़ते नैतिकता के उद्घोष को सुन्न कर देगा। जनता हर बढ़ोतरी को प्रदेश के हित में सहन कर सकती है, लेकिन इस तरह का जादू नहीं देखना चाहेगी कि एक तरफ बिजली महंगी होती रहे तो दूसरी ओर मुफ्त के बल्ब जलते रहें।

> बिजली, पानी या इसी तरह की तमाम सुविधाओं को हमेशा तर्कसंगत अंदाज से जनता को संबोधित करना इतना भी आसान नहीं कि एक ओर मुफ्त की बिजली हो और दूसरी ओर बिजली का नया बिल हो। घरेलू उपभोक्ताओं को अब 125 यूनिट से अधिक खपत पर 22 पैसे और व्यावसायिक तथा औद्योगिक उद्देश्य के लिए 46 पैसे प्रति यूनिट अधिक चुकाने पड़ेंगे। वाहन चार्जिंग स्टेशन के लिए भी 12 पैसे प्रति यूनिट बिजली की दरें बढ़ रही हैं। अब 300 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 5.22 रुपए की दर से भुगतान करना होगा, इस तरह मुफ्त के बाजार में जो लोग नहीं रहना चाहेंगे, उन्हें अब अपनी जेब को खाली करना पड़ेगा। यानी सरकार को अपनी गारंटी के माप तोल में तीन सौ यूनिट तक के उपभोक्ताओं की भले ही आगे चलकर मुफ्त की मीटर रीडिंग करनी पड़े, लेकिन इस सीमा से ऊपर नई विद्युत दरों का भौकाल खड़ा है।

## कुछ अलग

# नफरती बोल, राज्य 'नपुंसक'

**सर्वोच्च** अदालत में एक न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि नफरती भाषण और बयानबाजी दिए जा रहे हैं, क्योंकि राज्य नपुंसक हैं। राज्य शक्तिहीन हैं। राज्य वक्त पर कार्रवाई नहीं करते। ऐसे नफरती बोल उसी क्षण रुक सकते हैं, जब राजनीति और धर्म को अलग-अलग कर दिया जाए। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सवाल उठाया है कि आखिर हमें ऐसा राज्य क्यों चाहिए, जब सब कुछ नफरती हो रहा है?' हालांकि न्यायाधीश की 'नपुंसक' वाली उपमा अतिरेकपूर्ण है। कमोबेश लोकतांत्रिक नहीं है। वह राज्य को कमज़ोर, अक्षम, अप्रभावी, अनिर्णायक आदि कुछ भी कह सकते थे, लेकिन 'नपुंसक' के मायने हैं कि परोक्ष रूप से देश की जनता जिम्मेदार है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता ही अपनी सरकार चुनती है। नफरती बयानबाजी दो पक्षों के बीच अधिक है। एक लगातार 'हिंदू राष्ट्र' बनाने को लोगों को उकसा रहा है। लाखों की भीड़ जुटाई जा रही है। दूसरा पक्ष ऐसा है, जो 'सरकलम' तक करने को उन्मादित है। सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी आदि समुदायों की ओर से नफरत के बोल अपवाद ही हो सकते हैं। हाल ही में रामनवमी के दिन जुलूस पर कई राज्यों में पथराव किया गया, हिंसा और आगजनी तक की गई। ऐसा बार-बार होता है, क्योंकि इनके मूल में 'नफरत' है। न्यायिक पीठ के सामने भारत सरकार के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार नहीं, केरल सरकार खामोश है। मई, 2022 में पीएफआई ने एक रैली के दौरान आह्वान किए कि हिंदुओं और ईसाइयों के नरसंहार कर दो। बेशक आज इस संगठन पर भारत सरकार की पाबंदी है, लेकिन ऐसे भडक़ाऊ और हत्यारे बयान आज भी फिज़ाओं में हैं। द्रमुक पार्टी के एक प्रवक्ता का बयान भी उद्धृत किया गया, जिसमें कहा गया था कि यदि तुम्हें समानता चाहिए, तो सारे ब्राह्मणों की हत्या कर दो।' संदर्भ पेरियार का था। दरअसल ये नफरत ही नहीं, हिंसा और हत्या की पराकाष्ठा के बयान हैं। ऐसे बयानों पर अदालतों ने कभी स्वतः संज्ञान नहीं लिया, यह एक बेहद गंभीर सवाल है। अरस्तु, चाणक्य से लेकर डॉ. राममनोहर लोहिया तक ने माना है कि धर्म और राजनीति परस्पर पूरक हैं, लिहाजा दोनों को अलग करना नफरती सियासत का कोई समाधान नहीं है। 'राम मंदिर' के मुद्दे पर जो माहौल बना, उसके मद्देनजर राजनीति दोफाड़ हो गई-सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष। ऐसी राजनीति 1989 के बाद से आज तक जारी है। 'नफरती सियासत' का आगाज़ नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से हुआ, क्योंकि धर्मनिरपेक्ष और मुस्लिमवादी दल आज भी उन्हें 2002 के गोधरा सांप्रदायिक दंगों का 'खलनायक' मानते हैं। हिन्दू-मुसलमान के दोफाड़ पर हमने कई सांप्रदायिक दंगों की बर्बरता भी देखी है, लेकिन राज्य 'नपुंसक' इसलिए करार दिए जा सकते हैं, क्योंकि नफरती बयानों में धर्म का पुट भी होता है। इस संदर्भ में दिसंबर, 2021 में हरिद्वार में आयोजित 'धर्म संसद' याद आती है। उसके दौरान इस्लाम और मुसलमान को ही निशाना बनाया। कुछ साधु-संतों ने कहा कि हिन्दू या तो मरने के लिए तैयार रहें अथवा मारने के लिए।' हथियार धारण करने तक के आह्वान किए गए। दूसरी तरफ कुछ आतंकवादी चेहरों ने हिन्दुओं के 'सरकलम' तक कर दिए और धमकियां अब भी जारी हैं। ओवैसी, मदनी, रज़ा, बर्क सरीखे मुस्लिम नेताओं और मौलाना-मुल्लाओं ने 'हिन्दूवाद' की राजनीति के 'तल्ख और भडक़ाऊ' जवाब दिए हैं। चूंकि सरकारें कोई दंडात्मक या कारगर कार्रवाई नही कर पातीं, लिहाजा न्यायाधीश ने राज्य को 'नपुंसक' ही करार दे दिया है। भारत में मुस्लिम लीग, शिरोमणि अकाली दल, राम राज्य परिषद और हिन्दू महासभा आदि ऐसे राजनीतिक दल आज भी सक्रिय हैं, बाकायदा चुनाव लड़ते हैं।

## पिछले चार-पांच दशकों में अन्य नकदी फसलों को बढ़ावा देने के कदम उठाए गए

# श्रीअन्न से संवरेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

डा. जयंती लाल भंडारी

> भारत सरकार के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है, जिसे वर्ष भर देश के साथ ही वैश्विक स्तर पर उत्साह के साथ मनाने तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेट्स की मांग और स्वीकार्यता बढ़ाने के उद्देश्य से, अनेक कदम सुनिश्चित किए गए हैं।पिछले दिनों केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संसद परिसर में सांसदों के लिए 'विशेष मोटे अनाज (मिलेट्स) लंच' आयोजित करके देश-दुनिया में अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 में मिलेट्स को बढ़ावा देने की बड़ी अनूठी पहल की गई है। इस आयोजन में मोटे अनाज बाजरा से बनी खिचड़ी, रागी डोसा, रागी रोटी, ज्वार की रोटी, हल्दी की सब्जी, बाजरा चूरमा सहित कई व्यंजन परोसे गए।

**हाल** ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित वैश्विक श्रीअन्न सम्मेलन में कहा कि मोटे अनाजों (श्रीअन्न) को बढ़ावा देने का अभियान देश के लगभग ढाई करोड़ सीमांत किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए वरदान है। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत ने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर भोजन की थाली तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। खास बात यह है कि भारत के मौसम के लिहाज से मोटे अनाज की खेती अत्यधिक अनुकूल है। अधिक बारिश या फिर कम बारिश होने पर भी श्रीअन्न की फसलें अन्य अनाजों की तुलना में कम क्षतिग्रस्त होती हैं। ऐसे में श्रीअन्न को प्रोत्साहन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल मिलेगा। गौरतलब है कि इस वर्ष एक जनवरी 2023 से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (इंटरनेशनल मिलेटस ईयर) 2023 की शुरुआत हुई है। भारत सरकार के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है, जिसे वर्ष भर देश के साथ ही वैश्विक स्तर पर उत्साह के साथ मनाने तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेट्स की मांग और स्वीकार्यता बढ़ाने के उद्देश्य से, अनेक कदम सुनिश्चित किए गए हैं। पिछले दिनों केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संसद परिसर में सांसदों के लिए 'विशेष मोटे अनाज (मिलेट्स) लंच' आयोजित करके देश-दुनिया में अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 में मिलेट्स को बढ़ावा देने की बड़ी अनूठी पहल की गई है। इस आयोजन में मोटे अनाज बाजरा से बनी खिचड़ी, रागी डोसा, रागी रोटी, ज्वार की रोटी, हल्दी की सब्जी, बाजरा चूरमा सहित कई व्यंजन परोसे गए। इतना ही नहीं जी-20 की अध्यक्षता के बीच जनवरी 2023 से अब तक जी-20 की 28 से अधिक कार्यसमूह बैठकों के तहत श्रीअन्न का प्रचार-प्रसार हुआ है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में एक जिला-एक उत्पाद के तहत 19 जिलों को श्रीअन्न के लिए चुना गया है। भारत में श्रीअन्न की उपज और खपत में लगातार वृद्धि हो रही है। इसकी विभिन्न प्रजातियों की खेती 12 राज्यों में होती है। प्रति व्यक्ति खपत पहले दो किलो प्रति माह थी, जो अब बढक़र 14 किलो तक पहुंच गई है। केंद्र सरकार ने कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) को श्रीअन्न के प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी सौंपी है



और उसके संसाधन बढ़ाए हैं। एपीडा ने भी दो स्तरों पर काम प्रारंभ कर दिया। उसने ऐसे 30 प्रमुख देशों की सूची बना ली है, जो मोटे अनाज के बड़े आयातक हैं। साथ ही अपने देश के 21 राज्यों में उत्पादन बढ़ाने की कार्ययोजना भी बना ली है। एपीडा ने एक कदम और बढ़ाते हुए श्रीअन्न की खपत और कारोबार को प्रोत्साहित करने के लिए श्रीअन्न ब्रांड का निर्माण किया है। रेडी टू ईट और रेडी टू सर्व के अनुकूल श्रीअन्न पर आधारित सैंपल और स्टार्टअप जुटाए जा रहे हैं, जो ज्वार-बाजरा, रागी एवं अन्य मोटे अनाजों से नूडल्स, बिस्कुट, ब्रेकफास्ट, पास्ता, सीरियल मिक्स, कुकीज, स्नैक्स एवं मिठाइयां आदि बना सकें ताकि विश्व बाजार में निर्यात को बढ़ावा देने में सहूलियत हो सके। मोटे अनाज की फसलों की सरकारी खरीद को भी प्रोत्साहित करने के लिए राज्यों को विशेष रियायतें दी गई हैं। इसमें तीन महीने के भीतर इन अनाजों के वितरण की अनिवार्यता को समाप्त कर इसे छह से 10 महीने कर दिया गया है। वस्तुतः मोटे अनाजों को पोषण का पावर हाउस कहा जाता है। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्वों, विटामिन और खनिजों का भंडार है। छोटे बच्चों और प्रजजन आयु वर्ग की महिलाओं के पोषण में विशेष लाभप्रद हैं। शाकाहारी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के दौर में मोटा अनाज वैकल्पिक खाद्य प्रणाली प्रदान करता है। श्रीअन्न केवल भोजन या खेती तक ही सीमित नहीं हैं। भारतीय परंपरा में यह गांवों-गरीबों से जुड़ा है। छोटे किसानों के लिए समृद्धि का द्वार, करोड़ों लोगों के पोषण का आधार व आदिवासियों का सम्मान है। सामान्य भूमि और कम पानी में भी उगाया-उपजाया जा सकता है। यह रसायनमुक्त है। उर्वरा शक्ति को बढ़ाता है। खेती के लिए खाद की जरूरत नहीं पड़ती। जलवायु परिवर्तन से निपटने में मददगार है। इनकी खेती सस्ती और कम चिंता वाली होती है। मोटे अनाजों का भंडारण आसान है और ये लंबे समय तक संग्रहण योग्य बने रहते हैं। विभिन्न दृष्टिकोणों से मोटे अनाज की फसलें किसान हितैषी फसले हैं। ज्ञातव्य है कि देश में कुछ दशक पहले तक सभी लोगों की थाली का एक प्रमुख भाग मोटे अनाज हुआ करते थे। फिर हरित क्रांति और गेहूं-चावल पर हुए व्यापक शोध के बाद गेहूं-चावल का हर तरफ अधिकतम उपयोगी होने लगा। मोटे अनाजों पर ध्यान कम हो गया। स्थिति यह है कि कभी हमारे खाद्यान्न उत्पादन में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले मोटे अनाज की हिस्सेदारी इस समय 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। निश्चित रूप से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के तहत सरकार की यह रणनीति होनी चाहिए कि जिस तरह से पिछले चार-पांच दशकों में अन्य नकदी फसलों को बढ़ावा देने के कदम उठाए गए हैं, उसी तरह के कदम मोटे अनाजों के संदर्भ में भी उठाए जाएं। इनका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाना होगा। देश के कृषि अनुसंधान संस्थानों के द्वारा मोटे अनाजों पर लगातार शोध बढ़ाया जाना होगा। देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आम आदमी तक गेहूं एवं चावल की तुलना में मोटे अनाज की अधिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मोटे अनाजों की सरकारी खरीद बढ़ाई जानी होगी। साथ ही मोटे अनाजों के निर्यात को अधिक ऊंचाई देने की नई रणनीति भी बनाई जानी होगी। हम उम्मीद करें कि 18 मार्च को आयोजित खाद्य सुरक्षा एवं पोषक के प्रति जागरूकता के वैश्विक सम्मेलन से जिस तरह श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर प्रचलन में लाने की जो जोरदार कोशिश आगे बढ़ी है, वह कोशिश जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 के विभिन्न 200 से अधिक कार्य समूहों की बैठकों के माध्यम से और प्रभावी रूप से आगे बढ़ेगी। हम उम्मीद करें कि अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष भारत के लिए मोटे अनाज सहित खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारे प्राचीन पोषक-अनाज को भोजन की थाली में पुनः सम्मानजनक स्थान मिल सकेगा। साथ ही इससे कुपोषण और खाद्य चुनौती का सामना किया जा सकेगा। साथ ही देश के द्वारा इस वर्ष 2023 में श्रीअन्न की अहमियत आर्थिक संसाधन के रूप में विकसित करके श्रीअन्न के निर्यात से अधिक विदेशी मुद्रा प्राप्त की जा सकेगी।

# अंतरिक्ष में इसरो के बढ़ते कदम

> रॉकेट लांच होने के 19 मिनट बाद ही उपग्रहों के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सभी 36 उपग्रह अलग-अलग चरणों में पृथक हो गए। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है और ब्रिटेन (यूके) स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के बाद अब पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो गई है। इस सफल अभियान से दुनिया के प्रत्येक हिस्से में स्पेस आधार ब्रॉडबैंड इंटरनेट योजना में मदद मिलेगी। इस वर्ष फरवरी में एसएसएलवी-डी2/ ईओएस07 मिशन के सफल लांच के बाद इसरो का यह दूसरा सफल लांच था।इसरो का 43.5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलएमवी3 अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है और 26 मार्च को इसकी छठी सफल उड़ान थी। एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था।

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) अंतरिक्ष की दुनिया में निरन्तर कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। अब इसरो ने पिछले दिनों कुल 5805 किलोग्राम वजनी 36 उपग्रह एक साथ लांच कर एक बार फिर नया इतिहास रच दिया। इसरो के बाहुबली कहे जाने वाले सबसे भारी भरकम प्रक्षेपण यान 'एलएमवी3' (लांच व्हीकल मार्क-3) ने ब्रिटिश कम्पनी के इन उपग्रहों को लेकर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी और इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) पर लांच कर दिया। इसरो द्वारा इस रॉकेट मिशन कोड का नाम एलएमवी3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन रखा गया था। रॉकेट लांच होने के 19 मिनट बाद ही उपग्रहों के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सभी 36 उपग्रह अलग-अलग चरणों में पृथक हो गए। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है और ब्रिटेन (यूके) स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के बाद अब पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो गई है। इस सफल अभियान से दुनिया के प्रत्येक हिस्से में स्पेस आधार ब्रॉडबैंड इंटरनेट योजना में मदद मिलेगी। इस वर्ष फरवरी में एसएसएलवी-डी2/ईओएस07 मिशन के सफल लांच के बाद इसरो का यह दूसरा सफल लांच था। इसरो का 43.5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलएमवी3 अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है और 26 मार्च को इसकी छठी सफल उड़ान थी। एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था।




ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है और वनवेब के 36 उपग्रहों की यह अंतिम किस्त थी। वनवेब के पास अभी तक अंतरिक्ष की कक्षा में 582 उपग्रह थे और अब इसरो का यह मिशन सफल होने के बाद भारत के भारती एंटरप्राइजेज और यूके सरकार की ओर से समर्थित ब्रिटेन की कम्पनी वनवेब के पास अंतरिक्ष में परिक्रमा करने वाले 618 उपग्रह हो गए हैं। वनवेब जेन-1 सैटेलाइट 150 किलोग्राम वर्ग के हैं। 26 मार्च को इसरो द्वारा लांच किए गए 36 उपग्रह वनवेब के लिए 18वां लांच था। वनवेब के मुताबिक इन उपग्रहों के जरिये वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज देने में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। वनवेब के उपग्रह प्रक्षेपणों के जरिये भारत के विभिन्न उपक्रमों के अलावा स्कूलों, गांवों, नगर निगमों, कस्बों सहित उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित सम्पर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। तारामंडल में 648 अलग-अलग उपग्रह शामिल हैं, जिनमें से 588 सक्रिय उपग्रह 12 विमानों में समान रूप से अलग होकर पृथ्वी की सतह से करीब 1200 किलोमीटर की ऊंचाई पर संचालित होते हैं। अंतर-विमान टकराव को रोकने के लिए प्रत्येक विमान को ऊंचाई में 4 किलोमीटर से अलग किया जाता है। पेलोड एक बेंट-पाइप सिस्टम है, जो कू और के बैंड में काम करता है। फॉरवर्ड लिंक गेटवे से के-बैंड सिग्नल को उपग्रह के एंटीना के माध्यम से प्राप्त करता है। इसरो के मुताबिक वापसी लिंक उपग्रह के एंटीना के माध्यम से उपयोगकर्ता टर्मिनलों (यूटी) से केयू-बैंड सिग्नल प्राप्त करता है। वनवेब का इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' (एनएसआईएल) के साथ कुल 72 उपग्रह लांच करने का एक हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की लांच फीस का करार हुआ था, जिसमें से एक पिछले साल पूरा हो हो गया था, जब एलएमवी3 रॉकेट से ही इसरो ने 23 अक्तूबर 2022 को वनवेब के 36 उपग्रह लांच किए थे। अब फिर से इसी भारी भरकम रॉकेट से दूसरी बार इसी निजी कम्पनी के 36 उपग्रह सफलतापूर्वक लांच किए गए हैं और इस प्रकार एलएमवी3 की सफलता दर सौ फीसदी है। एलएमवी3 तीन चरणों वाला रॉकेट है, जिसमें पहले चरण में तरल ईंधन, ठोस ईंधन द्वारा संचालित दो स्ट्रैप-ऑन मोटर, तरल ईंधन द्वारा संचालित दूसरा और क्रायोजेनिक इंजन होता है। इसरो के इस भारी भरकम रॉकेट की क्षमता एलईओ तक 10 टन और जियो ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक चार टन वजन ले जाने की है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के मुताबिक एलएमवी3 रॉकेट में गगनयान मिशन के लिए जरूरी लांचरों की ही भांति एस200 मोटर्स लगाए गए थे। एलवीएम3-एम3 रॉकेट में एस200 मोटर्स भी हैं, जिन्हें बढ़े हुए मार्जिन और विशेषताओं के साथ डिजाइन किया गया है और यह गगनयान कॉन्फिगरेशन के अनुकूल हैं। इसरो प्रमुख के अनुसार इस रॉकेट में और भी कई सुधार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य इसे अन्य चरणों और प्रणालियों में भी मानव-रेटेड बनाना है। वनवेब के लिए इसरो के इस सफल मिशन के बाद वर्ष 1999 से लेकर अब तक अंतरिक्ष में भारत की ओर से लांच किए गए विदेशी उपग्रहों की कुल संख्या 422 हो गई है। इसरो के भविष्य के मिशनों के बारे में इसरो प्रमुख का कहना है कि इसरो के वैज्ञानिक अप्रैल में एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के व्यावसायिक प्रक्षेपण की तैयारी कर रहे हैं और जल्द ही अगले लांच अभियान के लिए तैयार हो रहे हैं। इसरो की अगले साल जून में चंद्रयान-3 मिशन को चंद्रमा पर लांच करने की योजना को भी मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत गगनयान मिशन में तीन सदस्यों के एक दल को तीनदिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन को 2024 की चौथी तिमाही में लांच करने का लक्ष्य रखा गया है। एस सोमनाथ का कहना है कि वह गगनयान मिशन की दिशा में हो रही प्रगति को देखकर काफी प्रसन्न हैं। भारत ने अपने ही बलबूते पर लंबे समय से अंतरिक्ष में अपनी पैठ बनाने में कई स्तरों पर बेहतरीन प्रयोगों और उसमें सफलता के जरिये स्वयं को एक मजबूत केन्द्र के रूप में विश्व के समक्ष साबित किया है। भारत ने विश्व के अन्य देशों के मुकाबले विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र में निरन्तर उच्चस्तरीय कार्यों के जरिये वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपण के बाजार में बेहतर और सुरक्षित विकल्प पूरी दुनिया को दिया है। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष में प्रयोग करने के मामले में कई देशों और अंतरिक्ष कम्पनियों का भरोसा अब इसरो की वाणिज्यिक शाखा पर बढ़ रहा है। बहरहाल, अंतरिक्ष की दुनिया में इसरो जिस प्रकार लगातार सफलता का परचम लहरा रहा है।

## देश दुनीया से

# आवश्यक है सभ्य एवं संवेदनशील आचरण

**जब** हम दूसरे व्यक्तियों, प्राणियों तथा जीव-जंतुओं की परेशानी, तकलीफ या दुःख-दर्द को स्वयं में अनुभव करते व्यथित तथा द्रवित होने लगते हैं तो समझो हम शालीन, विनम्र एवं संवेदनशील हो रहे हैं। यह हमारे व्यक्तित्व का अमूल्य तथा असाधारण गुण है। मन, वचन एवं कर्म से अपने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आचरण तथा कृत्य से किसी को किसी प्रकार का दुःख तकलीफ न पहुंचाना, परेशान न करना ही संवेदनशील आचरण है। हमारे समाज में प्रत्येक घर, परिवार, गली, मुहल्ले, गांव, समाज, सम्प्रदाय में पूरा वर्ष भर शादी-विवाह, पार्टियां, मेले, त्योहार, कीर्तन, जागरण, कथा-भागवत कथा सप्ताह, धार्मिक एवं सार्वजनिक उत्सव होते ही रहते हैं। धार्मिक आस्था के आनंद में मंदिरों में जयकारे, शंखनाद, घंटियां, ढोल-नगाड़े, श्रद्धालुओं के दलों का भक्ति के वातावरण में झूमना, अपने इष्ट के लिए नाचना, सुबह-शाम की आरती, गुरद्वारों में शब्द-कीर्तन, जयघोष, मस्जिदों में हर रोज़ पांच बार की नमाज़, गिरिजाघरों में प्रार्थनाएं होना स्वाभाविक है। यह हमारी श्रद्धा, भक्ति, आस्था का प्रश्न है। इस पर कोई टिप्पणी भी नहीं हो सकती क्योंकि पूजा पाठ पद्धति, धर्म-कर्म आस्था तथा विश्वास किसी भी व्यक्ति का व्यक्तिगत मामला है। प्रत्येक व्यक्ति, समुदाय मत, सम्प्रदाय तथा धर्म स्वतन्त्र है अपने आनन्द, उल्लास तथा अभिव्यक्ति के लिए। यह होना भी चाहिए क्योंकि यही हमारी सांस्कृतिक एवं धार्मिक विविधता है। सभी मतों, धर्मों तथा संस्कृतियों को स्वीकारते हुए हम एकता के सूत्र में भी बंधे हैं। लेकिन किसी भी जाति, समाज, धर्म, मत, समुदाय तथा संप्रदाय होने से पूर्व हम एक सामाजिक प्राणी तथा मनुष्य हैं, एक जागरूक नागरिक हैं तथा हम सभी को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए। संविधान ने हम सभी को स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया है। यह स्वतन्त्रता तब समाप्त हो जाती है जब यह किसी और व्यक्ति की स्वतन्त्रता के लिए घातक हो जाती है। गैर जिम्मेदाराना व्यवहार, अमर्यादित आचरण तथा उतावलापन बन्द होना चाहिए। वैसे भी दूसरे को परेशान कर आपको कभी भी मानसिक एवं और आत्मिक शान्ति नहीं मिल सकती। अपनी अपनी रीतियों, संस्कृतियों, विधि-विधानों तथा वृतियों के अनुसार हम अपना आनन्द लेते हैं, लेकिन अपनी मौज-मस्ती, उल्लास एवं आनन्द में हम दूसरे के दुःख तकलीफ का ध्यान रखना भूल जाते हैं। जहां इस समाज में खुशियों के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं वहीं यह भी तो सत्य है कि इसी समाज में मृत्यु, शोक, बीमारी तथा पीड़ा से भी अनेकों लोग ग्रसित हैं। क्या यह भी सत्य नहीं है कि प्रत्येक परिवार में छोटे-छोटे मासूम बच्चे तथा पीड़ा एवं बीमारियों से ग्रसित बूढ़े भी रहते हैं? क्या यह भी सत्य नहीं है कि प्रत्येक परिवार में पढने वाला बच्चे तथा युवा भी आये दिन परीक्षाओं की तैयारी में जुटे रहते हैं? सबको मिलाकर यह समाज बनता है। इसलिए एक जिम्मेदार नागरिक बन कर हमें अपने कुशल व्यवहार तथा संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। किसी के दुख, तकलीफ, परेशानी की कीमत पर आपको आनन्द और उल्लास का लाईसेंस नहीं मिल सकता। प्रायः समाज में देखा गया है कि कथा, उद्यापन, भागवत, विवाह, पार्टी या धार्मिक तथा सामाजिक आयोजन में हम एक नागरिक होने की सीमाएं भूल जाते हैं। वर्तमान में हमारी युवा पीढ़ी मल्टी नेशनल कम्पनियों में आनलाइन कार्य करते हैं, उन्हें रात भर जागना पड़ता हैं इससे उनका कार्य भी प्रभावित होता है। नींद हमें शारीरिक तथा मानसिक रूप से शान्ति प्रदान करती है। विभिन्न आयोजनों पर ये ध्वनि यन्त्र तथा कानफाड़ संगीत हमें परेशान करते हैं और हम किसी की परवाह किए बिना अपने आनन्द में मस्त रहते हैं।

> मन, वचन एवं कर्म से अपने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आचरण तथा कृत्य से किसी को किसी प्रकार का दु:ख तकलीफ न पहुंचाना, परेशान न करना ही संवेदनशील आचरण है। हमारे समाज में प्रत्येक घर, परिवार, गली, मुहल्ले, गांव, समाज, सम्प्रदाय में पूरा वर्ष भर शादी- विवाह, पार्टियां, मेले, त्योहार, कीर्तन, जागरण, कथा-भागवत कथा सप्ताह, धार्मिक एवं सार्वजनिक उत्सव होते ही रहते हैं। धार्मिक आस्था के आनंद में मंदिरों में जयकारे, शंखनाद, घंटियां, ढोल-नगाड़े, श्रद्धालुओं के दलों का भक्ति के वातावरण में झूमना, अपने इष्ट के लिए नाचना, सुबह-शाम की आरती, गुरद्वारों में शब्द-कीर्तन, जयघोष, मस्जिदों में हर रोज़ पांच बार की नमाज़, गिरिजाघरों में प्रार्थनाएं होना स्वाभाविक है। यह हमारी श्रद्धा, भक्ति, आस्था का प्रश्न है।

## नागरिक बोध

# झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से लोगो के जीवन से खिलवाड़

**देश** मे झोलाछाप डॉक्टर इलाज के नाम पर मसमोटी रकम मरीज़ो से ऐंठ रहे है। वही पर बिना डिग्री बंगाली डॉक्टरों का हर गांवो में जमावड़ा होता जा रहा है। छठी पास झोलाछाप डॉक्टर गरीब महिलाओ को कम रकम में डिलेवरी और ऑपरेशन करने का लालच देकर उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस तरह की घटना गांवो में बन रही है।निरक्षर ग्रामीणों का इलाज अधीकतर झोलाछाप ही करते है। अपने अनुभव से देखी परखी दवाइया दी जाती है। गांवो में मरीज़ो के इलाज में कोताही बरतने से कई बार मरीज़ो की मौत हो जाती है। हर राज्य में झोलाछाप डॉक्टर मौजूद है। इनको एक बार विजिलेंस टीम द्वारा पकड़ा भी जाता है तो उसे छोड़ दिया जाता है। हमारे देश के कानून में सजा का कोई प्रावधान नही है। कोई भी मरीज़ो को दवा देकर इलाज कर सकता है। देश मे महिलाओ को गर्भावस्था में अनचाही संतान के लिए गर्भपात की दवाइयां भी इन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा दी जाती है। चिकित्सा अधिकारी की मिलीभगत से इनको वापस छोड़ दिया जाता है। यह एक राज्य की समस्या नही है। देश के हर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रो में इस तरह के झोलाछाप की भरमार है। इलाज के नाम पर मरीज़ो के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है। मुज्जफरपुर में गर्भाशय के दौरान एक नर्सिंग होम में एक झोलाछाप द्वारा बरियापुर ओपी क्षेत्र के बहादुरपुर गांव की इस घटना से सुनने वाले के रोंगटे खड़े हो गए। एक 25 वर्षीय पिंकी कुमारी की मूत्र नली काट दी गई। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत गंभीर बन गई।उक्त महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सकरा प्रखंड में एक महिला की दोनों किडनी निकालने का मामला सामने आया था। झोलाछाप के झांसे में फंसकर अपनी जान को खतरे में डालने वाले मरीजों को कहा पता होता है कि जो चिकित्सक बनकर इलाज कर रहा है वह तो झोलाछाप है।

# जिला स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी के साथ उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मंगलवार को जिला स्थापना दिवस के अवसर पर बहुत धूमधाम से 23वें वर्षगांठ मनाया गया। इस दौरान अहले सुबह सद्भावना मार्च सह प्रभात फेरी के साथ उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन और पुलिस की टीम द्वारा समाहरणालय परिसर से सद्भावना मार्च निकाला गया। सद्भावना मार्च में NCC के छात्रों ,स्कूली बच्चें व जिले के कई गनमान्य लोग शामिल हुए। सद्भावना मार्च समाहरणालय परिसर से शुरु होकर मुख्य मार्ग होते हुए कारगिल पार्क पहुंची।जहां शहीद वीर जवान के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इसके बाद 11बजे से टाऊन हॉल में विकास मेला सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, उपायुक्त भोर सिंह यादव एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, स्थानीय विधायक बैधनाथ राम ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एवं जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीए।

## आजसू पार्टी के कार्यालय में शहादत दिवस को लेकर बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड अंतर्गत चटनाही में आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक की गई। बैठक में 5अप्रैल को शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस एवं 6 अप्रैल को धरना प्रदर्शन को लेकर आजसू के जिला अध्यक्ष अमित पांडेय कि अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। वहीं पांडेय ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 5 अप्रैल को शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस जिला कार्यालय में मनाई जाएगी उसके तत्पश्चात 6 अप्रैल को अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में सभी केंद्रीय कमेटी सदस्य पदाधिकारी जिला कमेटी के पदाधिकारी सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।बैठक में जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, प्रीतम कुमार गुप्ता, संजय तिवारी, कृष्णा साहू, नब्बू भैया, अनिल पासवान, ताज मोहम्मद समीम अंसारी, मुराद खान, इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

## वनांचल कॉलेज में खुला कॉमन सर्विस सेंटर



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वनांचल महाविद्यालय परिसर में कॉमन सर्विस सेंटर का शुभारंभ कॉलेज के संस्थापक बिगुल प्रसाद गुप्ता, विधायक के पुत्र पंकज राज एवम् मुखिया महेश मुंड ने किया। कॉलेज के प्राचार्य ने कॉलेज परिसर में सीएससी केंद्र खुलने पर हर्ष व्यक्त किया, एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र के खुलने पर विधार्थियों को सभी प्रकार की डिजिटल सेवाएँ जैसे परीक्षा आवेदन पत्र, एड्मिट कार्ड, फीस पेमेंट इत्यादि सुविधाएं के लिए कहीं और जाने की जरूरत नही पड़ेगी। सीएससी एसपीवी के जिला प्रबंधक ने बताया कि कॉलेज परिसर में खुले स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों को विद्यालय परिसर में ही ऐसा संसाधन उपलब्ध कराना है, जिसके माध्यम से वे अपने सभी तरह के ऑनलाइन सेवा प्राप्त कर सकेंगे। महाविद्यालय परिसर में खुले इस केंद्र से विद्यार्थियों को ग्लोबल सर्टिफिकेशन कोर्स एवं रोजगार उन्मुख शॉर्ट टर्म कोर्स, वोकेशनल कोर्स आदि की शिक्षण संबंधी सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। कॉमन सर्विस सेवा केंद्र के माध्यम से छात्र छात्राएं अब ग्लोबल सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे माइक्रोसॉफ्ट, टैलि, ऑटोकेड, अडोबे फॉटोशॉप, आईआईटी बॉम्बे, एनआईईएलआईटी, सरकारी परीक्षा, आईबीएम जैसे संस्थाओं के ओर से उपलब्ध कोर्स कर सकते हैं। मौके पर जिला कंसलटेंट लौकेश कुमार, प्रज्ञा केंद्र संचालक राकेश कुमार गुप्ता अजीत कुमार, नीतीश वर्मा, दिनेश कुमार, ब्रह्मदेव चौरसिया, अनूप कुमार गुप्ता, वनांचल कॉलेज के सभी विभागो के प्रोफेसर उपस्थित थे।

महुआडांड़ के अति पिछड़ा इलाके बन्दुआ राजकीयकृत विद्यालय का हाल

## तीन शिक्षक पर सिर्फ पांच बच्चे करते हैं पढ़ाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बन्दुआ में नियमित रूप से तीन शिक्षक कार्यरत हैं। इस विद्यालय में कार्यरत शिक्षक द्वारा मनमानी तैराके से स्कूल का संचालन किया जाता है। सप्ताह के छः दिन में सभी तीनों शिक्षक बारी बारी से दो दो दिन विद्यालय जाते हैं। कभी भी दो से तीन शिक्षक स्कूल में उपस्थित नहीं होते हैं। वही स्कूल के प्रभारी विमल टोप्पो के साथ शिक्षक वासुदेव नागेशिया, पारा शिक्षक जावेद जमाल अंसारी है। बच्चों की पढ़ाई का स्तर किसी तरह का सहज पाता लगाया जा सकता है। तीन शिक्षक में सिर्फ पांच बच्चे ही विद्यालय आते हैं। इस संबंध में प्रभारी शिक्षक ने बताया कि महुआ चुनने जाने के कारण स्कूल नहीं आ रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धनश्याम चौबे ने बताया कि बन्दुआ स्कूल के बारे ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत मिली है। अभी हम बाहर है। आते ही विद्यालय जाकर जांच करते हुए कारवाई किया जाएगा।

## बालू ग्राम के आरहारा में आज रघुवर दास का आगमन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास का आज आरहारा गांव में आगमन हो रहा है। रघुबर दास के तासु पंचायत के आरहारा में आगमन को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है.जनचौपाल के कुशल संचालन के लिए भव्य तरीके से पंडाल का निर्माण किया गया है. जनचौपाल स्थल को भगवा मय बनाने के लिए नारंगी रंग से विशाल पंडाल और पार्टी के झंडे से पाट दिया गया है. ज्ञात हो कि भाजपा के प्रदेश व्यापी अभियान जनचौपाल के तहत रघुबर दास का कार्यक्रम बालूमाथ थानां क्षेत्र के तासु पंचायत अंतर्गत आराहारा में रखा गया है. लातेहार विधानसभा के पूर्व विधायक प्रकाश राम व जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह व भाजपा कार्यकर्ताओ के नेतृत्व में कार्यक्रम के सफल आयोजन में लगे हुए हैं। **ग्यारह बजे होगा रघुबर दास का आगमन :** इस संबंध में बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, संजय यादव, रामकुमार गुप्ता, मंजू देवी, व विजय यादव, ने बताया की रघुबर दास का आगमन ग्यारह बजे होगा। आयोजन स्थल को भव्य और दिव्य बनाने में पार्टी कार्यकर्ता रात-दिन लगे हुए हैं। साथ ही जनचौपाल में अधिक से अधिक लोगों का सहभागिता सुनिश्चित की गयी है। साथ ही जनचौपाल मंच को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

## ध्वस्त घरों का दिया गया मुआवजा

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ वन क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में हाथी व भालू के हमले से अब तक गये, गंभीर रूप से घायल एंव घर धवस्त को लेकर करीब चार लाख 50 हजार रुपये की मुआवजा ग्रामीणों के बीच चेक के माध्यम से रेंजर वृन्दा पाण्डेय द्वारा दिया गया। इस क्रम में सुर्या नागेशिया दो वर्ष बच्चे की हाथी के द्वारा हत्या के मामले में चार लाख, आन्नद रोहित तिग्गा ग्राम पहाड़कापू, कृष्णा सिहं ग्राम करकट, चैतु तुरी ग्राम चुटिया ये सभी जंगली भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए थे। सभी को एक एक लाख रुपये मुआवजा दिया गया ।इधर साधु वृजिया ग्राम मेढ़ारी, मनसत किसान ग्राम चम्पा निकोदिन नागेशिया को हाथी द्वारा घर धवस्त करने पर क्रमशः दस, बीस बीस हजार का चेक मुआवजा के रूप दिया गया। मौके पर ग्रामीण सहित वन कर्मी उपस्थित थे।

## चलाया गया जन सम्पर्क अभियान



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातु में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी का निर्धारित कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए जनसम्पर्क अभियान चलाया। भजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह व युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप केशरी के नेतृत्व मे जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। जहाँ निर्धारित तिथि के आधार पर पांच अप्रैल को कार्यक्रम बालू पंचायत में ग्यारह बजे से शुरू किया जायेगा. जिसको लेकर बालूभाँग, फूलसु, डाढा, बारियातू, गोनिया, साल्वे, शिबला अमरवाडीह, टोटी सभी पंचायत मे जनसम्पर्क अभियान चलाकर भाजपा समर्पित कार्यकर्ताओं को आग्रह करते हुए 9 बजे बारियातू के हाई स्कूल मेन रोड के फील्ड में पहुंचने की अपील की है। मौके पर देवनंदन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, निरंजन राम, रिंकू यादव,धनु यादव, दुलारचंद पासवान, नेमधारी यादव, पंकज सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मुख्य भूमिका निभा रहे थे।

## नेतरहाट में है मूलभूत सुविधाओं की कमी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** स्थानीय लोगों के अनुसार पर्यटक नेतरहाट की वादियों का अच्छे से लुफ्त नहीं उठा पाते हैं। नेतरहाट में सूर्यास्त और सूर्योदय देखने के लिए पर्यटक मैगनोलिया पॉइंट और नव उदय पॉइंट तक तो आसानी से पहुंच जाते हैं, लेकिन नेतरहाट के लोअर घाघरी, अपर घाघरी, नैना वाटरफॉल, कोयल व्यू प्वाइंट समेत अन्य जगहों पर आने वाले पर्यटकों में से सिर्फ 10त्न लोग ही जा पाते हैं। जिसका मुख्य कारण है सड़क की अच्छी व्यवस्था ना होना। नेतरहाट घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए सिर्फ एक ही छोटा मार्केट है जहां पानी की व्यवस्था के लिए एक नल की भी व्यवस्था नहीं है। एक ओर सरकार जब इतना खर्च कर पर्यटकों को लुभाने का कार्य कर रही है, तो यदि सरकार नेतरहाट के इन सभी समस्याओं पर ध्यान देती है, तो नेतरहाट की वादियां इतनी खूबसूरत है की पर्यटक जो सिर्फ सूर्य उदय एवं सूर्यास्त देख कर ही वापस लौट जाते हैं, उन्हें नेतरहाट की वादियां ज्यादा समय तक अपने में खो जाने के लिए विवश कर सकती है।

## वैश्विक कल्याण के लिए विज्ञान जरूरी : एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत दिन मंगलवार को संत जेवियर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीओ नीत निखिल सुरीन व कार्यपालक दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुभारंभ फीता काटकर किया गया।वहीं विद्यार्थियों की तरफ से विज्ञान के कई मॉडलों को पेश किया गया महाविद्यालय परिसर में विभिन्न मॉडलों के स्टोर लगे थे। वोटरों को मूल्यांकन करने के लिए जज के रूप में संत मिठाई विद्यालय के शिक्षक महताब आलम हॉस्पिटल के सेसिल। प्रथम पुरस्कार बॉटनी डिपार्टमेंट, द्वितीय पुरस्कार मैथमेटिक्स डिपार्टमेंट, आज कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार राजनीतिक विज्ञान विभाग कॉमर्स और नोटिस में प्रथम पुरस्कार इंग्लिश डिपार्टमेंट को साथ ही सही विभागों को संतवाना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर संत जेवियर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एमके जोश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान के अध्ययन के स्थान पर उसके प्रयोग पर अधिक ध्यान देना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहर्रम प्रखंड प्रमुख कंचन, उप प्रमुख अभय मिंज, समाजसेवी तनवीर आलम, शालिनी बड़ा, विनय यादव उपस्थित थे।

## अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातु प्रखंड मुख्यालय स्थित बीरेंद्र पासवान के आवास पर डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बिरेंद्र पासवान ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से भारत रत्न आधुनिक भारत सह भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की पुरे विश्व स्तर पर जयंती समारोह मनाया जाता है. जयंती को धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाने हेतु सहमति के लिए सात अप्रैल को बारिखाप मे बैठक की जाएगी। उक्त बैठक मे अधिक से अधिक बहुजन समुदाय के लोगों को आने का आग्रह किया है। उक्त बैठक में कमिटी का भी निर्माण किया जायेगा। साथ ही जयंती स्थल का भी चयन व सहयोग राशि के लिए भी विचार विमर्श किया जायेगा। मौके पर दिगंबर टाना भगत, कैलाश राम, शम्भू पासवान, सिकंदर राम, शंकर पासवान, देवनंदन राम, सत्यप्रकाश, दुलारचंद पासवान, राजीव भगत, संतोष पासवान, राजेश पासवान, छोटू सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## दुसाध शिरोमणि महाबली बाबा चौहरमल जी की 710 वीं जयंती मनाई गई



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू बजारटांड स्थित बीरेंद्र पासवान के आवास मे मंगलवार को सम्भु पासवान के नेतृत्व मे पासवान समाज द्वारा दुसाध शिरोमणि महाबली बाबा चौहरमल जी की 710 वी जयंती मनाया गया। जयंती के अवसर पर पासवान समाज द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए उनको याद किए. वहीं वीर बाबा चौहरमल अमर रहे अमर रहे का भी उदघोष लगाया गया. चौहरमल बाबा की जन्म भूमि एवम उनके वीरता के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई। शम्भु पासवान ने वीर बाबा की पूरी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी समाज कल्याण के बारे में कहा कि वीर बाबा एक युग पुरुष थे जिन्होंने अपने समाज में हो रहे अत्याचार को ख़त्म करने के लिए लड़ाई लड़ी और अपनी वीरता का परिचय देते हुए समाज कल्याण का कार्य किए हैं। मौके पर बीरेंद्र पासवान बीरु, देवनंदन राम, दुलारचंद पासवान, शंकर पासवान, संतोष पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रघुवर का गर्मजोशी से स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्षोल्लास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मंगलवार को बरवाडीह के धरती पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की आमद ने भाजपा कार्यकर्ताओं में अदृश्य शक्ति प्रदान कर दिया है। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी आमद पर गर्मजोशी से स्वागत किया है। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त करते हुए कुटमू मोड़ स्थित राजा मेदिनी राय के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया।इसके बाद मोटरसाइकिल जुलूस की शक्ल में कार्यक्रम स्थल प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर गांधी मैदान में भाजपा का प्रदेश व्यापी अभियान जन चौपाल के तहत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार के नीतियों के खिलाफ भाजपा आगामी 11 अप्रैल को रांची में प्रोजेक्ट भवन का घेराव करने जा रही है जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने को कहा है। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया साथ ही कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं के नाम भूमि रजिस्ट्री के लिए एक रुपया शुल्क निर्धारित किया था ,गांव पंचायत से लेकर प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार खत्म करने को लेकर डायल 181 संवाद शुरू किया था जो इस सरकार ने बंद कर दिया है। मौके पर जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी यादव, अवधेश सिंह चेरो, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वरी सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, भाजपा वरिष्ठ नेता विनय सिंह, मनोज सिंह चेरो, उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल, दीपक तिवारी, अशोक प्रसाद समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रक्तदान मानव सेवा का उत्कृष्ट रूप है : डॉ. एमके जोस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला के महुआडाड संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ में सात दिवसीय जेवेरियन वीक का अयोजन किया गया है। आज पांचवा दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का अयोजन महाविद्यालय के एन एस एस (NSS), यूथ रेड क्रॉस, सदर अस्पताल पलामू और महुआडांड़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार खोलखो और संजीव रंजन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित और प्रेरित करते हुए कहा की रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है, एक व्यक्ति ही दूसरे व्यक्ति के जीवन को बचा सकता है। रक्तदान महादान है और यह मानव सेवा का एक उत्कृष्ट रूप है। शिविर में प्रोफेसरों और विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और चालिस यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों के लिए विश्राम कक्ष तथा जलपान का भी व्यवस्था किया गया था। इस दौरान रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र और सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। डॉ. अमित खलखो ने रक्तदान के फायदे के बारे में विद्यार्थियों को बताया और कहा कि सभी सक्षम और स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। बहुत से जानलेवा बीमारियों के उपचार के दौरान रक्त की आवश्यकता होती है। हम सभी के द्वारा किए गए रक्तदान से ही उनकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने महाविद्यालय के इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजन करते रहने की सलाह दी। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य महोदय ने सदर अस्पताल पलामू और महुआडांड़ के चिकित्सा दल के सभी सदस्यों, प्रोफेसरों, शिक्षकेत्तर कर्मचारीयों और विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उप प्राचार्य सिस्टर कैसलिन जुलियट, एनएसएस के कोऑर्डिनेटर मैक्सेंशियस कुजूर, संतोष कुमार चौबे, यशवंत राम, आनंद मोहन, सत्यम सोनी, संजीत विश्वकर्मा, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

## गायत्री परिवार के द्वारा आयोजित 24 कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूर्ण



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यालय चन्दनडीह गायत्री प्रज्ञा कुंज में 24 कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूर्ण हो चुकी है. कल दिनांक 5 अप्रैल दिन बुधवार को कलश यात्रा प्रात 06:00 बजे निकाली जाएगी संध्या 06:00 बजे युग संगीत एवम युग संदेश का कार्यक्रम किया जाएगा. वही दूसरे दिन सुबह में यज्ञ ज्ञान विज्ञान एवं देव पूजन दोपहर में कार्यकर्ता गोष्टी संगठनात्मक स्वरूप रात में सगीत प्रवचन (नारियों जागो स्वयं को पहचानो) इसी प्रकार से 8 अप्रैल तक चलेगी जिसमें मनुष्य के जीवन के लिए संस्कार दिया जाएगा। मुंडन संस्कार विद्या ग्रहण संस्कार मुजुट्ठी संस्कार सहित 16 संस्कार जो मनुष्य जीवन के लिए जरूरी है उस पर विशेष आध्यात्मिक ज्ञान दिया जाएगा। इस आयोजन में देवेंद्र प्रसाद, दिलेश्वर यादव, लव तिवारी, संदीप कुमार, भोला प्रसाद, जवाहर प्रसाद, उर्मिला देवी, सुशीला साहू, अशोक प्रसाद, संजय कुमार सहित सैकड़ों गायत्री परिवार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भीषण सड़क दुर्घटना में घायल हुए नीतीश से रिम्स मिलने पहुंचे आजसू नेता रोशनलाल



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को इंटर आर्ट्स के परीक्षा होने के बाद घर लौट रहे छात्रों के गाड़ियां आपस में विपरीत दिशा से टकराने के बाद मौके पर ही 3 छात्र की मौत हो गई थी। वही 2 छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनको बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जिसकी सूचना पाते हैं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी ने इस भीषण सड़क दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए रांची रिम्स पहुंचकर ईलाजरत छात्र नीतीश कुमार के लिए अस्पताल के अधिकारियों से संपर्क कर हर एक पहलू पर ध्यान रखते हुए इलाज करने की बात कही। वही इलाज के दौरान छात्र अनिल कुमार की मृत्यु हो गई जिसके बाद मृतक छात्र का शव को अपने देखरेख में बड़कागांव के लिए एंबुलेंस से भेजवाया। वही रांची रिम्स में इलाज हो रहे नीतीश कुमार के परिवार वालों से मिलकर एवं मृतक सभी छात्रों के परिवार वालों को हर संभव मदद करने की बात की। इस दुखद घटना के बारे में उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है भगवान मृतक के परिजनों को इस दुख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### आठ दिवसीय महायज्ञ को लेकर बैठक




**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के जीपी कैंप में ग्रामीण भक्तों ने आगामी 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक आठ दिवसीय महायज्ञ को लेकर बैठक किया। इसमें वक्ताओं ने कहां कि मां काली, मां बंगलामुखी, मां कात्यायनी एवं शिव परिवार प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को सफल बनाने के लिए सभी अपनी भागीदारी बढ़-चढ़कर निभाए। साथ ही यज्ञ को संपूर्ण बनाने के लिए भक्तों ने अपने विचार दिए। लोगों ने आवाहन किया कि क्षेत्र में देवी- देवताओं की एक साथ प्रतिमा स्थापना और यज्ञ हो रहा हैं। जिसमें पूरे क्षेत्र के भक्तजन अपना सहयोग तन मन धन से देकर इसे पूरा करने का काम करेंगे। अवसर पर जीपी कैंप हनुमान मंदिर समिति व यज्ञ समिति के सदस्य, भक्तजन उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ के युवक का शव जमुनियां नदी के तट पर मिला, हत्या की आशंका

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बगोदर थाना क्षेत्र के जमुनिया नदी के किनारे मंगलवार की तड़के सुबह एक करीब 30 वर्षीय युवा का शव पाया गया। शव की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान विष्णुगढ़ के बरांय पंचायत के बाराघाट निवासी अनिल यादव,उम्र करीब 30 वर्ष, पिता बुधु यादव के रूप में की गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अनिल यादव बगोदर के एक होटल में काम करता था।बताया जाता है,कि किसी वजह से होटल का काम छोड़कर दैनिक मजदूरी का भी काम करता था । काम के पश्चात वह प्रतिदिन शाम में घर लौट जाया करता था। सोमवार को काम के पश्चात देर शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई और उसकी खोजबीन में जुट गए। काफी प्रयासों के बाद भी युवक का कहीं पता नहीं चल सका। मंगलवार की तड़के सुबह जब ग्रामीण नदी की ओर गए तो नदी किनारे एक युवक का शव देखकर हो-हल्ला किया। इसके बाद अन्य कई लोग पहुंचे और शव की पहचान की। शव में कई जगहों पर गंभीर चोट के निशान तथा खून के धब्बे को देखकर लोगों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई है। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बगोदर विधायक बिनोद सिंह, जिप सदस्य शेख तैयब, मुखिया राजेन्द्र मंडल आदि भी जानकारी पाकर घटनास्थल पहुंचे। फिलहाल बगोदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है। विधायक ने पुलिस को घटना की गहनता से जांच कर हत्यारों का पता लगाने तथा कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# झामुमो का 44 वां स्थापना दिवस का हुआ भव्य आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का 44वॉं स्थापना दिवस समारोह वेल्स ग्राउंड स्टेडियम में मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव एवं संचालन जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया।शुरुआत मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बतौर मुख्य अतिथि परिवहन एवं आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने कहा ने कहा कि आदिवासी और मूलवासियों के असंख्य बलिदान के बाद हमें झारखंड अलग राज्य मिला है। आज वो लोग भी 1932 की बात कर रहे जो 1985 पर मिठाई और अबीर गुलाल खेल रहे थे।विपक्ष को ये तय करना होगा कि कि वे किसके साथ हैं। हमारी सरकार ने राज्य में कानून बनाकर स्थानीय युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में 85त्न नौकरी को आरक्षित करने का काम किया है जिसका परिणाम आपलोगों को देखने को मिलेगा। भाजपा ने हाथी उड़ाकर विकास दिखाया हमारी सरकार गांव गांव जाकर गरीब,मजदूर किसान, शोषित वंचित के लिए कार्य कर रही है। जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव ने कहा कि हजारीबाग में हमारा संगठन मजबूत हुआ है, हम संगठन को और भी मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं।हमारी सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए गांव गांव तक पहुंचने का काम कररही है ,जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा, बिनोद पांडेय, संजीव बेदिया, डॉ. कमल नयन सिंह, बिनोद किस्कू राजकुमार महतो, मो इजहार, लखन लाल महतो, सोनाराम मांझी, रफीक अंसारी, अनन्या मुखर्जी, सुनील शर्मा, महताब हुसैन, चंदन सिंह, देवीराम हेंब्रम,यासीन खान, नईम राही, बिरेंद राणा, आनंद सोरेन अब्दुल्ला खान समेत पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मांडू विधायक का पतरातु में हुआ स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** मांडू विधायक सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल का रांची जाने के क्रम में पतरातू लेक रिसोर्ट्स के समीप भाजपाईयों द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर मोर्चा के स्थापना दिवस का निमंत्रण भी दिया। मौके पर रामगढ़ जिला एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष कुमेल उरांव, मुखिया किशोर कुमार महतो, गणेश ठाकुर, नंद किशोर महतो, विनोद कुमार,मनीष कुमार, सनोज कुमार, आदित्य नारायण प्रसाद,कयूम अंसारी, अलीम अंसारी, प्रदीप महतो इत्यादि उपस्थित थे ।

## कोनार विस्थापितो ने डीवीसी कार्यालय के समक्ष किया आमरण अनशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** कोनार विस्थापितो ने नावाटांड में एक बैठक की थी,जिसमे विस्थापितों ने अपने निर्णय पर अटल रहते हुए,बैठक निर्णयानुसार डीवीसी कार्यालय कोनार में आमरण अनशन पर बैठने की बात कही थी । विस्थापित ग्रामीणो के पहुँचने पर अधिकारियों ने आमरण अनशनकारियो, विस्थापितो को डीवीसी कैंपस के बाहर रोक दिया गया। अनशनकारियों ने कैंपस गेट के बाहर ही महात्मा गांधी के वृत्तचित्र पर माल्यार्पण कर आमरण अनशन पर अनशनकारी सुरेश राम एवं महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए । विस्थापितों ने अपनी मांगे माने जाने आमरण अनशन पर डटे रहने की बात कही । विस्थापितों ने डीवीसी के समक्ष निम्नलिखित मांगें रखी। जमीन म्यूटेशन के साथ पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्रमाण पत्र दिया जाय। डीवीसी और विस्थापितों के बीच 2019 में हुए समझौते को लागू किया जाए । इस दौरान अनशन कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर पटेल,पंसस प्रतिनिधि राजकुमार महतो,जीतन महतो,अमृत महतो, सहदेव राम,समेत सैकड़ो की संख्या में विस्थापितों ने शामिल होकर अपनी मांगों को रखा ।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत गया रोड़ स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में महावीर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महावीर स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, वरिष्ठ आचार्य चंद्रमोहन मिश्र और संजीव सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि महावीर जयंती के दिन भगवान महावीर की पूजा करनी चाहिए और उनके बताएं उपदेशों और सिद्धांतों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। विद्यालय के आचार्य संजीव कुमार सिंह ने कहा कि महावीर स्वामी ने लोगों को उच्च नैतिक जीवन जीने की शिक्षा दी। उन्होंने मनुष्य के मन से बुरे विचार दूर कर लोगों को प्रेम और अहिंसा का रास्ता दिखाया। बहन किरण कुमारी ने अपने भजन गायन से उपस्थित सभी भैया-बहनों एवं आचार्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नेहा मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन ऋचा जैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे।

## 24 अप्रैल को सरहुल मिलन समारोह मनाने का निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा दुर्गा मंडप कॉलोनी के समीप मंगलवार को आदिवासी छात्र संघ के द्वारा अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में सबों ने निर्णय लिया कि आगामी 24 अप्रैल को अरगड्डा कमेटी हॉल के प्रांगण में सरहुल मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिसमें अरगड्डा नीचे धौड़ा मुंडा पट्टी, रोलर चौक, जीपी कैंप, सिरका मुंडा पट्टी, कउवाबेड़ा आदि जगह से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक परिधान व ढोल, मांदर के साथ पहुंचेंगे। बताया कि इससे पूर्व 16 अप्रैल को रामगढ़ में आदिवासी छात्रसंघ सरहुल मिलन समारोह मनाएगा। बैठक की अगुवाई अमर मुंडा व संचालन आकाश मुंडा ने किया। मौके पर मुख्य रूप से अशोक करमाली, बबलू बेदिया, अरुण कुमार मुंडा, अशोक कुमार, विश्वनाथ मांझी, काशीनाथ बेदिया, रघुनाथ बेदिया आदि सदस्य उपस्थित थे।

# नेशनल ताइक्कांडो में विजयी पांच बच्चों को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** पुराने जिला परिषद कार्यालय परिसर में जिला ताइक्कांडो परिषद द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता मे युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, कोच रोशन कुमार चौहान, हजारीबाग ओलंपिक संघ के सचिव सी दास, हजारीबाग ताइक्कांडो के सचिव हेमंत कुमार, हजारीबाग वुशु संघ के सरोज मालाकार, ताइक्कांडो के कोच चंदन राणा सहित कई गणमान्य लोग प्रेस वार्ता को संबोधित किए। प्रेस वार्ता के दौरान नेशनल ताइकवांडो प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। हर्ष अजमेरा सहित तमाम अतिथियों ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल एवं माला पहनाकर स्वागत किया। जिसमें विश्वजीत राज सिंह, सिद्धार्थ राज, उदित किशोर, सलोनी नयन शर्मा, वनिता परासर ने गोल्ड मेडल हासिल किया है वही प्रशस्ति पत्र हासिल करने वाले बच्चों में आनंद राज,रितेश कुमार सिंह,सुमित कर,शिवम कुमार यादव, वैष्णवी श्रेया, राखी सिन्हा शामिल है। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग शहर के लिए काफी गर्व की बात है कि 5 बच्चों ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने शहर का नाम रोशन किया है और काफी गर्व की बात है कि इतनी कम उम्र में बच्चे नेशनल जीत हासिल किए हैं आने वाले समय में बच्चे एशिया गेम, ओलंपिक गेम में भी अपने देश, राज्य सहित अपने शहर का नाम रोशन करेंगे। साथ ही बताया कि 19 फरवरी को ताइकांडो के कोच रोशन भाई से मुलाकात हुई उन्होंने बताया कि पिछले 2 सालों से राज्य सरकार के द्वारा बच्चों को किसी भी तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। और हमें बच्चों की भविष्य के लिए आगे कुछ करना है रोशन भाई की विभिन्न बातों को हमने सुना जिसके पश्चात बच्चों के भविष्य को देखते हुए हमने आर्थिक मदद देने की घोषणा की जिसके बाद बच्चे 26 मार्च को नेशनल प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए कोटा के लिए रवाना हुए और हजारीबाग शहर का नाम रोशन किए। कोच रोशन कुमार चौहान ने बताया कि पिछले 2 वर्षो से झारखंड सरकार के द्वारा बच्चों को खेल के प्रति किसी भी तरह की सुविधा नहीं दी जा रही है जिसको लेकर बच्चों में काफी मासूमियत छाने लगी।

## सनातनी परंपरा के साथ हुआ विद्या मंदिर के नवीन सत्र का श्रीगणेश

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,मालवीय मार्ग, हजारीबाग में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा हवन पूजन के साथ नवीन सत्र 2023 _24का विधिवत श्रीगणेश हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष नवल किशोर कर्ण एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने माता सरस्वती , श्री हनुमान ,ओम एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया, तत्पश्चात विद्यालय के अध्यक्ष , प्रधानाचार्य, आचार्य बंधु भगिनी एवं समस्त भैया बहनों ने पूरे भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया द्य विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे एवं दिनेश्वर कुमार पांडे ने पूजन कार्य संपन्न कराया द्य इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ने अपने आशीर्वचन में कहा कि आज का दिन बहुत पावन है द्य आज नए सत्र का आरंभ हो रहा है द्य उन्होंने संपूर्ण विद्यालय परिवार को नए सत्र की बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि हम सभी मिलकर नई ऊर्जा के साथ अध्ययन अध्यापन एवं विद्यालय के विकास हेतु अपना योगदान देंगे द्य मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी नए सत्र में पूर्ण मनोयोग से पठन-पाठन करें जिससे आपका परीक्षा फल बेहतर हो साथ हीआपका उत्तरोत्तर विकास हो । आप सबों का सर्वांगीण विकास करना ही विद्यालय का एकमात्र लक्ष्य हैद्यइस अवसर पर भैया बहनों का विशेष स्वागत किया गया द्य हवन पूजन के पश्चात उपस्थित भैया बहन ,अभिभावक बंधु भगिनी एवं आचार्य दीदी जी के बीच प्रसाद का वितरण किया गया ।

## पत्रकार अमित सिन्हा चौथी बार चेंबर कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सत्र 2023-25 कार्यकारिणी समिति के लिए चुनाव 2 अप्रैल को संपन्न हुआ। जिसमें कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पत्रकार अमित सिन्हा चौथी बार निर्वाचित हुए हैं। अमित सिन्हा स्वभाव से सरल हैं और वे हमेशा व्यवसायियों एवं आम लोगों की मदद करते रहते हैं। साथ ही समाज सेवी संस्था के माध्यम से भी जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहते हैं। चेंबर कार्यकारिणी समिति के चुनाव में अमित सिन्हा चाहे जिस भी गुट से खड़े हों, इससे उन्हें कभी फर्क नही पड़ा है। क्योंकि व्यवसायियों और आम लोगों के बीच अपनी मदद की भावना के कारण वे लोकप्रिय हैं, चेंबर चुनाव में वे चौथी बार निर्वाचित हुए है। साथ ही हर बार के चुनाव में उन्हें मिलने वाले मतों की संख्या बढ़ती गई है। इस बार के चेंबर चुनाव में उन्हें अपने गुट के प्रत्याशियों में सबसे अधिक 581 मत मिले। जो दर्शाता है कि आम लोग और व्यवसायी उन्हें कितना चाहते हैं।

## सीसीएल रेलीगढ़ा और गिद्दी सी कोलियरी को मिला सीटीओ, कामगारों में हर्ष

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलियरी रेलीगड़ा और गिद्दी सी परियोजना को मंगलवार सीटीओ प्राप्त हो गया। अब यह दोनों कोलियरी आगामी वर्ष 2024 मार्च माह तक कोयला खनन और उत्पादन का कार्य कर पाएगी। यह प्रक्रिया पर्यावरण विभाग का किलिरियंश होने के बाद मिला हैं। इसे लेकर कोलियरी के कामगारों, कर्मचारियों, अधिकारियों में हर्ष का माहौल व्याप्त हैं। कामगारों ने बताया कि बीते मार्च 2023 को कोलियरी रेलीगढ़ा, गिददी सी का सीटीओ समाप्त हो गया था। जिसके कारण खदान से उत्पादन कार्य बंद पड़ा था।

## एनटीपीसी की 11.6 लाख की लागत से बनने वाले पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना अपने नैगम सामाजिक दायित्व के कार्यों के लिए लोगों के बीच प्रसिद्ध है। जन भावनाओं का ख्याल रखते हुए एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने परियोजना के आसपास के कई गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा, स्वरोजगार और प्रशिक्षण के लिए कई कदम उठाए हैं। अब अपने इन्हीं जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने कटकमदाग के बांका गांव में पीसीसी सड़क का निर्माण शुरू कर दिया है। पीसीसी के निर्माण से जहां गांव वालों को सहूलियत होगी वहीं आसपास के गांव से गुजरने वाले लोगों को भी आसानी होगी। यह पीसीसी बांका में रहने वाले ग्रामीणों के अनुरोध के बाद स्वीकृत की गई थी। जिसे अब एनटीपीसी ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत कार्य शुरू कर दिया है। पीसीसी कुल 11.6 लाख की लागत से बनकर तैयार होगी।आपको बता दें कि इससे पहले भी एनटीपीसी ने कई गांवों में पीसीसी, हैंडपंप, डीप बोरवेल और गांव वालों के अनुरोध पर कई सामाजिक उत्थान के कार्य किए हैं। हाल ही में एनटीपीसी ने जिला पुलिस बल की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रोटेक्टिव पर्सनल इक्विपमेंट खरीदने के लिए 13 लाख 20 हजार का चेक भेंट किया था साथ ही पुलिस लाइन हजारीबाग में नवनिर्मित बैरक, फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग शेड भी बनवाया है।

## एकता परिषद के राष्ट्रीय सचिव बनाए गए चुनूलाल सोरेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** मध्य प्रदेश के कटनी में तीन अप्रैल 2023 को अहिंसात्मक जन संगठन एकता परिषद की तीन दिवसीय राष्ट्रीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रणसिंह प्रमार तथा संचालक राष्ट्रीय महासचिव रमेश शर्मा द्वारा किया गया। वही तीन दिवसीय बैठक में पिछले कई भूमि आंदोलनों की अनुभवों की समीक्षा एवं वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई, साथ ही वन अधिकार कानून 2006 पर राज्यवार क्रियान्वयन प्रक्रियाओं पर भी समीक्षा तथा रणनीति तय किया गया। बैठक के मौके पर एकता परिषद की संस्थापक सर्वोदय समाज के राष्ट्रीय संयोजक प्रख्यात गांधीवादी विचारक एवं अंतर्राष्ट्रीय निवानो पुरस्कारों के चयनित राजगोपाल पी. की मौजूदगी रही। वही बैठक में राष्ट्रीय समिति का पुनर्गठन किया गया।एकता परिषद राष्ट्रीय कमेटी के संतोष सिंह मध्य प्रदेश,प्रशांत कुमार छत्तीसगढ़,सरस्वती उइके मध्य प्रदेश, निर्मला कुजूर छत्तीसगढ़, चुनूलाल सोरेन झारखण्ड,नयन तारा आसाम,के. बीजू तमिलनाडु,को एकता परिषद का राष्ट्रीय सचिव चुना गया।जिसमें झारखंड के सचिव के लिए चुनूलाल सोरेन को नामित किया गया साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष रणसिंह प्रमार एवं श्रधेय राजा द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस बीच एकता परिषद के सभी सम्मानित नए राष्ट्रीय सचिवों को बधाई दी गई। इस मौके पर श्री सोरेन ने राष्ट्रीय समिति के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि वंचितों की हक अधिकार के लिए अहिंसक संघर्ष के रास्ते आगे बढ़ते हुए नए समाज की रचना के लिए कृत संकल्पित रहूंगा।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## सैमसंग ने राष्ट्रीय इनोवेशन प्रतियोगिता सॉल्व फॉर टुमारो का दूसरा संस्करण किया लॉन्च

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैमसंग इंडिया ने आज से शुरू हुई अपनी राष्ट्रीय शैक्षणिक और इनोवेटिव प्रतियोगिता सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो के दूसरे संस्करण के लिए मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (MeitY) के स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (FITT), आईआईटी दिल्ली के साथ भागीदारी की है। सॉल्व फॉर टुमारो के साथ, सैमसंग का लक्ष्य देश के युवाओं के बीच इनोवेटिव सोच और समस्या का समाधान करने वाली संस्कृति का विकास करना है।सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो के दूसरे संस्करण का उद्घाटन अल्केश कुमार शर्मा, सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (MeitY) और जोंगबम पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया।भारत के सबसे बडे इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड का प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम इनोवेटिव समाधानों की शक्ति और जीवन को बदलने की उनकी क्षमता को पहचानता है, एक मजबूत सामाजिक प्रभाव डालता है और सैमसग के #PoweringDigitalIndia को और मजबूत करता है।

## रमजान के महीने में खूब कुरान की तिलावत करें

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमजान के महीने की बरकत इतनी है कि इस महीने में एक नेकी करने से सत्तर नेकी करने का सवाब मिलता है। दुनियावी दृष्टिकोण से समझा जाए तो यदि आप किसी को एक रुपया देंगे तो बदले में वह आपको सत्तर रुपये देगा। इस महीने में सत्तर गुना सवाब होते हैं। इस महीने की बरकत अल्लाह ने इतनी रखी है कि अल्लाह एक अमल को सत्तर अमल करने के बराबर सवाब देता है। अगर हम एक खत्म कुरान कर लेते हैं तो अल्लाह हमें सत्तर कुरान खत्म करने का सवाब देता है। क्या हम गैर रमजान में सत्तर कुरान खत्म कर सकते हैं? मेरे भाइयों, अल्लाह के पैगंबर, हजरत मुहम्मद मुस्तफा ने इस महीने में सभी वजाइफ को कम करते थे और ज्यादा कुरान पढ़ते थे। हम लोगों को भी अपना व्यापार, नौकरी, बिजनस और अन्य चीजें थोड़ी कम कर कुरान पढ़ना चाहिए। अगर हम कुरान पढ़ना नहीं जानते हैं, तो जितने सूरह याद हैं, उसी को पढ़ लें। इस तरह हमारा समय अल्लाह की याद में बीतेगा, तो अल्लाह हमसे राजी होगा।

## पेट दर्द की शिकायत के बाद हुई बुजुर्ग की मौत

**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दारू पंचायत के बक्शीडीह में एक बुजुर्ग चेतलाल पासवान ( 70 वर्ष) की अचानक मौत हो गई जिससे उनके घर सहित आसपास के क्षेत्र में मातम छा गया। मौत के बारे में उनके बड़े पुत्र उपेंद्र पासवान ने बताया कि सोमवार की सुबह उन्होंने पेट दर्द की शिकायत की जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग ले गए जहाँ उनकी स्तिथि बिगड़ने के बाद रिम्स रांची ले गए जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना के बाद उनके घर मे मातम छा गया। उनका दाह संस्कार बेलासोती शमशान घाट में मंगलवार को कर दिया गया।

## बिजली चोरी करने के मामले में एक गिरफ्तार

**मिहिजाम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली चोरी करने के मामले में मिहिजाम की पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम बबलु राणा, पिता सुबल राणा साकिन पियारसोला, थाना मिहिजाम है। पुलिस ने बताया कि कांड संख्या 80 /22 की मामले में मिहिजाम की पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## पाकुड़ जिला महासचिव दाऊद मरांडी के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न गांव में किया गया नुक्कड़ सभा

**पाकुड़िया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार के आवाहन पर महेशपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पाकुड़िया प्रखंड के लखिजोल , श्रीरामपुर , बंडीगा सहित अन्य गांवों में कांग्रेस जिला महासचिव सह लिट्टीपाड़ा प्रभारी दाऊद मरांडी के नेतृत्व में मंगलवार को जगह-जगह नुक्कड़ सभा कर लोगों संबोधित कर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की संसद सदस्यता से भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा निलंबित कराया गया । अब बंगला खाली करने के लिए उन्हें नोटिस भेज दी गई । केंद्र सरकार द्वारा की जा रही ऐसी पीड़क कार्यवाई ओछी नहीं तो और क्या है । केंद्र सरकार इससे बाज आए अन्यथा पाकुड़ जिले के महेशपुर विधान सभा क्षेत्र से केंद्र सरकार के खिलाफ चक्का जाम आन्दोलन की शुरुआत होगी। अंबानी ,अढानी सहित जनहित के मुद्दे को भटकाने के लिए राहुल गांधी की संसद सदस्यता से भाजपा की केंद्र सरकार गुमराह कर निलंवित कराया गया।दाऊद मराड़ी ने आगे कहा कि इस ओछी हरकत से देश की जनता एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता चुप होकर बैठ जाएंगे यह भाजपा की गलतफहमी है । भाजपा द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ रची जा रही साजिश नहीं रुकी तो आंदोलन तेज किया जाएगा । अपने भ्रष्ट मित्रों को भाजपा बचाना चाहती है इससे यही प्रतीत होता है परंतु अब ऐसा होने नहीं दिया जाएगा जनता अब जागरूक हो गई है। मौके पर प्रखंड महिला सचिव प्रेमशिला मुर्मू, कालिदास हेम्ब्रम, महेशपुर विधानसभा महिला अध्यक्षा रेखा रानी मालतो सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## माँ काली की प्रतिमा स्थापित कर चैती काली पूजा का आयोजन

**पाकुड़िया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के मोंगलाबान्ध ग्राम स्थित बहुप्राचीन काली मंदिर में माँ काली की प्रतिमा स्थापित कर चैती काली पूजा का आयोजन मंगलवार को धूमधाम से किया गया । पुजारी दिवाकर मिश्रा की देखरेख में सोमवार की मध्यरात्रि को पूजा अनुष्ठान प्रारंभ हुआ और मंगलवार को दर्जनों बकरों की बली के साथ पूजा का समापन हुआ । इस मंदिर से लोगो की आस्था अदभुत है, मान्यता है कि यहाँ जो कोई भी श्रद्धालु आस्था व विश्वास के साथ पूजा करते हैं और मन्नते माँगते है माँ काली उनकी मुरादें आवश्य पूरी करती है । इस कारण हर वर्ष यहाँ पूजा में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ते जाती है । इस मंदिर में 100 से अधिक वर्षो से हर वर्ष पूजा होते आ रही है । मन्नत पूरा होने पर श्रद्धालु बकरे की बली चढ़ाते हैं । यहाँ मन्दिर की नियमित देखरेख एवं नित्य पूजा स्थानीय पुजारी करते हैं । मंगलवार को माँ काली की पूजा के पश्चात आरती वंदना कर प्रसाद वितरण की गयी । मंदिर कमिटि के अध्यक्ष अशोक वर्मा,सचिव लखिन्द्र पाल,कोषाध्यक्ष वकील पाल, ,बबलू पाल, राजकुमार पाल ,अरुण पाल,मधुसूदन वर्मा, राजेश पाल ,चन्दन वर्मा, किशोर पाल आदि ने सक्रिय रूप से पूजा का आयोजन में भाग लिया।

## पथरडंगा गांव में आईआरएस कीटनाशक का छिड़काव किया गया

**पाकुड़िया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया अंतर्गत पथरडंगा गांव में मंगलवार को आईआरएस कीटनाशक का छिड़काव किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कालाजार उन्मूलन हेतु आईआरएस कीटनाशक का छिड़काव किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भारत भूषण भगत ने बताया कि प्रखंड के कूल 18 कालाजार प्रभावित गांवों में सिंथेटिक पायरेथ्राइड 5त्र नामक कीटनाशक दवा का छिड़काव 1 मार्च से प्रारंभ है । उन्होंने बताया घर के सभी कमरों में उक्त दवाई छिड़काव करने से बालू मक्खी एवं मच्छर मर जाती है जिससे कालाजार रोगों से कमी आ सकती है।केटीएस संजय मुर्मू,व नूर आलम सेख द्वारा सभी ग्रामीणों से अपील की गई कि वह घर के सभी कमरों में पूर्ण छिड़काव कराएं ताकि कालाजार एवं मलेरिया जैसे घातक बीमारी से बचा जा सके। इस अभियान में डब्ल्यूएचओ के प्रवीण सिंह केयर इंडिया के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नफीस उल आलम, एमपीडब्ल्यू रविंद्र मुर्मू, मिशन शेख, अंकित हेम्ब्रम , एसएफडब्ल्यू डी भंडारी , सरवन ठाकुर, माधव ठाकुर , राजेन सोरेन ,आदि उपस्थित थे।

## एसपी ने किया हजारीबाग जेल का औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में आज मगंलवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं सदर एसडीएम विधा भूषण कुमार ने संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण लगभग 2 घंटे तक चला। इस औचक निरीक्षण की कारवाई में जिला प्रशासन के 15 टीम मौजूद रही। इस दौरान केंद्रीय कारागार के अस्पताल, कैंटीन,बैरक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया गया। मौके पर कुछ अपतिजनक सामग्री जैसे चाकूनूमा औजार, कैंची, खैनी, कुछ ब्लेड आदि सामग्री बरामद किए गए।एसपी ने बताया की यह रूटीन जांच प्रक्रिया है जो हर एक या दो माह में की जाती है।

## झामुमो के 44वें स्थापना दिवस में इचाक से सैकड़ो कार्यकर्ता रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इचाक :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का 44वां स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मंगलवार को झामुमो इचाक प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष दिगम्बर कुमार मेहता के नेतृत्व में इचाक से दर्जनों गाड़ियों में सैकड़ो कार्यकर्ता और ग्रामीण हजारीबाग के संत कोलंबा कॉलेज मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह पार्टी के ज़िला सह सचिव मनोहर राम ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सरकार के नेत्रित्व में झारखंड प्रदेश उत्तरोत्तर विकास की ओर अग्रसर है। इसलिए स्थापना दिवस कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के प्रखंड सचिव रामप्रवेश सिंह, बाबून हांसदा, उमेश गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, सुरेश मरांडी, सुरेन्द्र मेहता, रामफल मेहता, प्यारी देवी, मालो देवी, चेतलाल साव, कमल कश्यप, संतोषी देवी, काली मरांडी, राजेश मरांडी, गिरजा देवी, सुंदर मांझी समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

## गोरियाकरमा में स्थित पशु प्रक्षेत्र का क्षेत्रीय निदेशक ने किया निरीक्षण, किया पौधरोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग):** प्रखंड के गोरिया करमा में स्थित पशु प्रक्षेत्र का निरीक्षण पशुपालन विभाग के उच्च अधिकारियों ने किया। मौके पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ चंदन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक डॉ दारा शिकोह, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ न्यूटन तिर्की आदि मौजूद थे। वही आईसीएआर के प्रधान अधिकारी डॉ विशाल नाथ पांडे, बिरसा कृषि केंद्र के उप निदेशक श्रीनिवास गिरी, प्रबंधक डॉ संजीव कुमार, पशु चिकित्सक डॉ राजीव कुमार भारती भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान पशुपालन विभाग के उच्च अधिकारियों ने कई दिशा निर्देश दिए।वही पशुओं के बारे में जानकारी भी ली, दूध उत्पादन में और कैसे वृद्धि हो इसकी भी जानकारी दी। वही निरीक्षण के बाद कार्यालय प्रांगण में रुद्राक्ष और चंदन का पौधा लगाया गया। वही वन और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। मौके पर पशुपालन विभाग के कर्मी भी मौजूद थे।

## जवानों का हौसला बढ़ाने पहुंचे डीजीपी, कहा बीते कल का दिन झारखंड के लिए रहा ऐतिहासिक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग):** बीते सोमवार का दिन झारखंड के लिए ऐतिहासिक रहा। मंगलवार को चतरा जिला के लावालौंग में हुई नक्सली मुठभेड़ में 5 मोस्ट वांटेड नक्सली का मार गिराए जाने की खबर सुनकर डीजीपी अजय कुमार सिंह अधिकारियों संग इस अभियान में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाने चतरा पहुंचे। मौके पर सीआरपीएफ के एडीजी वितुल कुमार, एडीजी अभियान संजय आनंद राव लाटकर, आईजी होमकर एवं बरही कोबरा 203 वाहिनी के कमांडेंट राजीव कुमार सिंह सहित कई अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं चतरा पहुंचने पर डीजीपी अजय कुमार सिंह का डीआईजी नरेंद्र सिंह समेत जिला के अन्य पुलिस पदाधकारियों ने जोरदार स्वागत किया। वहीं राज्य के पुलिस प्रमुख ने सोमवार को चतरा जिला के लावालौंग में हुई पुलिस - नक्सली मुठभेड़ में शामिल जवानों को संबोधित कर उनका हौसला अफजाई किया। गौरतलब हो की बीते दिन चतरा के लावालौंग थाना क्षेत्र माओवादियों के खिलाफ अभियान में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी। जहां मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 5 इनामी नक्सलियों को ढेर कर दिया था। इस अभियान में बरही कोबरा 203, सीआरपीएफ 190, जैप, आईआरबी के साथ - साथ पलामू और चतरा जिला बल को लगाया गया था।

## सदर विधायक मनीष जयसवाल ने किया लोक नृत्य उत्सव के पोस्टर का अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद ,युवा कार्य विभाग,झारखंड सरकार द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता अनुदान के अंतर्गत प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करने एवं कला के साथ समाज सेवा के लिए समर्पित तरंग ग्रुप द्वारा आयोजित दस दिवसीय निशुल्क लोक नृत्य कार्यशाला 2023 के आधिकारिक पोस्टर का अनावरण सदर विधायक मनीष जायसवाल के कर कमलों द्वारा किया गया।मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का एक विस्तृत फलक मिलता है।एवं बेहतरीन मंच प्रदान करने के लिए बहुत ही आवश्यक है।वहीं तरंग के सचिव अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि झारखंडी एवं भारतीय लोक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य इस कार्यशाला का आयोजन आगामी 7 अप्रैल से 16 अप्रैल के बीच किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन स्थानीय प्रधान कैफेटेरिया में दोपहर 3 बजे किया जाएगा । उपरोक्त कार्यशाला में पांच वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के कोई भी बालक या बालिकाएं भाग ले सकती है जिसके लिए कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। कार्यशाला में हजारीबाग के साथ बाहर से आए प्रशिक्षक भी प्रतिभागियों को नृत्य का प्रशिक्षण देगे।16 अप्रैल को स्थानीय नगर भवन में कार्यशाला में तैयार विभिन्न लोक नृत्यों की प्रस्तुति होगी। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।रजिस्ट्रेशन की जानकारी व्हाट्सएप नंबर एवं फोन नंबर 7992361860 या 7870563211 पर ली जा सकती है।पोस्टर अनावरण के मौके पर कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, संस्कृतिकर्मी प्रह्लाद सिंह, डॉक्टर भैया असीम,समाजसेवी विशाल वाल्मीकि ,राजकरण पांडे के साथ दीपक कुमार गुप्ता एवं मानसी सिन्हा उपस्थित थें।

## द सोशल यूनियन ऑफ इंडियन ट्रस्ट असहाय बच्चों को कई वर्षो से दे रही है निशुल्क शिक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** द सोशल यूनियन ऑफ इंडियन ट्रस्ट के द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मोहम्मद असलम आलम ने किया। मीटिंग में काफी संख्या में मेंबर उपस्थित हुए और कई मुद्दों पर चर्चा हुई, यह निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में संगठन को किस तरह से मजबूती दिया जाए एवं गरीब एवं असहाय लोगों के बीच किस तरह से सहयोग प्रदान किया जाए इस पर खास जोर दिया गया तथा स्वस्थ एवं शिक्षा के मुद्दे पर भी बातें रखी गई ।

## युवाओं के लिए प्रेरणा बने प्रमोद, सेल्फ स्टडी कर जेएसएससी में पाई सफलता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चौपारण :** सफलता अमीरी और गरीबी नहीं देखती है बल्कि सफलता सिर्फ और सिर्फ मेहनत ही देखती है। इच्छाशक्ति के मजबूती के साथ सही दिशा में मेहनत करने वालों को एक न एक दिन सफलता मिल ही जाता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया दादपुर का प्रमोदबतादें कि झारखंड कोषागार लिपिक 2017 का रिजल्ट सोमवार को जारी हुआ है। जिसमें चौपारण प्रखण्ड भी परचम लहराया है। प्रखण्ड के दादपुर के रहने वाले प्रमोद कुमार दांगी पिता स्वर्गीय सुरज महतो का भी चयन झारखंड सरकार के कोषागार लिपिक के पद पर हो गया है। इनका चयन जेनरल कैटेगिरी में हुआ है। बतादें कि इससे पहले भी दादपुर गांव के कई छात्रों ने सफलता का परचम लहरा चुके हैं । इससे पहले प्रियंका कुमारी पिता खूबलाल साव का चयन नगर आयुक्त के पद पर हुआ है।कोषागार लिपिक पद पर चयनित प्रमोद कुमार ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि यदि धैर्य पूर्वक रहकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव से कठिन परिश्रम किया जाए। तो सफलता एक न एक दिन अवश्य मिलती है। आज उसी का परिणाम है।

**सरकारी स्कूल से शुरू हुई प्रारंभिक शिक्षा**

उन्होंने बताया कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा मध्य विद्यालय सिंहपुर से हुई। मैट्रिक बोर्ड परीक्षा केबीएसएस चौपारण से 2001 ई हुई। वहीं 2003 में इंटर कला और 2006 में क्र. इतिहास विषय से किया। जिसके बाद गांव में ही रहकर 2010 में क्र श्वस्न. और 2014 में रू. की शिक्षा ग्रहण की।

**ट्यूशन पढा व सेल्फ स्टडी कर पाई सफलता**

उन्होंने कहा कि पैसे के अभाव के कारण गांव में ही रहकर कुछ बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने लगे। और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर सेल्फ स्टडी करने लगें। सेल्फ स्टडी का परिणाम रहा कि झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा छ्वञ्जश्वञ्ज, केंद्रीय शिक्षक पात्रता ष्ट्वञ्जश्वञ्ज, और बिहार शिक्षक पात्रता क्चञ्जश्वञ्ज की भी परीक्षाएं पास कर चुके हैं। और आज सेल्फ स्टडी के बदौलत ही हमने झारखंड कोषागार के लिपिक पद में भी सफलता पाई।

**शादी के बाद भी हिम्मत नहीं हारे प्रयास रखा जारी**

उन्होंने कहा कि शादी 2009 में हो जाने के बाद भी वे हिम्मत नहीं हारे और प्रयास को जारी रखा। थोड़ा और खर्च बढ़ने लगा तो एक निजी स्कूल में भी बतौर शिक्षक कार्य करने लगे। ये सब करते हुए भी अपने पढ़ाई को कभी रुकने नहीं दिया। अंततः वे सफल हुए। बतादे कि वर्तमान में प्रमोद कुमार दांगी मॉडर्न पब्लिक स्कूल दादपुर में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

**ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए बने मिशाल**

प्रमोद की सफलता से गांव के लोग भी काफी खुश हैं। मुखीया गंदौरी दांगी , पूर्व मुखिया अरबिंद सिन्हा , महेश्वरी मेहता, राजेश मेहता सहित कई लोगों ने इनके सफलता पर बधाई देते हुए कहा ।

## विधायक मनीष ने रखी डेढ़ करोड़ की विकास योजनाओं की आधारशिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कटकमदाग प्रखंड के ढेंगुरा पंचायत स्थित ग्राम ढेंगुरा में डीएनएफटी मद अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, ढेंगुरा का निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास सदर विधायक मनीष जायसवाल ने जिप अध्यक्ष उमेश मेहता और जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव के साथ संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर, नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। डीएमएफटी मद के करीब 01 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से इस शिक्षा के मंदिर का कायाकल्प होगा। इस कार्य के तहत एक नया भवन का क्लास रूम का निर्माण, सभी भवनों का रिपेयर, बाउंड्री वॉल, डीप बोरिंग, वायरिंग और शौचालय का निर्माण किया जाना है ।सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का यहां पहुंचने पर ढेंगुरा ग्राम वासियों, स्कूली बच्चों और शिक्षकों के अलावे स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे- बाजे और ढोल- ताशे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया। विधायक मनीष जायसवाल ने यहां स्थानीय लोगों की समस्या भी जानी और यथासंभव निराकरण का भरोसा भी जताया ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की शिक्षा के मंदिर का कायाकल्प समाज के लिए अत्यंत जरुरी है। शिक्षा से ही समाज से अज्ञानता रूपी अंधकार मिटेगा और ज्ञानता रूपी प्रकाश का उदय होगा। इसी उद्देश्य के साथ जिले के सभी स्कूलों को अपग्रेड करने का कार्य चल रहा है इसी कड़ी के तहत ढेंगुरा स्कूल का भी उन्नयन कार्य किया जा रहा है। डीएमएफटी मद का उपयोग स्कूलों के जर्जर भवन को सुदृढ़ करने में उपयोग करना और स्कूलों की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करना निश्चित रूप से समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ाने में कारगर साबित होगा। विधायक मनीष जायसवाल ने स्कूल प्रबंधन समिति और ग्रामीणों से गुणवत्ता के अनुरूप काम कराने में सहयोग करने का भी अपील किया। उन्होंने यह भी कहा की ढेंगुरा से मेरी दादी का विशेष नाता रहा है इसीलिए बचपन से इस गांव को करीब से देखा हूं। पहले यहां आने में सड़क की जर्जर हालत को देखकर रूह कांप जाया करता था लेकिन बतौर विधायक मैंने प्राथमिकता के तौर पर इस पंचायत में काम किया और आपके हरेक मुख्य सड़क का गुणवत्त निर्माण हुआ है।

## मध्य रात्रि को गायब हुआ युवक, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना क्षेत्र के बोरोबिंग पंचायत अंतर्गत छोटकीपोना निवासी नवीन महतो (27 वर्षीय) पिता अमृत महतो मध्य रात्रि को अचानक घर से गायब हो गया जिससे परिजनों ने काफी निराशा छाई हुई है परिजनों द्वारा अपना रिश्ता नाता से संपर्क कर जानकारी ली परंतु अब तक गायब हुए युवक का कुछ सुराग नहीं मिला जबकि परिवार के सदस्यों ने विभिन्न तालाबों एवं कुआं में लोहा के झगड़ के साथ जगह जगह पर छानबीन किया गया लेकिन युवक अब तक लापता ही रहा ना कोई सुराग मिला अचानक लापता नवीन के गायब होने की सूचना परिजनों द्वारा रजरप्पा थाना को दी गई मौके पर रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह छोटकी पोना पहुंचे और परिजनों से बातचीत के दौरान ऐसी स्थिति की पूरी जानकारी ली तथा उन्होंने भरसक आश्वासन दिया कि पुलिस अपने स्तर पर जांच पड़ताल कर रही है इस मौके पर रजरप्पा थाना प्रभारी ने परिवार के सदस्यों से मिलकर विस्तृत रूप से जानकारियां ली और भरोसा दिलाया कि युवक को हर हाल में खोजबीन करने के बाद सामने लाने का प्रयास किया जाएगा जबकि परिजनों का कहना है कि युवक बिल्कुल ही सीधा साधा था और किसी प्रकार का उसके ऊपर किसी से दुश्मनी भी नहीं था फिर भी अचानक घर से गायब हो जाना तथा किसी अपने घर परिवार के सदस्यों को बिना सूचना दिए अचानक मध्यरात्रि को घर से निकलना यह एक सबसे बड़ी सवाल है । युवक के गायब होने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## श्री श्री 108 हनुमत् प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमत् महायज्ञ का भव्य आयोजन

**टुंडी/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : पश्चिमी टुण्डी क्षेत्र थाना + पोस्ट



मनियाडीह, पंचायत-जीतपुर के अन्तर्गत नवादा गांव में दिनांक 03/04/2823 से 06/04/2023 तक होनेवाली श्री श्री 108 हनुमत् प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमत् महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है। जिसकी कलश शोभा यात्रा आज दिनांक 03 मार्च को नवादा यज्ञ स्थल के बजरंगबली मंदिर से शुभारम्भ होकर पारटांड तत्पश्चात जीतपुर के समक्ष जोरिया पहुंचकर आचार्य मोरपहाड़ के ब्राह्मणदेव अर्जुन पाण्डेय ने मुख्य यजमान बिनोद चौधरी एवं उनकी अर्द्धांगिनी मनीषा देवी और द्वितीय यजमान पारा शिक्षक संघ के जिला महासचिव दयानन्द चौधरी एवं उनकी अर्द्धांगिनी श्रीमती सुमित्रा देवी के साथ - साथ समस्त भक्तजनों के समक्ष पूरे विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण कर 121 कलशों में जल भरवाकर पुनः उसी रास्ते नवादा गांव बजरंगबली मंदिर यज्ञ स्थल पहुंचकर कलशों को स्थापित किया तत्पश्चात सबों ने माथा टेककर शास्वत दण्डवत किया।

## कुमारधुबी व गल्फरबाड़ी में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला का कारोबार जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा** : निरसा अनुमंडल के कुमारधुबी ओपी और गल्फरबाड़ी ओपी क्षेत्र के रिफेक्ट्री में बड़े पैमाने पर चोरी का कोयला लिया जा रहा है। रिफेक्ट्री मालिक यह कार्य खुली चुनौती देते हुए दिन के उजालों में कर रहा है। लेकिन इसकी भनक अब तक स्थानीय पुलिस को नही है। यह ताज्जुब की बात है की अब तक कोई कार्यवाही नही हुई। धनबाद जिलां प्रशासन क्षेत्र में अवैध कोयले के कारोबार कारोबारियों पर कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है जिसके बाद क्षेत्र में कोयले का उठाव, चोरी का कोयले से भट्ठा संचालन बंद है। लेकिन इन मौको का फायदा उठा कर रिफेक्ट्री मालिक धड़ल्ले से साइकलों से कोयला ले रहे है और कुछ कोयला से अपने रिफेक्ट्री चला रहे है तो कुछ कोयला ट्रक के माध्यम से अन्य स्थान पर भेजने का काम कर रही है।



पश्चिम बंगाल सीआईएसएफ की टीम राष्ट्रीय संपति कोयला को बचाने में लगे है। निरसा अनुमंडल क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापामारी कार्यवाही कर रही है। लेकिन गरीबों का जान जोख़िम में डाल कर रिफेक्ट्री मालिक करोड़ो कमा रहे है और जान गरीबों की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक ओपी क्षेत्र के बढ़डंगाल और दूधिया पानी में संचालित रिफेक्ट्री मालिक अवैध कोयला लेकर पुलिस प्रशासन को मुँह चिढ़ा कर खुली चुनौती दे रही है। जिससे जिला प्रशासन का आदेश फेल होता दिख रहा है। कुमारधुबी ओपी प्रभारी संदीप यादव ने कहा की अगर रिफेक्ट्री में कोयला लिया जा रहा है तो कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार किसी भी हाल मे पनपने नही दिया जाएगा।

## स्कूल से नाबालिक युवती हुई गायब

### सड़क पर मिला युवती का बैग और जूता



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : जिले के झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला के रहने वाली बबीता देवी धनबाद एसएसपी से फरियाद लगाकर अपनी नाबालिक लड़की को खोजने की मांग कर रही है। झरिया बस्ताकोला की रहने वाली पीड़िता ने बताया के उसकी बेटी सोमवार को मध्य विद्यालय बस्ताकोला पढ़ने गई। काफी देर तक नहीं आने पर खोजबीन की किन्तु नही मिली। जब स्कूल जा कर पता लगाया गया तो स्कूल के तरफ से कहा गया की आपकी बेटी घर चली गई है। जिसके बाद काफी खोजबीन करने पर निभा का स्कूल का बैग व जुता सड़क पर मिला। जिसके बाद झरिया थाने में शिकायत करने पहुंची पीड़ित महिला की शिकायत पुलिस वालो ने लेने से इनकार कर दिया। किसी तरह शिकायत दर्ज हुआ पर 24 घंटा बीत जाने के बाद अब तक पुलीस के तरफ से कोई करवाई नही हुई। वही थक हार कर पीड़िता बबीता देवी ने धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर फरियाद लगाई। एसएसपी के नही रहने के कारण डीएसपी मुख्यालय वन अमर पांडे ने पीड़िता के शिकायत पर झरिया थाना प्रभारी को फोन कर त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया।

## विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर आईना ने किया रंग जुलूस का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में विश्व



रंगमंच दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक संस्था आईना और भारतीय जन नाट्य संघ गिरिडीह की ओर से एक रंग जुलुश निकाली गई ।जिसमे भरतनाट्यम पाठशाला से होते हुए मकतपुर चौक, जिला परिषद चौक से टावर चौक और अंबेडकर चौक में खत्म हुई। वही रंग जुलूस का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी महेश अमन कर रहे थे। रंग जुलूस के माध्यम से नुक्कड़ों पर मंचन करके बताने की कोशिश की गई कि पहले गांधी के तीन बंदर थे जो वर्तमान में बढ़कर चार बंदर हो गए हैं।एक बंदर कुछ देखता नहीं है, दूसरा कुछ सुनता नहीं है, तीसरा कुछ बोलता नहीं है और चौथा मोबाइल में मगन रहता है । विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर आईना के कलाकारों ने जिला प्रशासन से रंगशाला की मांग रखी है जो पिछले कई वर्षों से लंबित हैं। मौके पर कलाकारों में प्रगति ,रानी, मेघा, गुड्डू ,रौनक, शिवम, राहुल, आदित्य, ऋषभ और लवली मुख्य रूप से सम्मिलित थे। इधर इप्टा के अध्यक्ष धरणीधर प्रसाद,रामदेव विश्वबन्धु, प्रीति भास्कर,निशांत भास्कर,परवेज शीतल सहित सभी रंगकर्मियों ने बधाई दी।

## होमगार्ड बहाली : युवाओं ने उपायुक्त आवास के पास किया प्रदर्शन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गिरिडीह ज़िले में होम गार्ड बहाली के अंतिम दिन फार्म जमा करने आए युवाओं ने फार्म जमा नही होने पर उपायुक्त आवास के पास प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने हेमंत सरकार पर युवाओं को ठगने का भी आरोप लगाया। अधिकांश युवा दूसरे जिले के रहने वाले थे और मंगलवार को आवेदन जमा करने के लिए पहुंचे हुए थे। हालांकि मंगलवार को बहाली के लिए आवेदन जमा करने पहुंचे कई युवाओं को होम गार्ड कैंप से यह कहकर लौटा दिया गया की आज होम गार्ड कैंप महावीर जयंती के कारण बंद है। वो लोग जाकर डाक घर में जमा कर दें, लेकिन महावीर जयंती के कारण वो भी बंद था। जिसके कारण युवा आवेदन जमा नही कर पाए और इसी बात को लेकर युवा नाराज हो गए और उपायुक्त आवास पहुंचे गए। लेकिन कोई फायदा नही हुआ। धीरे धीरे युवा वहां से चले गए।

## निरसा में प्रतिबंधित लॉटरी टिकट की धड़ल्ले से बिक्री जारी

### लखपति बनने के चक्कर में लोग हो रहे हैं कंगाल

**अजीत साव व सोनू साव के संरक्षण में चल रहा है अवैध लॉटरी का धंधा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा** : निरसा मुख्य बाजार जामताड़ा रोड जहां झारखंड में प्रतिबंधित लॉटरी का टिकट को दिनदहाड़े धड़ल्ले से स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा है। जहां लॉटरी का टिकट खरीदने के लिए खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। निरसा एसडीपीओ पितांबर खैरवार को और निरसा थाना प्रभारी को इन सब चीजों से कोई मतलब नहीं है। मतलब रहता तो कार्रवाई करते, अवैध लॉटरी का टिकट बिक्री पर प्रतिबंध लगवाते लेकिन ऐसा नहीं है। बताते चलें कि 29 मार्च 2023 को बड़ी कार्रवाई करते हुए धनबाद डीएसपी मुख्यालय 1 अमर कुमार पांडे ने छापेमारी कर गोविंदपुर थाना क्षेत्र से 7 लोगों को अवैध जाली लॉटरी का टिकट बेचते हुए पकड़ा था। छापामारी के दौरान मास्टर कॉलोनी से महताब आलम उर्फ टीपू के अलावा अन्य 6 लोग लॉटरी के टिकट एवं नगद रुपए के साथ पकड़ा गया था। पूछताछ करने पर उसने निरसा के अजीत साव एवं सोनू साव से टिकट लेने की बात कही थी।



गौरतलब है कि इन दिनों धनबाद जिला में अवैध जाली लॉटरी का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है जिसका मुख्य सरगना झरिया बाघमारा एवं निरसा तथा गोविंदपुर में अपना दबदबा बनाए हुए हैं।लॉटरी के अवैध व्यापार के आकाओं के द्वारा खुद जाली टिकट छापा जाता है तथा बाजार में बेचा जाता है। एवं खुद दिन में तीन बार खेला कराया जाता है। अचानक लखपति बनने के चक्कर में दैनिक मजदूर, दुकानदार, रिक्शा चालक ल, ऑटो चालक सहित आम जन भी अपनी गाढ़ी कमाई लॉटरी में लुटा रहे हैं। सूत्रों की माने तो निरसा तथा आसपास के क्षेत्र में चलने वाले अवैध जाली लॉटरी का कारोबार की जानकारी निरसा अनुमंडल एसडीपीओ सहित थाना प्रभारी को भी है, लेकिन कार्रवाई नहीं होना कई सवालों को खड़ा करता है।

## गोल्हैया में निकाला गया जागरूकता अभियान

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड के सियाटांड़ पंचायत अंतर्गत



गोल्हैया के स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के सहिया मीना देवी के नेतृत्व में गोल्हैया गाँव में खसरा रुबेल टीकाकरण को लेकर मंगलवार को जागरूकता अभियान निकाला गया। अभियान के दौरान गांव में इस बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही कई चौक चौराहे के दीवारों पर खसरा से होने वाली बीमारी के लक्षण एवं बचाव के उपाय को लेकर लेखन किया गया। वही सहिया मीना देवी ने कहा राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमुआ के तत्वधान में हम लोग जागरूकता अभियान चला रहे हैं वही कही एम आर टिका स्वस्थ्य जीवन का तरीका है यह टीका 9 माह से 15 वर्ष आयु के बच्चों को लगाया जाता है इसलिए सभी अपने 9 माह से 15 वर्ष आयु के बच्चों एमआर का टिका अवश्य लगवाएं। वहीं इसका लक्षण बताते हुए कहा लाल आंख, तेज बुखार, खासी, शरीर में चकते या लाल दाने होना इसका मुख्य लक्षण है इस तरह के लक्षण दिखाई दे तो नजरअंदाज नहीं करते हुवे चिकित्सक से संपर्क करे।

## सहायक शिक्षकों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी** : टुंडी प्रखंड के सहायक शिक्षकों ने आज सोमवार को मानदेय के साथ 4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी एरियर की भुगतान करने की मांग की है। बताया जाता है कि झारखंड सरकार द्वारा सहायक शिक्षकों को मानदेय के साथ 4 प्रतिशत की अतिरिक्त वेतन वृद्धि की है धनबाद जिले के टुंडी प्रखंड को छोड़कर हर प्रखंडों एरियर सहित मानदेय की भुगतान कर दिया गया है।इसी को लेकर आज सभी सहायक शिक्षकों ने टुंडी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से मिलकर जनवरी, फरवरी, मार्च तीनों माह का एरियर को जोड़ कर मानदेय का भुगतान करने की मांग की है। मौके पर टुंडी प्रखंड सहायक शिक्षक के अध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय, प्रखंड सचिव शत्रुघ्न कुमार, प्रखंड कोषाध्यक्ष गिरिश चन्द्र साव सहायक शिक्षक रामेश्वर मंडल सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

## एक वेतनमान की मांग को लेकर सहायक अध्यापक गोलबंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : झारखंड राज्य सामुदायिक प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ गोविंदपुर में वेतनमान को लेकर बैठक किया गया। बैठक का अध्यक्षता नरसिंह पांडे व संचालन नयन मिश्रा द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री सुशील कुमार पांडे, जिला अध्यक्ष निरंजन दे, जिला महासचिव उत्पल चौबे, जिला प्रधान सचिव नवीन चंद्र सिंह, जिला संरक्षक श्रीनिवास पांडे, जिला कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, जिला प्रवक्ता नयन मिश्रा, जिला संयुक्त सचिव नरेश महतो, टुंडी प्रखंड सचिव शत्रुघ्न चौधरी आदि उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से एक मांग बिहार के तर्ज पर झारखंड राज्य के 62000 पारा शिक्षकों को वेतनमान देने की मांग पर वर्तमान सरकार को अल्टीमेटम दिया गया कि यदि 2023 में हेमंत सरकार अपना वेतनमान का वादा पूरा नहीं करती है तो निश्चित रूप से 2024 के चुनाव में खामियाजा भुगतने को तैयार रहें। वहीं प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे व जिला अध्यक्ष निरंजन दे की देखरेख में गोविंदपुर प्रखंड के अंचल एक और दो के प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया।



## सिलेंडर फटने से एक की मौत



**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी** : टुंडी प्रखंड के पुरनाडीह पंचायत अंतर्गत अरवाटांड निवासी 55 वर्षीय मोहन मंडल की गैस सिलेंडर के आग में जलकर मौत हो गई। बताया जाता है कि मोहन मंडल अपने घर स्थित मिठाई की दुकान चला रहे थे इसलिए गैस को जलाये गैस लिंक कर जाने से पूरे दुकान में आग फैल गई दुकान को बचाने के क्रम में खुद की लपटों में घिर गए काफी मशक्कत करने के बाद भी मोहन मंडल को नहीं बचाया जा सका। घटना की खबर मिलते ही जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम एवं पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी घटना स्थल पर पहुंचे और हरसंभव मदद करने की बात कही फिलहाल लाश को पोस्टमार्टम के लिए टुंडी पुलिस धनबाद भेज दिया गया। मृतक अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की सरकारी मदद की घोषणा नहीं की गई है मृतक के आश्रितों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओं अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद जिले में वीवीआईपी एवं कोर्ट परिसर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण पर नगर आयुक्त सतेंद्र कुमार ने संज्ञान लिया है। मॉर्निंग वॉक के दौरान नगर आयुक्त ने अतिक्रमण कारियो पर नकेल कसने के लिए निगम कर्मियों को फटकार लगाई एवं तुरन्त कोर्ट परिसर से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। बता दें कि अतिक्रमण की वजह से वकीलों एवं न्यायाधीशों के साथ-साथ आम लोगों को कोर्ट परिसर में आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नगर आयुक्त के निर्देश मिलते हीं निगम के कर्मी और सुपरवाइजर एक्टिव हो गए और कोर्ट परिसर स्थित सड़क के दोनों



किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई शुरू की। वहीं कई दुकानदारों ने स्थाई निर्माण कर लिया था कुछ लोग गुमटी लगाकर स्थाई रूप से अतिक्रमण कर चुके थे। उन्हें तुरंत हटाने का काम शुरू किया गया। दबी जुबान से दुकानदार कार्यवाई का विरोध भी करते रहें लेकिन निगम की सख्ती के सामने उनकी एक नहीं चली। वहीं मीडिया से बात करते हुए निगम के खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई पिछले कई दिनों से चल रही है। आज कोर्ट परिसर में चलाया जा रहा है और आगे भी कार्यवाई जारी रहेगी।

## हवन व सुन्दर कांड पाठ का हुआ आयोजन

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में यज्ञ



हवन एवं सुन्दर कांड पाठ का आयोजन के साथ नए सत्र की शुरुआत किया गया। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, समिति सदस्य उत्तम गयाली, के साथ साथ सभी आचार्य-दीदी एवं काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अविलंब लागू हो : ब्रजेन्द्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने राजस्थान सरकार को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य रहा जहां अधिवक्ता संरक्षण विधेयक पारित हुआ है। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग किया है कि झारखंड राज्य में भी इसी तरह एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अविलंब पास कराकर इस कानून को जल्द से जल्द लागू कराया जाए ताकि झारखण्ड में भी



अधिवक्ता सुरक्षित रह सके और कानून अपना काम करता रहेगा। आगे सिंह ने कहा कि झारखंड में भी आए दिन अधिवक्ताओं के साथ अपराधियों के द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाना तथा हाथापाई तक की सूचना मिली है जो की बहुत ही निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण है। कोई भी अधिवक्ता चाहे वह सीनियर हो या जूनियर सभी लिटिगेंटस का केवल पक्ष रखता है और न्यायालय द्वारा फैसला सुनाई जाती है। साथ साथ झारखंड सरकार से मांग करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह पत्रकारों को सरकार के द्वारा इंश्योरेंस की सुविधा दी गई है, वह इंश्योरेंस की सुविधा सभी अधिवक्ताओं को भी दी जाए और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट राजस्थान के तर्ज पर झारखंड में भी एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को अविलंब लागू किया जाए।

## जरीडीह मुखिया को मिली जमानत पूर्व विधायक ने मिलकर हालचाल जाना



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड क्षेत्र में बिते माह से चर्चा में रहे जरीडीह कांड में जेल में बंद स्थानीय मुखिया टिकैत राजामणी सिंह को अंततः जमानत मिल गया, जिसकी सुचना मिलते हीं बगोदर विधानसभा सभा के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो उनका हालचाल जानने उनके आवास पर गये. आपको बता दें कि बिते 9 मार्च को जरीडीह कांड में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, 15 दिनों के बाद जिला न्यायधीश ने उन्हें सोमवार को जमानत दिया. इस बीच मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह कपिलो पंचायत के मुखिया मुकेश यादव ने खुशी जताते हुए कहा कि अभी उन्हें जमानत मिली है बहुत ही जल्द उन उक्त मामले में बाइज्जत बरी भी किया जाएगा।

## कांग्रेस कमिटी ने चलाया जय भारत सत्याग्रह अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ** : विधानसभा अंतर्गत देवरी थाना मोड़ के पास कॉन्ग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किए गए देश वापी कार्यक्रम जय भारत सत्याग्रह के तहत मंगलवार को सत्याग्रह कार्यक्रम एवं नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। वही प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम की गई इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष विमल कुमार सिंह ,कांग्रेस नेता राम नारायण दास ,धोकल दास ,अनिल राय व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गोपाल कुमार राय इसके अलावा कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार राय ने कहा कि हमारा भारत देश कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है लोकतंत्र खतरे में है विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। हमारे माननीय राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दी गई है ताकि वह भाजपा सरकार की कुटिल नीति को जनता के सामने उजागर ना कर सके संसद में अडानी महंगाई बेरोजगारी के मुद्दे ना उठ सके। इस दौरान कई कार्यकर्ता ने अपना वक्तब्य देते हुए केंद्र सरकार का जमकर विरोध किया। बता दे की बीते महीना कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व वायनाड सांसद राहुल गाँधी को विवादित बयान देने को लेकर सूरत ने कोर्ट ने दो साल का सजा सुनाया था जिसके बाद उनकी लोकसभा सदस्ता रद्द के दी गई थी जिसके बाद से कांग्रेस वर्तमान में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाप मोर्चा खोल दिया है। वही मौके पर सत्येंद्र राय ,रामदेव चौधरी, सत्येंद्र नारायण , मंडल अध्यक्ष दिनेश राम नारायण राम इत्यादि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जिला प्रशासन हमेशा खिलाड़ियों की मदद के लिए खड़ा है : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

## अच्छा खेलिए और अपना व जिला का नाम रोशन कीजिए : आर रामकुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** युवा सद्भावना मंच के द्वारा सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन आज मंगलवार को बीएस कॉलेज स्टेडियम मैदान में कैरो और पेशरार के बीच किया गया। इस मैच में पेशरार की टीम ने कैरो की टीम को 6 विकेट से हरा दिया। पुरस्कार वितरण के मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला प्रशासन हमेशा खिलाड़ियों की मदद के लिए खड़ा है। अच्छा खेलने के लिए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करने की। पुलिस अधीक्षक आर0 रामकुमार ने कहा कि हर दिन आप अपनी गलती और अपनी अच्छी चीजें हमेशा एक नोटबुक में लिखिए और हमेशा उसको सुधारने के लिए मेहनत करते रहिए। अच्छा खेलिए और अपना और जिला का नाम रोशन कीजिए। साथ ही साथ



भाईचारा हमेशा बनाए रखें। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि जिला प्रशासन हर खेल के खिलाड़ियों के लिए प्रयासरत है। बस आप सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि अच्छा खेल खेलिए और मेहनत लगातार करते रहिए। एक ना एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। इससे पूर्व मैच की शुरुआत के कैरो की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कैरो की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 134 रन ही बनाया। टीम की ओर से अनिकेत ने 32,मनीष और शिवा ने 25-25 रन बनाये। गेंदबाजी में पेशरार की टीम की ओर से सुमित ने 3 आकाश ने 2 विकेट तथा पुलिस अधीक्षक आर0 रामकुमार सर ने भी दो विकेट लिये। जवाबी पारी खेलने उतरी पेशरार की टीम ने 18 ओवर में ही 4 विकेट खोकर 136 रन बना लिये। टीम की ओर से विशाल ने 35,आर्यन ने 26 तथा अफरीदी राजा ने 20 रन बनाये। कैरो के टीम के तरफ से गेंदबाजी में जयजीत ने 2 विकेट तथा जतिन 1 विकेट लिया। मैच का मैन ऑफ द मैच सुमित भगत को दिया गया। आज के मैच में उपस्थित लोहरदगा जिला क्रिकेट संघ के ज्वाइंट सेक्रेट्री दुर्गा प्रजापति,जिला कुश्ती संघ के सचिव अजीत भगत,परनीत सिंह एवं वार्ड पार्षद दिनेश पांडेय समेत बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे। मैच के आयोजन में क्रिकेट कोच अमित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# न्याय के लिए बिगुल फूंक चुकी है युवा कांग्रेस : विशाल डुंगडुंग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को लोहरदगा युवा कांग्रेस कमिटी द्वारा राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में सत्याग्रह मार्च राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय से नदिया स्थित वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर समाप्त की गई। जिलाधक्ष विशाल डुंगडुंग ने बताया कि आखिर मोडानी संबंधों का राज क्या है। अडानी ग्रुप में शेल कंपनियों के माध्यम से निवेशित 20000 करोड़ रुपए किसके हैं। इन पर सवाल पूछने पर श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई। इस सत्याग्रह मार्च के माध्यम से मोदी सरकार की अलोकतांत्रिक तानाशाही चरित्र को पर्दाफाश करना है युवा कांग्रेस अब मैदान में उतर गई है राहुल गांधी के न्याय के लिए बिगुल फूंकी जा चुकी है। जिला उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी ने कहा कि मोदी सरकार सत्ता के नशे में चूर है वे राहुल गांधी को संसद से निकाल सकते हैं लोगों के दिलों से नहीं, भारत जोड़ो यात्रा के जनसमर्थन से मोदी सरकार घबरा गई है और सदन में अडानी से उनके संबंध में प्रश्न पूछा गया तो उनकी स्थिति खिस्यानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हो गई है। जिला उपाध्यक्ष दुर्गा उरांव ने कहा कि युवा कांग्रेस सत्याग्रह,संघर्ष और संग्राम के लिए तैयार है जिला,राज्य से लेकर चरणबद्ध कार्यक्रम किए जाएंगे और जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक पहुंच कर राहुल गांधी जी सत्य अहिंसा प्रेम और भाईचारे के आवाज को बुलंद करेंगे।

# आंजन धाम जाने वाले श्रद्धालुओं का महाकाल क्लब द्वारा भव्य स्वागत किया गया



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के हटिया से चलकर आंजन धाम जाने वाले श्री रामनवमी श्रृंगार समिति के अध्यक्ष मिथलेश्वर मिश्रा की अगुवाई में करीब सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु बेड़ो रोड से होते हुए जा रहे थे। लोहरदगा सीठीयो नदी के समीप महाकाल क्लब चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरतर के अध्यक्ष रितेश वर्मा (कुणाल) की अगुवाई में भव्य स्वागत किया। रामनवमी श्रृंगार समिति के सदस्यों को साफा पहनाकर स्वागत किया साथ ही जलपान की भी व्यवस्था की गई थीं। मनोकामना मंदिर बरवा टोली में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रामनवमी श्रृंगार समिति के अध्यक्ष मिथलेश्वर मिश्रा ने बताया कि रजत जयंती के अवसर पर आज आंजनधाम तीर्थ क्षेत्र दर्शन के लिए निकले हैं। यहां पर महाकाल क्लब के द्वारा किया गया स्वागत से मन विभोर हो गया, सभी का हार्दिक अभिनंदन करते हैं। महाकाल क्लब के अध्यक्ष रितेश वर्मा ने कहा कि हटिया से चलकर आए लोगों का ह्रदय से स्वागत करते हैं. जिस प्रकार प्रत्येक दिन आंजन धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं हमारी हार्दिक इच्छा है कि आंजन धाम जल्द से जल्द आंजन धाम तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित हो। इस स्वागत समारोह में केंद्रीय महाबीर मंडल के चंदन गोयल,निश्चय वर्मा, दिवेश साहू, पप्पू सिंह, मनीष राजगढ़िया, शंकर शर्मा, शुभम जायसवाल, विवेक वर्मा,अमर साहू, सूरज वर्मा, अमित महतो, सचिन सिन्हा, आर्यन आदि महाकाल क्लब के सदस्य मौजूद थे।

# लोहरदगा में आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम होगा ऐतिहासिक : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 5 अप्रैल को लोहरदगा समाहरणालय मैदान में आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक सहित प्रदेश के नेता गण शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मंगलवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू किस्को प्रखंड के ग्राम आरेया, निरहू, चरहू, महूगांव, तेतरदाड गांवो का दौरा कर वहां के कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर 5 अप्रैल को समाहरणालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील किए। मौके पर श्री साहू ने कहा कि झारखंड के प्रभारी 13 दिवसीय दौरे पर झारखंड आए हैं। वह 1950 किलोमीटर की जय भारत सत्याग्रह यात्रा में शामिल होंगे जिसकी शुरुआत कल लोहरदगा जिला से होगा ।श्री साहू ने कहा कि देश अभी संक्रमण काल से गुजर रहा है। केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए कांग्रेस के लोकप्रिय नेता आदरणीय राहुल गांधी की सदस्यता को साजिश के तहत रद्द करवा दी गई है। राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक भ्रष्टाचारी उद्योगपति अदानी के खिलाफ मुखर होकर जनता की आवाज बुलंद करते रहे हैं ।मोदी सरकार के तानाशाह कार्रवाई के खिलाफ पूरे देश में कांग्रेसी आंदोलित है। श्री साहू ने कहा कि कल लोहरदगा में कांग्रेसका ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा जहां से 2024 के लोकसभा चुनाव में तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जाएगा। मौके पर खलील खलीफा, अयूब खान, मोहन उरांव, सुखराम उरांव, बाबर खान, बबलू खान, कामेश्वर पांडे, माजिद खान, अब्दुल खान, तबरेज खान, शंकर उरांव, महबूब खान, इम्तियाज खान, दिनेश उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# डायभरसन में टैंकर पलटने से चालक घायल उपचालक लापता सूचना पर पहुंची पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** कुंदगड़ी मोड़ के समीप डायभरसन में टैंकर पलटा चालक को आई हल्की चोटे उपचालक लापता घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच। सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप डायभरसन में राउरकेला से आ रही टैंकर ओ डी 14 वाई 9108 पलटने से चालक को आई हल्की चोट वहीं उपचालक का पता नही चल रहा है। बताया जाता है कि चालक सत्येंद्र राम घटना के पूर्व उपचालक को गाड़ी से कूदने की बात बोलते ही गाड़ी अनियंत्रित हो पलट गया जिससे चालक को हल्की चोटें आई है। उपचालक का पता नही चल रहा है। जिसको लेकर संदेहात्मक चर्चा भी किया जा रहा है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के निर्देश पर स0आ0नि0 पवन सोरेन दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना का



जायजा लेते हुए घायल चालक को इलाज हेतु सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चालक सत्येंद्र राम ने कहा कि ट्रैंकर में राउरकेला से कल्टर तेल लोड कर यूपी सोनभद्र जा रहे थे। कि डायभरसन के समीप पहुंते ही स्टेरिंग फेल हो गया। और गाड़ी अनियंत्रित हो डायभरसन के किनारे पेड़ को टक्कर मारते हुए गढे में उतरने के कारण पलटी कर गया। जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बता दें कि वाहन तेज रफ्तार से आ रहा था। और अचानक एन एच 143 ए पथ ब्लॉक देख चालक डायभरसन की ओर मोड़ा जिससे गाड़ी अनियंत्रित हो पथ से नीचे उतरने के कारण पलटी होने की बात बताई जा रही है। वहीं उपचालक का घटना स्थल पर नही होने की बात पर पुलिस द्वारा भी छानबीन किया जा रहा है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि गाड़ी पलटने से पहले उपचालक कूद कर भाग गया होगा। घटना के पश्चात पुलिस द्वारा टैंकर उठाने के दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# आंदोलनकारियों ने आरोप करता के विरुद्ध करवाई हेतु सेन्हा थाना में दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखंड आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा का प्रखंड स्तरीय बैठक कर निर्णय लेते हुए आरोप करता के विरुद्ध कारवाई हेतु सेन्हा थाना में आंदोलनकारियों ने दिया आवेदन। सेन्हा प्रखंड में झारखंड आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा का बैठक प्रखंड अध्यक्ष भीखराम उराँव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा के सदस्यों का मान सम्मान पर चर्चा करते हुए आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो,जिला संयोजक रामनंदन साहू एवं अमानत अंसारी पर सीता उराईन द्वारा लगया गया आरोप को बेबुनियाद बताते हुए सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देते हुए मामला से अवगत कराया गया है। साथ ही कानूनी कारवाई का भी मांग किया गया है। बताया जाता है कि बुटी निवासी रामदयाल उराँव की पत्नी



सीता उराइन राजनीतिक षड़यंत्र के तहत आरोप लगाई है कि झारखंड आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा के चिंहिती करण में सदस्यों से 15 सौ रुपया का मांग किया जाता है। बताते हुए कहा कि यह आरोप झारखंड चिंहिती करण आयोग हिनू रांची कार्यालय परिसर में रिकॉर्डिंग के माध्यम से लगाया गया है। जिसके आलोक में झारखंड आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा प्रखंड स्तरीय आंदोलन कारी साथियों ने कहा यह आरोप चुटिया धुमसा टोली रांची निवासी राजू महतो के बहकावे में सीता उराईन द्वारा लगया जा रहा है। इस संदर्भ में आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष भीखराम उराँव सदस्य सुरेश भगत, सैनुल अंसारी, तुलसी साहू, प्रदीप उराँव, तेजु उराँव मंगलेश्वर उराँव सहित 31 सदस्यों ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए सेन्हा थाना में अर्जी लगते हुए आरोप करता के विरुद्ध कारवाई का मांग किया गया है।

# बीडीओ मनोरंजन कुमार ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों का सम्मानित किया गया। राजस्थान के कोटा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में 28 से 31 मार्च तक हुई 36 वा सब जूनियर और पांचवी कैडेट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लोहरदगा की 2 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें सब जूनियर वर्ग की अंडर 26 केजी में अंजली उराव ने ओडिशा और मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक वही आकांक्षा कुमारी अंडर 38 केजी ने लद्दाख और आंध्र प्रदेश के खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही। लोहरदगा जिले के तहत मंडल संघ के पूर्व सचिव अरविंद यादव ने बताया कि 28 से 31 मार्च तक राजस्थान कोटा यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट कंपलेक्स में 36 वीं सब जूनियर और पांचवी कैडेट प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में झारखंड टीम ओलंपिक विजेता टीम रही विजेता



खिलाड़ियों की उपलब्धि से राधिका जिले के सभी खिलाड़ियों व पदाधिकारियों में खुशी की लहर हैं। बताया कि सभी खिलाड़ियों के वापस आने पर प्रखंड कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार के द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिसमें उपस्थित ताइक्वांडो संघ के उपसचिव सह जिला कोच अरविंद यादव और रितेश कुमार साहू कोच ज्योतिष उराव, दीपक कुमार, संदीप यादव, बंदे उरांवअभिमन्यु सहित खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना किए।

# राम नवमी पूजा के अवसर पर अघरमां में राम-रहीम सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

## भारत की संस्कृति गंगा जमुना तहजीब की देती है सीख : संदेश एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** राम नवमी पूजा के अवसर पर मंगलवार को कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत अघरमा में राम रहीम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम, उप प्रमुख सुनीता देवी मुखिया अंजु रीना मिंज के द्वारा रिबन काट कर किया गया। इधर लोगों को संबोधित करते हुए संदेश एक्का ने कहा बहुत खुशी की बात है कि यहां पर सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारा एकता और सौहार्दपूर्ण तरीके से राम नवमी का पर्व को मनाया यहां पर राम रहीम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें



सभी लोगों ने अपनी भूमिका दिखाई जिससे पता चलता है कि भारत की सभ्यता और संस्कृति में हमें गंगा जमुना की तहजीब सिखाती है। हमें सभी समुदाय के साथ मिलकर रहने की आवश्यकता है ताकि समाज का भला हो सके। वर्तमान परिस्थिति में सभी समुदाय में युवा पीढ़ी गलत राह पर चल रहे हैं ।जिसे सुधारने की आवश्यकता है ।इसलिए सभी लोग आपसी मेलजोल के साथ रहते हुए समाज को एक नई दिशा दें ताकि समाज आगे बढ़ सके और इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने से विलुप्त होती संस्कृति का संरक्षण होता है। कार्यक्रम में लिटिल स्टार म्यूजिकल ग्रुप की टीम द्वारा अपनी सुर में शादी है जबकि झारखंड के मशहूर कलाकार कयूम अब्बास बिंदेश्वरी देवी सुहाना देवी पंचम राम बाबूलाल नायक जबकि डांसर में मिस काव्या एवं मिस दीपिका उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष अयूब खान, उपाध्यक्ष बलदेव राम, सचिव अफरोज खान, उप सचिव संतोष बड़ाईक, कोषाध्यक्ष अशोक साहू, उप कोषाध्यक्ष अफरोज आलम, जबकि संरक्षक कार्तिक सिंह असलम खान, सुरेंद्र लोहरा, अकबर खान, देवेंद्र साहू को बनाया गया। इधर कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी।

# ओड़गा में हुआ जन संवाद कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड के ओडगा पंचायत भवन में मिशन बदलाव एससी-एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष जोजो की अध्यक्षता में ओडगा मुखिया समिति, वार्ड सदस्यों तथा मिशन बदलाव के सदस्यों के साथ जन संवाद कार्यक्रम के तहत बैठक किया गया। बैठक में पंचायत के द्वारा संचालित सभी योजना को धरातल में उतारने की बात कही गई। पलायन क्यों होता है तथा पलायन रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही गई। ओडगा मुखिया मुकुट समद द्वारा कहा गया कि हर महीने के अंतिम रविवार को ग्राम सभा का बैठक रखा जाएगा तथा हर वार्ड में भी एक-एक बैठा रखा जाएगा। मिशन बदलाव के एससी एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष जी ने कहा पंचायत में हो रही है विकास कार्य में सभी की भागीदारी होनी चाहिए तथा शिक्षा को बेहतरीन करने के लिए हर माह पंचायत के अंतर्गत जितने भी विद्यालय हैं उस पर निरीक्षण किया जाए। इस मौके पर मिशन बदलाव के जिला अध्यक्ष तुलसी साहू, ओडगा पंचायत समिति सदस्य सह मिशन बदलाव सदस्य दीपक कुमार महतो, मिशन बदलाव के सदस्य असलम का पतरस लोमगा, रवि गोप, छोटू बड़ाईक, जितेंद्र महतो, अनु खान वार्ड सदस्य में रोहित राणा, माहेश्वरी खेस्स, मरसलान जोजो, सुलेमान जोजो तथा गणमान्य लोगों उपस्थित हैं।

## जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन करते कांग्रेसी

# जिलास्तरीय जय भारत सत्याग्रह में जुटेंगे हजारों कांग्रेसी : सुखेर भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी पांच अप्रैल को जिला स्तरीय जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम की सफलता एवं तैयारियों का जायजा लेने कांग्रेसियों का विशेष दल मंगलवार को समाहरणालय के समाने स्थित मैदान में बन रहे पंडाल का निरीक्षण करने पहुंचे। विशेष निरीक्षण दल में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह लोहरदगा प्रभारी आशिक अंसारी, जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल, मोहन दुबे, प्रभात भगत, शाहिद अहमद बेलू, सामूल अंसारी,अनमोल तिर्की, परवेज सिद्दीकी, मुस्ताक



अहमद, कुणाल अभिषेक, जुगल भगत, विनोद सिंह खेरवार, जमील अंसारी, मीर रिजवान आदि शामिल थे। बन रहे पंडाल का निरीक्षण के उपरांत जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में तैयारियों की विशेष समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें सुखै़र भगत ने बताया कि आगामी 5 अप्रैल को जिलास्तरीय जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम का विशाल आयोजन लोहरदगा समाहरणालय स्थित मैदान में पूर्वाहन 10.00 बजे से महाजुटान होगा, जो अद्वितीय होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा राहुल गांधी जी की सदस्यता को रद्द किए जाने के विरोध में यह यह विशेष महाजुटान होगा। जिसमें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे जी विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे,साथ ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, क्षेत्र के लोकप्रिय नेता राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की जी उपस्थित रहेंगे। साथ ही कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कई मंत्री, विधायक गण एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। हाजी शकील अहमद ने कहा कि राहुल गांधी को न्याय दिलाने के लिए लोहरदगा जिले से बिगुल फूंकी जाएगी, जिसमें जिले भर से हजारों हजार की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्त्ता शामिल होंगे।

# कांग्रेस पार्टी का लगातार चल रहा है सत्याग्रह कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मंगलवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बांसजोर प्रखण्ड के सिहरजोर में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम प्रखण्ड अध्यक्ष बर्थलोमी तिर्की के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम,रावेल लकड़ा उपस्थित थे। नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए श्री आलम ने कहा कि आज भारत देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।अब डर है कि चोर को भी चोर नहीं कह सकते हैं। क्यों कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी ने देश का पैसा लेकर चले जाने वाले पर जब आवाज बुलंद किया तो भारतीय जनता पार्टी के नेता द्वारा गुजरात में केस दर्ज करा दिया जाता है।भाषण हुआ कर्नाटक में, जिसके ऊपर बात आई वो केस नहीं करता है, परन्तु दुसरे राज्य गुजरात में दुसरे व्यक्ति के द्वारा मानहानि केस किया गया।वही व्यक्ति केस पर रोक लगवा देता है।जब आदरणीय श्री



राहुल गांधी जी संसद में सरकार से सवाल उठाते हैं कि बताया जाए कि बीस हजार करोड़ रुपए जो अडानी के सेल कम्पनी में लगाया गया है तो जवाब तो नहीं मिलता है।साथ ही साथ संसदीय कार्य से उक्त वक्तव्य को हटा दिया जाता है। फिर जो केस पर दुर्गेश मोदी रोक लगवा दिए थे उसे पुनः चालू करवा दिया जाता है।आनन फानन में सी जी एम कोर्ट में मानहानि पर दो साल का सजा सुनाई जाती है। ठीक अगले दिन आदरणीय श्री राहुल गांधी का सांसदी को समाप्त कर दिया जाता है, इतना ही नहीं आनन फानन में उनके आवास को भी खाली करने का पत्र थमा दिया गया। सिर्फ एक बात पर कि अडानी के सेल कम्पनी में बीस हजार करोड़ रुपए किसका है। इससे साफ जाहिर होता है कि भारत में लोकतंत्र को समाप्त कर तानाशाही तंत्र चलाने की प्रक्रिया हो रही है। हमें आपको सजग रहने की आवश्यकता है। नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि आज भारत देश गुलामी की ओर बढ़ रहा है।देश में मंहगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है,देश में आपसी सौहार्द को बीगाड़ दिया जा रहा है, हिन्दू को मुस्लिम से, सरना को ईसाई से लड़ाने का कार्य हो रहा है।यही कारण है कि आदरणीय श्री राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक किए। नतीजा घर घर से आम जनता निकल कर अपनी समस्यायों से श्री राहुल गांधी को बताया। लोगों का अपार जनसमर्थन और प्यार कांग्रेस और राहुल जी को मिला। लोगों ने हर जगह मंहगाई की बात कही। माननीय श्री राहुल गांधी ने लोगों को कहा कि निश्चित रूप से देश के गरीब लोग मंहगाई से त्रस्त है।इस बात को लोक सभा के सदन में भी बहस करने और उसपर निराकरण करने की बात केन्द्र सरकार से की,बहस या निराकरण तो नहीं हुआ परन्तु आवाज को दबाने के लिए श्री राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त कर दिया। लेकिन भाईयों राहुल गांधी ने कहा है कि भले ही मुझे संसद से बाहर कर दिया गया है,पर मैं चुप बैठने वाला नहीं हूं। मैं सवाल उठाते रहुंगा। कार्यक्रम में जिला महासचिव हीरालाल एक्का, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, तुलसी नाग, ओलीभर बागे, कलीन साहू, नमजन बागे, रसियन खेस सभी पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष गण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### राज्यपाल से मिले आईआईएम के निदेशक



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को आईआईएम रांची के निदेशक डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने राजभवन में भेंट कर संस्थान की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया।

### झारखंड की तीन हॉकी खिलाड़ी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए आमंत्रित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप साई सेंटर, बेंगलुरु में 10 अप्रैल से 27 मई तक लगेगा। इसके लिए झारखंड की तीन महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है।हॉकी इंडिया के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आरके श्रीवास्तव ने हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह को पत्र लिखकर बताया है कि दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और काजल बाड़ा को राष्ट्रीय कैंप के लिए बुलाया गया है। तीनों ही खिलाड़ी सिमडेगा जिले की हैं। महिमा टेटे सिमडेगा जिला सदर प्रखंड के बरकीछापर गांव की रहने वाली हैं। वे ओलंपियन सह एशिया महादेश की एथलीट एंबेसडर सलीमा टेटे की छोटी बहन हैं। दीपिका सोरेंग और काजल बाड़ा सिमडेगा के ही केरसई प्रखंड अंतर्गत करंगागुडी की रहने वाली हैं। दीपिका और महिमा टेटे पूर्व में भी जूनियर भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।तीनों खिलाड़ियों के इंडिया कैंप में आमंत्रण पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, चंद्राणी मजूमदार, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, सीईओ रजनीश कुमार सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### मुख्यमंत्री से मिले कार्टूनिस्ट मनोज सिन्हा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कार्टूनिस्ट और कैरिकेचर कलाकार मनोज सिन्हा ने औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने खुद से उकेरी गई दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री की तस्वीर भेंट की।मुख्यमंत्री ने सिक्किम के नाथुला में हिमस्खलन से कुछ लोगों की मौत और कुछ लोगों के वहां फंसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि परमात्मा मृत आत्मा को शांति प्रदान करे और उसके परिवार को दुख सहने की क्षमता दे। साथ ही हिमस्खलन में फंसे लोगों की कुशलता की कामना की।

## समाज का दर्पण होता है पत्रिका : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के बायपास रोड के जेएमपी कॉम्प्लेक्स के दृश्यम शैक्षणिक संस्थान में मासिक पत्रिका अरण्य वाणी के अप्रैल अंक का विमोचन किया गया। विमोचन करने वालों में बतौर मुख्य अतिथि अविनाश देव, पत्रिका के संपादक विनोद सागर, संपादन सहयोगी प्रो. डॉ. आलोक रंजन कुमार, दृश्यम संस्थान के निदेशक प्रवीण दुबे, प्रवीण पाठक, प्रखर समाजसेवी ललन प्रजापति, नवनीत दुबे, डॉ. विकास शर्मा, कौशल पटेल, पंकज निराला, पीयूष सर, अजीम सर, अच्छेलाल प्रजापति,




कनक पांडेय, ज्योति वंदना, अफरीना खान आदि ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद सागर ने की, वहीं मंच संचालन ललन प्रजापति ने किया। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि पत्रिका समाज का दर्पण होती है और यह सच्चाई अरण्य वाणी में साफ तौर पर झलकती है। आगे उन्होंने कहा कि विनोद सागर के संपादन में जहाँ पत्रिका देश स्तर पर सकारात्मक पैठ बना चुकी है, वहीं अरण्य वाणी की बदौलत पलामू का साहित्यिक गौरव भी प्रबल हुआ है। मौके पर दृश्यम संस्थान के निदेशक प्रवीण दुबे ने कहा कि हमें अपार खुशी हो रही है कि हमारे शैक्षणिक संस्थान में अरण्य वाणी का विमोचन हो रहा है। निःसंदेह शिक्षा और साहित्य के मिलन से समाज में एक नई क्रांति होगी। मौके पर कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अजीम सर ने किया। इस मौके पर अंशु प्रिया, श्रेया कुमारी, मीमांशा मिस्ट्री, रुपा कुमारी, प्रिया पांडेय, मुस्कान कुमारी, श्रृंखला, रिजवान खुरैशी, अभिषेक कुमार मेहता, कलश अखौरी आदि ने सराहनीय भूमिका अदा की।

## जल जीवन मिशन के तहत 60 प्रतिशत कवरेज हासिल

एजेंसी

**नई दिल्ली:** देश में जल जीवन मिशन के तहत मंगलवार तक 60 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने लगा है। भारत में 1.55 लाख से अधिक गांवों (कुल गांवों की संख्या का 25 प्रतिशत) को अब हर घर जल पहुंच रहा है यानी इन गांवों के प्रत्येक घर के अपने परिसर में नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार चालू वर्ष में जनवरी से मार्च 2023 तक जल जीवन मिशन के तहत प्रति सेकंड एक नल कनेक्शन प्रदान किया गया है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसमें वर्ष 2023 के पहले तीन महीनों के दौरान प्रतिदिन औसत रूप से 86,894 नए नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य सभी ग्रामीण परिवारों को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर पर्याप्त मात्रा में (55 एलपीसीडी) पर्याप्त दबाव के साथ निर्धारित गुणवत्ता का पानी उपलब्ध कराना है। जल जीवन मिशन की समग्र वित्तीय प्रतिबद्धता 3600 बिलियन (43.80 बिलियन अमेरिकी डॉलर) रुपये है, जो इसे विश्व का एक सबसे बड़ा कल्याणकारी कार्यक्रम बनाती है। अगस्त 2019 में इस मिशन के शुरुआत के समय 19.43 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से केवल 3.23 करोड़ (16.65 प्रतिशत) परिवारों के पास ही नल का पानी उपलब्ध था।

## परिवारवादी पार्टियों को लोकतंत्र पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : दीपक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को समाप्त करने का आरोप लगाया है। प्रकाश ने कहा कि परिवारवादी पार्टियों को लोकतंत्र पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। झामुमो जैसी परिवारवादी पार्टी राजतंत्र की मानसिकता से ग्रसित हैं। झामुमो बताए जिस पार्टी में पिता अध्यक्ष, पुत्र कार्यकारी अध्यक्ष, मां उपाध्यक्ष और भाभी एवं भाई सभी केंद्रीय पदाधिकारी हों उसमें कौन सी लोकतांत्रिक व्यवस्था चल रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत बताएं आपातकाल लगाकर देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश करने वाली कांग्रेस से लोकतंत्र का कैसे भला होगा। प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस और उसकी परिक्रमा करने वाली झामुमो, राजद, समाजवादी पार्टी, तृणमूल आदि सभी क्षेत्रीय पार्टियां मिलकर देश में परिवार तंत्र लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी। भारत की आत्मा लोकतंत्र है। यहां के डीएनए में लोकतंत्र है।

## भुखमरी : पाकिस्तान की जनता आटे की लूटपाट पर उतारू

एजेंसी

**करांची :** सबसे बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में अब हाल और भी बेहाल हो चुके हैं. पेट की आग बुझाने के लिए आम जनता आटे की लूटपाट पर उतारू है और उसे काबू में करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को बंदूकों का सहारा लेना पड़ रहा है. इस बीच हाल ही में कराची में सस्ता आटा और राशन लेने आई भीड़ भगदड़ का शिकार हो गई है. इसमें 11 लोग मारे गए, जिसमें 3 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं. देश में महंगाई कई दशकों के चरम पर पहुंचने से लोग जरूरी चीजों को खरीदने के लिए भी मोहताज हैं और चोरी-चकारी कर रहे हैं. बीते कुछ महीनों में ही कंगाल




पाकिस्तान में अपराधिक आंकड़ों में तगड़ा उछाल आया है. ऐसे हालातों के बीच जून में पाकिस्तान को करीब 3 अरब डॉलर का कर्ज भी चुकाना है, जो उसके वर्तमान परिस्थितियों में उसके लिए एक बड़ी मुसीबत बन चुकी है।पाकिस्तान की हालत हर बीतते दिन के साथ खराब होती जा रही है और आम जनता का आक्रोश बढ़ता जा रहा है. जैसे-जैसे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में गिरावट आ रही है, महंगाई हर महीने नए उच्च स्तर पर पहुंचने का रिकॉर्ड बना रही है. देश के आम आदमी को गुजारा मुश्किल होता जा रहा है और उन्हें इस परेशानी से बाहर निकालने में शहबाज सरकार ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं.

## डीजीपी ने पांच माओवादी को मारने वाले जवानों को किया पुरस्कृत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** चतरा मुठभेड़ में मिली सफलता के बाद राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह आज हवाई मार्ग से चतरा के लावालौंग पहुंचे। जहां सबसे पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद डीजीपी का काफिला लावालौंग सीआरपीएफ कैंप पहुंचा। जहां डीजीपी ने मुठभेड़ में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाते हुए उनके बीच इनाम की राशि वितरण की। इस मौके पर डीजीपी अजय कुमार सिंह, सीआरपीएफ के एडीजी वितुल कुमार, एडीजी अभियान संजय आनंद राव लाटकर, आईजी अभियान एवी होमकर, डीआइजी नरेंद्र सिंह, सीआरपीएफ के डीआईजी डीके चौधरी, एसपी राकेश रंजन, 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार मौजूद थे। सीआरपीएफ के एडीजी वितुल कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पिछले 2



वर्षों में पुलिस को नक्सलियों के विरुद्ध अच्छी सफलता मिली है। पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के नेतृत्व में झारखंड राज्य में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के विरूद्ध रणनीति युक्त लगातार करारा प्रहार किया जा रहा है। शीर्ष उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए झारखंड पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे योजनाबद्ध नक्सल अभियान काफी प्रभावशाली सिद्ध हो रहे हैं। झारखंड के चतरा एवं पलामू के सीमांत इलाके में झारखंड पुलिस की गुप्त सूचना पर भाकपा माओवादी) के इस इलाके में सबसे सक्रिय एवं कुख्यात मारक दस्ते पर बड़ी कार्रवाई हुई है। चतरा पुलिस, 203 कोबरा टीम तथा सीआरपीएफ 134 बटालियन के जवानों ने पांच शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया है। इस संयुक्त अभियान में नक्सलियों का एक बड़ा कैंप भी ध्वस्त कर दिया गया है। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा कि चतरा-पलामू सीमांत इलाके पर मिली बड़ी सफलता से नकसलियों की कमर टूट गई है। कहा कि निश्चित तौर पर हमारे जवान प्रोत्साहन के योग्य हैं और उन्हें आगे की रणनीति के लिए भी कह निर्देश दिए गए हैं। गौतम पासवान की टीम को माओवादियों के एक सशक्त दस्ते के रूप में जाना जाता था जो लगातार कई वर्षों से पुलिस बल एवं आम लोगों को क्षति पहुंचा रहा था। यह झारखंड पुलिस के लिए बहुत बड़ी सफलता है। उग्रवाद उन्मूलन में झारखंड पुलिस की चौतरफा कार्रवाई जारी है। झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ कुशल नेतृत्व, रणनीति और दृढ़ संकल्प के साथ नक्सलियों के खात्म के लिए कटिबद्ध है। पुलिस का दावा है अन्य नक्सली भी पुलिस के गोली से घायल हुए जिसकी पड़ताल जारी है। मुठभेड़ के बाद चतरा जिला के पुलिस जावनो के हौसले बुलंद है। आगे भी नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलता रहेगा।

## सांसद सांस्कृतिक महोत्सव पांच से

**रांची :** सांसद सांस्कृतिक महोत्सव पांच से सात मई तक आयोजन होगा। ऑड्रे हाउस, रांची में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस महोत्सव के जरिये अपना हुनर दिखाने की इच्छा रखने वाले विभिन्न विधाओं के कलाकार 20 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। रांची सांसद संजय सेठ ने बताया कि कला-संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन हो रहा है जो ऐतिहासिक होगा। प्रतिभागी निर्धारित समय तक इसके लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। रांची लोकसभा क्षेत्र के जो कलाकार इसमें भाग लेना चाहते हैं, वो विभिन्न विधाओं के कॉर्डिनेटर से संपर्क कर सकते हैं। थिएटर स्क्रिप्ट, जनजातीय नृत्य व संगीत, थीम आधारित कोरियोग्राफी, फोक और पारंपरिक नृत्य, ट्राइबल इंस्ट्रूमेंट, ग्रुप सॉन्ग और अन्य विधाओं के लिए समन्वयक तय किये जा चुके हैं।

## देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की हो रही कोशिश : अविनाश पांडेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होने पर केंद्र सरकार के खिलाफ झारखंड कांग्रेस के चरणबद्ध आंदोलन में हिस्सा लेने मंगलवार देर शाम प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय रांची पहुंचे। उन्होंने भाजपा पर जमकर भड़ास निकाली। पांडेय ने कहा कि भाजपा की कोशिश देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की है। इसी को नाकामयाब करने के लिए कांग्रेस ने जब सवाल उठाए तो भाजपा ने उनका मुंह बंद करने की कोशिश की है।



छाया : नसीम

अविनाश पांडे ने रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत होती है। सवाल पूछना इसमें विपक्ष की अहम भूमिका होती है लेकिन अब सवाल पूछने पर अगर हमारे नेता की सदस्यता रद्द कर दी जाए, तो इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी शांतिपूर्ण तरीके से जन आंदोलन कर रही है।

उन्होंने कहा कि पांच अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रदेश के सभी 24 जिलों में सभाएं की जाएंगी। इसके जरिए कांग्रेस पार्टी के साथ जितने भी संगठन हैं एक साथ आवाज उठाएंगे।

इसके अलावा कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्या को सदन तक पहुंचाने का भी काम किया जाएगा। पांडेय ने कहा कि भले ही चुनाव करीब हों लेकिन हमारे कार्यक्रम का उद्देश्य चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि जनता को जागरूक करना है।

एनसीईआरटी किताब से मुगलों के चैप्टर को हटाने पर कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि ये बहुत ही दुखद है। पूरे मामले पर कांग्रेस की नजर है। जिस तरह से देश में तुगलकी फरमान चल रहे हैं उससे कहीं ना कहीं आम जनता परेशान है।

## विश्वसनीयता की चुनौती को जो स्वीकार करेगा वही देशवासियों के दिलों पर राज करेगा : राजनाथ




एजेंसी

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय राजनीति में लोगों का नेताओं पर विश्वास कम होता जा रहा है, क्योंकि उनकी कथनी और करनी में अंतर है। भगवान राम की मिसाल देते हुए उन्होंने कहा कि देशवासियों के दिलों पर वही व्यक्ति राज करेगा, जो विश्वसनीयता के संकट को चुनौती की तरह स्वीकार करेगा। केन्द्रीय मंत्री ने आज डॉ धीरज भटनागर द्वारा गोस्वामी तुलसीदास के अवधी में लिखे रामचरितमानस के हिन्दी (खड़ी बोली) काव्यानुवाद का विमोचन किया। सीरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार व अन्य संत उपस्थित थे। सुन्दर काण्ड के हिंदी अनुवाद को संगीत रूप में यू-ट्यूब के लिए लोकार्पित किया गया। प्रख्यात गायकों द्वारा सुंदर कांड (हिन्दी अनुवाद) के अंशों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सरकार राम राज के आदर्श को सफल बनाने की दिशा में काम कर रही है। राम राज में सभी का कल्याण सुनिश्चित किया गया था। वर्तमान सरकार भी किसानों, युवाओं, महिलाओं, पिछड़ों और वंचितों सभी के लिए काम कर रही है। हम यह नहीं कहते की राम राज स्थापित हो गया लेकिन हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी ने रामचरितमानस को लोकभाषा में रचा और उसी परंपरा को आगे बढ़ाने का काम धीरज भटनागर ने किया है। उन्होंने अवधी बोली से इसे खड़ी बोली में काव्यानुवाद किया है। आशा है कि उनका यह अनुवाद लोगों की अलमारी और हृदय में निवास करेगा। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राममंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि राम भक्तों को हलके में नहीं लेना चाहिए। राम भक्त जो सोचते हैं, वह करके दिखाते हैं। पहले हमसे पूछा जाता था कि राम मंदिर कब बनेगा लेकिन मोदीजी ने राममंदिर का भूमिपूजन किया और इसी साल उसका निर्माण पूरा हो जाएगा।

राम नवमी के दौरान हुए दंगों पर ठाकुर ने कहा कि दुर्भाग्य है कि आज कुछ मुख्यमंत्री इलाकों को धर्म के आधार पर बांट रहे हैं।

## कोझिकोड ट्रेन अग्निकांड के संदिग्ध को यूपी एटीएस ने बुलंदशहर से पकड़ा

**बुलंदशहर :** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने केरल के कोझिकोड में ट्रेन यात्रियों पर केमिकल डालकर आग लगाने के मामले में बुलंदशहर निवासी संदिग्ध आरोपित को हिरासत में लिया है। उससे अज्ञात जगह पर एटीएस टीम पूछताछ कर रही है। आरोपित के माता-पिता का कहना है कि उनका बेटा करीब दो महीने से घर में मौजूद है, बाहर गया ही नहीं। उनके बेटे को फंसाया जा रहा है। पुलिस को इस मामले की ठीक से जांच करनी चाहिए। एटीएस सूत्रों के मुताबिक कोझिकोड में दो अप्रैल की रात एक एक्सप्रेस ट्रेन में सीट पर बैठने को लेकर कुछ यात्रियों से विवाद हुआ था। इसमें एक युवक ने केमिकल डालकर कोच में आग लगा दी थी। इस हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई थी। कुछ यात्री झुलस गए थे। जांच के दौरान केरल पुलिस को घटनास्थल से एक बैग में मोबाइल मिला।

## इटालियन डेलीगेट ने रांची स्मार्ट सिटी का दौरा कर विकास कार्यों का लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** यूरोपियन यूनियन इंटरनेशनल अर्बन एंड रीजनल कॉपरेशन प्रोग्राम (आईयूआरसी) के तहत इटली का एक प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के लिए मंगलवार को रांची पहुंचा। इसमें इटली के रेजियो एमीलिया की डिप्टी मेयर कारलोटा बॉनविसिनी और उनके दो सहयोगी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने रांची में निर्माणाधीन रांची स्मार्ट सिटी का दौरा किया और स्मार्ट सिटी की सुविधाओं की जानकारी ली।

इस दौरान स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नंदक्योलियार ने उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए सारी जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल को कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर भी दिखाया गया। उन्होंने 656 एकड़ जमीन पर विकसित हो रहे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस शहर में क्या कुछ बुनियादी सुविधाएं



हैं और इनका क्या फायदा शहरी नागरिकों को मिलेगा इसकी जानकारी ली। इस दौरान रांची स्मार्ट सिटी की ओर से स्थापित कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर और उससे स्व संचालित रांची की ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कई लाइव डेमो भी देखा और यह जाना कि किस प्रकार इस सिस्टम से कमांड सेंटर में बैठकर पूरे शहर को एक साथ संबोधित किया जा सकता है। उन्हें बताया गया कि अपराध नियंत्रण और आपराधिक घटनाओं के उद्भेदन में भी इस सेंटर की महती भूमिका है। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की ओर से बताया गया कि नन मोटराईज्ड ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए रांची शहर में पब्लिक बाईसिकल शेयरिंग सिस्टम कार्यरत है, जिसका लाभ हर वर्ग के लोग ले रहे हैं। बच्चे और युवा शैक्षणिक कार्यों के लिए तो कई लोग आवागमन और कई युवा अपनी रोजी रोटी के लिए भी साइकिल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस क्रम में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने रांची में चल रहे साइकिल सेवा का आनंद लिया।

सदस्यों ने रांची स्मार्ट सिटी में विकसित हो रहे यूटिलिटी सर्विसेज की भी जानकारी और पूरे एबीडी क्षेत्र का भ्रमण किया। रांची स्मार्ट सिटी के जीएम और अन्य पदाधिकारियों ने शहर के विकास, उसमें दी जा रही अत्याधुनिक सुविधाओं, अपने तीन दिवसीय और पर्यावरण के लिहाज से किए गए उपायों की जानकारी दी।

रेजियो इमीलिया शहर के तकनीकी निदेशक ने भी अपने शहर पर आधारित प्रेजेंटेशन दिया और बताया कि उनके शहर में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिया क्या क्या सुविधाएं दी जा रही हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने रांची स्मार्ट सिटी के एबीडी क्षेत्र का साइकिल से भ्रमण किया और स्मार्ट सिटी में हो रहे कार्यों की प्रशंसा की।